www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
31 जनवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 27, 16 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण



गोपनीयता उल्लंघन मामले में पाक के पूर्व पीएम इमरान खान को 10 साल की सजा

P-15




### पटना में राजद नेता से ईडी ने किए सवाल, रांची में सीएम ने विधायकों संग बैठक की

# तेजस्वी से घंटों पूछताछ, हेमंत लामबंदी में जुटे

**65** से अधिक सवाल पूछे गए तेजस्वी से

**08** बजे रात ईडी के दफ्तर से बाहर निकले



पटना में मंगलवार को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे तेजस्वी यादव। • प्रेट्र



रांची में मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन ने विधायकों संग एकजुटता दिखाई। • हिन्दुस्तान

पटना/रांची, हि.ब्यू। प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन लिए जाने के मामले में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को करीब साढ़े आठ घंटे पूछताछ की। वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी की कार्रवाई के खिलाफ लामबंदी में जुट गए हैं।

राजद नेता तेजस्वी पटना स्थित ईडी दफ्तर में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे पहुंचे। पूछताछ रात करीब आठ बजे पूरी हुई। ईडी की टीम ने तेजस्वी से 65 से ज्यादा सवाल पूछे। इसके पहले तेजस्वी अपनी गाड़ी से ईडी के दफ्तर पहुंचे। वहीं, गेट के बाहर उनकी पार्टी के नेता और समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। सोमवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से ईडी ने करीब 10 घंटे पूछताछ की थी।

सूत्रों के अनुसार, ईडी ने तेजस्वी से अधिकतर सवाल उनके नाम से दिल्ली और पटना में मौजूद संपत्ति तथा उनके निदेशक मंडल वाली निजी कंपनी में निवेश से जुड़े पूछे। सूत्रों के मुताबिक, तेजस्वी ने प्रवर्तन निदेशायलय के अधिकतर सवालों के जवाब में अनभिज्ञता जाहिर की।

**दिनभर बैठकों का दौर :** उधर, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के खिलाफ लामबंदी में जुट गए हैं। उन्होंने दिल्ली से रांची लौटते ही सत्ताधारी गठबंधन के मंत्रियों और विधायकों संग आवासीय कार्यालय में दोपहर में बैठक की। वहीं, इसके बाद शाम सात से साढ़े नौ बजे तक विधायक दल की बैठक हुई।

### हेमंत निर्णय लेने के लिए अधिकृत

रांची में शाम को हुई विधायक दल की बैठक में सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री हेमंत को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया। इस संबंध में सभी विधायकों ने हस्ताक्षर कर हेमंत को अपना समर्थन जताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जो गुजरा और जो हो रहा है वह सबके सामने है। लेकिन हम लड़ेंगे और जीतेंगे।

### झारखंड के मुख्यमंत्री से पूछताछ आज

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी भूमि घोटाले में बुधवार दोपहर एक बजे से पूछताछ करेगी। ईडी के समन पर मुख्यमंत्री ने जांच पदाधिकारी को जवाब भेजकर 31 जनवरी को दोपहर एक बजे सीएम आवास में ही बयान दर्ज करने बुलाया है। ईडी को भेजे जवाब में मुख्यमंत्री ने लिखा कि अधिकांश ईडी के सवाल गलतफहमी से जुड़े हैं।

### राबड़ी, मीसा और हेमा से नौ को पूछताछ

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी बेटी सांसद मीसा भारती और हेमा यादव के अलावा उनके सीए अमित कातयाल और जमीन देकर रेलवे में नौकरी पाने वाले सात लोग आरोपी हैं। इन सभी को नौ फरवरी को दिल्ली में ईडी मुख्यालय बुलाया गया है।

> लड़े हैं, लड़ेंगे, जीते हैं, जीतेंगे। झारखंड की सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। अपने काम की बदौलत जनता के आशीर्वाद से राज्य में यही सरकार बनेगी।
>
> –हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

**पत्नी कल्पना पहली बार बैठक में दिखीं:** मुख्यमंत्री हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन पहली बार राजनीतिक बैठक में शामिल हुईं। तस्वीर जारी होते ही सियासी पारा चढ़ गया। कहा गया कि ईडी की कार्रवाई के चलते हेमंत के सामने विषम हालात पैदा होते हैं तो कल्पना सीएम पद संभालेंगी।

झामुमो के एक वरिष्ठ विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन के बेटे हैं। छल कपट की तोड़ के लिए वैकल्पिक रणनीति बनाई गई है। कहा कि हेमंत सियासी चक्रव्यूह रचना को भेदना बखूबी जानते हैं।

› भरी हुंकार P08

# राजधानी में 13 वर्ष बाद जनवरी के दिन-रात दोनों सर्द

**बदलाव**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी में 13 वर्ष बाद जनवरी में रात और दिन दोनों ही सामान्य से ज्यादा सर्द रहे। साथ ही पांच दिन शीत लहर और पांच दिन शीत दिवस की स्थिति रही। पहले के वर्षों में आमतौर पर किसी एक स्थिति का ही प्रभाव ज्यादा देखने को मिलता रहा है।

दिल्ली में इस बार जनवरी में सामान्य से ज्यादा ठंड पड़ रही है। परेशानी की बात यह है कि न्यूनतम और अधिकतम दोनों ही तापमान सामान्य से कम हैं। न्यूनतम तापमान सामान्य से साढ़े चार डिग्री कम होने पर उसे शीतलहर की स्थिति कहा जाता है। इस बार जनवरी में ऐसे पांच दिन रहे हैं। न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे और अधिकतम तापमान सामान्य से साढ़े चार डिग्री कम होने पर उसे शीत दिवस कहते हैं। इस पांच दिन शीत दिवस रहे।

#### इस बार रिकॉर्ड टूटा

- इस बार जनवरी में पांच दिन शीतलहर और पांच दिन शीत दिवस के रहे
- 2023 में आठ दिन शीत दिवस वाले थे और शीत लहर केवल एक दिन ही रही थी
- वर्ष 2022 में शीत लहर वाले सात दिन थे, जबकि शीत दिवस की स्थिति एक दिन भी नहीं बनी

› विमान लेट P02

# नौसेना ने अरब सागर में लुटेरों से दो पोत बचाए

- सोमालिया के पूर्वी तट से 19 पाक नाविक छुड़ाए
- मोगादिशु के पास से छह श्रीलंकाई मुक्त कराए

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता/एजेंसी। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में समुद्री लुटेरों से दो पोतों पर सवार कुल 25 लोगों को बचाया है।

नौसेना के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमालिया के पूर्वी तट और मोगादिशू के पूर्व में मौजूद दो पोत को लुटेरों ने अगवा कर लिया था। इसके बाद युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा और आईएनएस शारदा की मदद से नौसेना ने 19 पाकिस्तानी नागरिकों और मछली पकड़ने वाले जहाज से छह श्रीलंकाई नागरिकों को सकुशल बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना ने समुद्र में सभी नाविकों और जहाजों की सुरक्षा की प्रतिबद्धता फिर साबित की है।

› ताकत बढ़ी P15

## प्रमुख पांच

### लोकसभा चुनाव के लिए सपा की पहली सूची जारी

1 सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को अपने 16 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें डिंपल यादव का भी नाम है। P08

### लद्दाख में चीनी सैनिकों को गडरियों ने खदेड़ा

2 भारत- चीन सीमा पर चीनी सैनिकों से भारतीय सेना के सैनिक नहीं बल्कि इस बार गडरिये भिड़ गए। P15

### भाजपा नेता की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड

3 केरल में भाजपा नेता की हत्या में पीएफआई से जुड़े 15 कार्यकर्ताओं को मृत्युदंड सुनाया गया। P12

### जैकलीन ही संभालती थीं सुकेश की संपत्ति

4 ईडी ने कहा कि सुकेश चंद्रशेखर की अपराध से अर्जित संपत्ति को अभिनेत्री जैकलीन संभालती थीं। P02

### समंदर में सैन्य सफलताओं के कीर्तिमान

5 दुनिया में भू-राजनीतिक बदलाव के कारण समुद्री डकैती, तस्करी की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं, तो हमेशा मददगार रही भारतीय नौसेना की भूमिका भी व्यापक होती जा रही है।



शेखर सिन्हा 10

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव भाजपा जीती, आप हाईकोर्ट पहुंची

**विवाद**

- विपक्ष के आठ मतों को अवैध घोषित किया
- परिणाम को लेकर आप पार्षदों ने हंगामा किया

चंडीगढ़, एजेंसी। चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में इंडिया गठबंधन को मंगलवार को झटका लगा। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन बहुमत होने के बावजूद चुनाव हार गए और भाजपा मेयर समेत तीन प्रमुख पदों के चुनाव जीतने में कामयाब रही। इस मामले में आम आदमी पार्टी हाईकोर्ट में गई है।

भाजपा प्रत्याशी मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को हराकर मेयर पद पर कब्जा जमाया। सोनकर को 16 मत, जबकि कुमार के पक्ष में 12 मत आए। आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। भाजपा प्रत्याशी कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर बने। इस मामले में आम आदमी पार्टी ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अदालत से अनुरोध किया कि किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में चंडीगढ़ मेयर चुनाव नए सिरे से कराए जाएं। याचिकाकर्ता ने जालसाजी का आरोप लगाते हुए मेयर चुनाव की प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की।

› सियासत तेज P09

# बजट सत्र से पहले 14 सांसदों का निलंबन रद्द हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। शीतकालीन सत्र में निलंबित विपक्ष के 14 सांसद बुधवार से आरंभ हो रहे बजट सत्र में भाग ले सकेंगे। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा, सभी का निलंबन वापस लिया जाएगा।

निलंबित सांसदों को लेकर सरकार के आग्रह पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सहमति जताई है। दोनों सदनों में कुल 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन हुआ था। इनमें से 100 लोकसभा सदस्य और 46 राज्यसभा सदस्य शामिल थे। इनमें 132 सांसदों का निलंबन शीतकालीन सत्र के लिए था, लेकिन 14 सांसदों के मामलों को दोनों सदनों की विशेषाधिकार समितियों के पास भेज दिया गया था।

# नक्सली हमले में तीन जवान शहीद, 15 घायल

**दुस्साहस**

- जवाबी कार्रवाई में छह नक्सली ढेर
- घायलों को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ मुठभेड़ में सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद हो गए, जबकि 15 अन्य घायल हैं। वहीं, जवाबी कार्रवाई में छह नक्सलियों को मार गिराया गया।

पुलिस महानिरीक्षक ( बस्तर रेंज ) सुंदरराज पी ने कहा कि कोबरा कमांडो की 201 बटालियन और सीआरपीएफ की 150 बटालियन की एक टीम फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित करने के बाद क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रही थी। दोपहर दो बजे जवानों को आता देख घात लगाए बैठे माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। कमांडो ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद हो गए और 14 घायल हो गए। शहीदों व घायलों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। घायल जवानों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के बाद अतिरिक्त फोर्स मौके पर पहुंच गई और इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाश अभियान शुरू कर दिया।

**कुछ अलग** | दुनिया में पहली बार एलन मस्क की कंपनी ने किया प्रयोग, सफलता मिली तो आंखों की रोशनी भी वापस आ सकेगी

# दिमाग में लगी चिप से लकवा रोगी बिना छुए चलाएंगे कंप्यूटर

वाशिंगटन, एजेंसी। लकवा रोगी अपनी सोच से कंप्यूटर और मोबाइल चला सकेंगे..सुनकर आश्चर्य होता है न। लेकिन यह बात सच होने जा रही है। ऐसा एक चिप की बदौलत होगा। एलन मस्क की न्यूरोटेक्नोलॉजी कंपनी न्यूरालिंक ने इंसानी दिमाग में पहली बार वायरलेस कंप्यूटर चिप प्रत्यारोपित करने में कामयाबी हासिल की है। दावा है कि भविष्य में इसकी बदौलत किसी नेत्रहीन की रोशनी भी लौट सकती है और बधिर लोग सुन भी सकते हैं।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर मस्क ने बताया कि जिस व्यक्ति में यह चिप लगी है वह तेजी से स्वस्थ हो रहा है। न्यूरालिंक प्रत्यारोपण प्रक्रिया के तहत दिमाग में इलेक्ट्रोड प्रत्यारोपित करते हैं। इस उपकरण में एक हजार से अधिक इलेक्ट्रोड हैं। इससे मिर्गी और पार्किंसन के मरीजों को भी लाभ होगा। चिप की मदद से लकवाग्रस्त रोगी अपने आसपास के लोगों से बात कर सकते हैं।

मस्क ने बताया कि न्यूरालिंक के पहले उत्पाद को टेलीपैथी कहा जाएगा। सबसे पहले इसका प्रयोग वो लोग करेंगे जो लकवाग्रस्त होने के कारण अपना हाथ-पैर खो चुके हैं।

मस्क ने बताया कि प्रत्यारोपण के नतीजे संतोषजनक हैं। तकनीक न्यूरॉन स्पाइक का पता लगाने में सक्षम है। न्यूरालिंक इंसानी दिमाग के पैदा होने वाले सिग्नल समझ रही है। मस्क भविष्य में इसमें कृत्रिम बुद्धिमता ( एआई ) के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्पना करें कि वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग टाइपिस्ट और उनको समझने वाले व्यक्ति से भी तेज बात कर सकते। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने क्लीनिकल ट्रायल के लिए पिछले वर्ष मई में परीक्षण की अनुमति दी थी। परीक्षण पहले बंदर की तरह दिखने वाले प्राइमेट्स पर हुआ। परीक्षण पर विवाद हुआ तो मस्क ने सफाई दी थी कि न्यूरालिंक से कोई बंदर नहीं मरा। जान का खतरा कम करने के लिए बीमार बंदरों पर इसका परीक्षण होगा।

› संबंधित खबर P15



**01** हजार से अधिक इलेक्ट्रोड मौजूद हैं इस विशेष उपकरण में

**11** प्रत्यारोपण इस साल के अंत तक करने की तैयारी में है कंपनी

### ऐसे काम करेगा दिमाग में प्रत्यारोपित उपकरण

चिप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इंसान के दिमाग में प्रत्यारोपित किया जाता है। न्यूरालिंक ऐप की मदद से व्यक्ति बिना तार के बातचीत कर सकता है। ऐप व्यक्ति की गतिविधि और विचारों को समझकर उसके भाव को प्रकट करता है। उपकरण बिना तार के भी चार्ज किया जा सकेगा।

### मस्क की स्टार्टअप कंपनी है न्यूरालिंक

न्यूरालिंक एलन मस्क की स्टार्टअप कंपनी है जो 2017 में शुरू हुई थी। इसमें सात वैज्ञानिक और इंजीनियरों की बड़ी टीम है। कंपनी को वर्ष 2019 तक 15 .8 करोड़ डॉलर की फंडिंग हुई थी। इसमें अकेले मस्क ने 10 करोड़ डॉलर का निवेश किया था।



प्रवर्तन निदेशालय का दावा-बॉलीवुड अभिनेत्री ने कथित ठग की अपराध से अर्जित आय का इस्तेमाल भी किया

# जैकलीन ही संभालती थीं सुकेश की संपत्ति : ईडी

अदालत से 1

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दलील दी कि 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में आरोपी सुकेश चंद्रशेखर की अपराध से अर्जित संपत्ति को रखने और इस्तेमाल करने में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज शामिल थीं।

ईडी का यह तर्क फर्नांडीज की याचिका के जवाब में दायर एक हलफनामे में दिया गया है, जिसमें कथित तौर पर चंद्रशेखर से जुड़े धनशोधन मामले में उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की गई है। यह मामला न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है। फर्नांडीज का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने ईडी के हलफनामे के जवाब में प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए समय मांगा है। उच्च न्यायालय ने मामले को 15 अप्रैल को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

**तथ्यों को छिपाने का आरोप :** ईडी ने दावा किया कि फर्नांडीज ने कभी भी चंद्रशेखर के साथ वित्तीय लेनदेन के बारे में सच्चाई का खुलासा नहीं किया। सबूत मिलने तक हमेशा तथ्यों को छुपाया। वह आज तक सच को दबाकर बैठी हैं। यह भी सच है कि फर्नांडीज ने चंद्रशेखर की गिरफ्तारी के बाद उसके मोबाइल फोन से सारा डाटा मिटा दिया, जिससे सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुई। उसने सहयोगियों से सबूत नष्ट करने के लिए भी कहा। सबूत साबित करते हैं कि वह अपराध की आय का उपयोग कर रही थी। इससे साबित होता है कि फर्नांडीज जानबूझकर अपराध की आय के कब्जे और उपयोग में शामिल थीं।


जैकलीन फर्नांडीज। • फाइल फोटो


सुकेश चंद्रशेखर। • फाइल फोटो

### ठग के बारे में पहले से सब जानकारी थी

एजेंसी ने कहा कि शुरुआत में अपने बयानों में अभिनेत्री ने यह दावा करके अपने आचरण को छिपाने की कोशिश की कि वह चंद्रशेखर की शिकार रहीं हैं। जांच में वह उत्पीड़न को साबित करने में विफल रहीं। हलफनामे में कहा गया है कि वह चन्द्रशेखर की आपराधिक पृष्ठभूमि से अवगत थी, फिर भी वह अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए अपराध की आय प्राप्त करती रहीं। ईडी ने कहा कि फर्नांडीज को चंद्रशेखर की पत्नी लीना मारिया पॉल के बारे में जानकारी थी। इसके बावजूद उसने उसके साथ संबंध जारी रखा और उससे वित्तीय लाभ भी प्राप्त किया। सीबीआई ने मामले में फर्नांडीज को अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में पेश किया गया। उन्हें धनशोधन मामले में आरोपी नहीं बनाया जा सकता है।

## अमानतुल्लाह खान को राहत से इनकार

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईडी की ओर से जारी समन के खिलाफ आप विधायक अमानतुल्लाह खान को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। उच्च न्यायालय ने मामले को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।


न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और रजनीश भटनागर की खंडपीठ ने मामले को स्थगित करने से पहले पूछा कि समन कब जारी किया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि उन्हें एक सप्ताह पहले ईडी ने आज पेश होने के लिए बुलाया था। खान के वकील का कहना था कि मामले की सुनवाई की तत्काल आवश्यकता है।

- ईडी की ओर से जारी समन के खिलाफ उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई
- विधायक पर 36 करोड़ की संपत्ति की खरीद-फरोख्त का आरोप

इस पर पीठ ने कहा कि आप अंतिम समय में राहत नहीं मांग सकते। ईडी के वकील ने स्थगन की मांग की। इसके बाद मामले को गुरुवार तक के लिए टाल दिया गया।

पीठ ने कहा कि इस मामले को जल्दबाजी में लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। अमानतुल्लाह खान ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम की धारा 50 की संवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी है। खान ने भ्रष्टाचार निरोधक शाखा और ईडी के मामलों को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की है।

इस मामले में अदालत ने 19 जनवरी को दिल्ली वक्फ बोर्ड धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) पर संज्ञान लिया था। ईडी ने चार लोगों पर आरोप लगाया है। इनमें जीशान हैदर, उनकी पार्टनरशिप स्काई पावर, जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी शामिल है। ईडी ने आप विधायक अमानतुल्लाह खान के कहने पर 36 करोड़ रुपये की संपत्ति की खरीद-फरोख्त को लेकर धनशोधन का आरोप लगाया है।




### मैडम तुसाद म्यूजियम में योगगुरु रामदेव

नई दिल्ली। मैडम तुसाद म्यूजियम दिल्ली में मंगलवार को योगगुरु बाबा रामदेव का मोम का पुतला लगाया गया। म्यूजियम में मौजूद लोगों को एकबार तो पता ही नहीं चला कि उनमें से पुतला कौनसा है और असली रामदेव (बाएं) कौन। योगगुरु ने इस दौरान अपने पुतले के सामने योग के कई आसन किए। कनॉट प्लेस स्थित यह म्यूजियम सुबह 10 से शाम 7:30 बजे तक खुलता है। यहां व्यस्क के लिए 960 और बच्चे के लिए 700 रुपये का टिकट है। ऑनलाइन बुकिंग पर 100 रुपये डिस्काउंट मिलता है। म्यूजियम में पीएम मोदी सहित कई नामचीन हस्तियों के मोम के पुतले मौजूद हैं।

## संजय सिंह ने धनशोधन के लिए कंपनी बनाई : जांच एजेंसी

नई दिल्ली, प्र. सं.। ईडी ने उच्च न्यायालय के समक्ष दलील दी कि आप सांसद संजय सिंह ने कथित तौर पर अपराध की आय को सफेद करने के लिए एक कंपनी बनाई।

ईडी ने कहा, यह धन दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव से उत्पन्न होने वाले व्यवसाय से आया था। सिंह को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित अपराध की आय को प्राप्त करने, रखने, छिपाने, प्रसारित और उपयोग करने में शामिल थे। धन शोधन मामले में सिंह की जमानत याचिका के जवाब में दायर अपने हलफनामे में ईडी की तरफ से यह दलीलें दी गईं। सांसद ने धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के 22 दिसंबर के आदेश को चुनौती दी है। ईडी के वकील की अनुपलब्धता के कारण इसे अब बुधवार के लिए सूचीबद्ध किया गया है। जांच एजेंसी ने अपने हलफनामे में कहा कि जांच के दौरान यह पता चला कि सिंह कथित घोटाले में एक प्रमुख साजिशकर्ता हैं।

## आईपीयू के 15 पाठ्यक्रमों में सीयूईटी से दाखिला

मिशन एडमिशन

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय पीजी के 15 पाठ्यक्रमों में सीयूईटी से दाखिला देगा।

पिछले साल की तरह इस बार भी दाखिले के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं (सीईटी) के बाद सीयूईटी के अंक दूसरी प्राथमिकता होगी। यानी विश्वविद्यालय पहले सीईटी के आधार पर दाखिला देगा। फिर बची हुई सीटों पर सीयूईटी के आधार पर दाखिला होगा।

**आवेदन करने की अंतिम तिथि आज :** सीयूईटी पीजी 2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। समर्थ पोर्टल पर आवेदन करने के बाद छात्र आईपी यूनिवर्सिटी के ऑनलाइन दाखिला पोर्टल पर भी आवेदन करें। पोर्टल एक फरवरी से शुरू हो रहा है। विद्यार्थियों के लिए आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी आईपीयू यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट https://ipu.admissions.nic.in और https://ipu.ac.in पर उपलब्ध है।

**ये कोर्स शामिल**

इनमें एमएससी (मेडिसिनल केमिस्ट्री एंड ड्रग डिजाइन), एमएससी (बायोइंफॉर्मेटिक्स), एमएस (पैकेजिंग टेक्नोलॉजी), एमएड, एमएससी (एन्वायरमेंटल मैनेजमेंट), एमए (इंग्लिश), एमए (इकनॉमिक्स), एमए (मास कम्यूनिकेशन), एमसीए (सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग) एमसीए, एमटेक (कंप्यूटर साइंस ग्रुप), एमटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स ग्रुप), एमपीटी (मस्कुलोस्केलेटल), एमपीटी (न्यूरोलॉजी), एमपीटी (स्पोर्ट्स), एमपीटी (कार्डियोपल्मनरी), एमएससी (योग), मास्टर ऑफ डिजाइन (इंडस्ट्रियल डिजाइन), मास्टर ऑफ डिजाइन (इंटीरिअर डिजाइन), मास्टर ऑफ डिजाइन (इंटरैक्टिव डिजाइन), बीएड, बीएड (स्पेशल एजुकेशन) और बीएड स्पेशल एजुकेशन (मल्टिपल डिसएबिलिटी) शामिल हैं।

## ईडब्ल्यूएस सीटों पर जल्द ड्रॉ निकलेगा

नर्सरी दाखिला

नई दिल्ली, का. सं.। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए निजी स्कूलों में आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) / वंचित वर्ग (डीजी) और दिव्यांग श्रेणी की कक्षा नर्सरी से लेकर पहली में दाखिला प्रक्रिया फरवरी में शुरू होगी।

शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों की संभावित सीट जारी कर दी है। इसको लेकर निदेशालय दो फरवरी तक स्कूलों की सीट संबंधि प्रस्तुति और आपत्तियों को दर्ज कर रहा है। उसके बाद दाखिला कार्यक्रम जारी होने की संभावना जताई जा रही है। इस वर्ष भी दाखिला की प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। स्कूल कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ में चयनित बच्चे को दाखिला देने से मना नहीं कर सकेंगे। अगर स्कूल दाखिला से मना करेगा तो उस पर नियमों के तहत उचित कार्रवाई होगी। बता दें कि सभी निजी स्कूलों को ईडब्ल्यूएस, डीजी और दिव्यांग श्रेणी के लिए सीट आरक्षित करने का प्रावधान है।

**आवेदन को लेकर असमंजस में हैं अभिभावक :** ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभिभावकों का दाखिला में मार्गदर्शन करने वाले मिशन तालीम के संस्थापक अध्यक्ष एकरामुल हक ने बताया कि इस बार अभिभावकों के मन में आय प्रमाण पत्र को लेकर शंकाएं देखने को मिल रही हैं।

कुछ दिन पहले कोर्ट ने ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आय प्रमाण पत्र बनवाने की सीमा को पांच लाख रुपये तक करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए थे। जबकि इससे पहले दाखिला के लिए वार्षिक आय का नियम एक लाख तक का रहा है। ऐसे में अभिभावक असमंजस में है कि किस सीमा के तहत उन्हें आवेदन करना होगा।

### भाजपा ने दी आप के खिलाफ शिकायत

नई दिल्ली। आप विधायकों को प्रलोभन देने के आरोपों के खिलाफ भाजपा ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त को शिकायत दी है। इस मामले में भाजपा ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आप नेता कई बार गलत आरोप लगा चुके हैं। प्रलोभन के झूठे आरोपों का भाजपा ने खंडन किया था। हमने सबूत मांगे थे, लेकिन उन्होंने चुप्पी साध ली। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की जनता के बीच झूठ को उजागर करने के साथ ही विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाएंगे।

### काम की जांच के बाद ही भुगतान होगा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने बिना काम किए भुगतान होने वाले विकास कार्यों पर सख्ती शुरू कर दी है।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने आदेश जारी करके कहा है कि अब किसी भी काम के भुगतान से पहले अधीक्षण अभियंता खुद मौके पर जाकर जांच करेंगे। सभी प्रभारी अभियंताओं से संतुष्टि रिपोर्ट लेंगे, उसके बाद ही भुगतान होगा।

## कोहरे के कारण 178 विमान देरी से उड़े

सर्दी का सितम

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान पालम में दृश्यता केवल 50 मीटर रही। कोहरे के चलते रेल और हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं।

जानकारी के अनुसार, राजधानी में सुबह लगभग 9 बजे तक दृश्यता बेहद कम थी। इसके कारण दिल्ली एयरपोर्ट से 33 अंतरराष्ट्रीय और 145 घरेलू विमानों ने देरी से उड़ान भरी। इसके अलावा तड़के 2.30 से 5.30 बजे के बीच दो विमानों को दिल्ली की जगह जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। रियाध के लिए तड़के चार बजे की जगह दोपहर एक बजे विमान ने उड़ान भरी। पटना, बेंगलुरु, हैदराबाद और देवघर सहित कई जगह की यात्रा रद्द करनी पड़ी। वहीं, दिल्ली के अलग-अलग स्टेशनों पर 80 से ज्यादा रेलगाड़ियां चार से छह घंटे की देरी से पहुंचीं। जबकि, 24 से ज्यादा रेलगाड़ियां देरी से रवाना हुईं।

### राजधानी के पांच इलाकों का एक्यूआई 400 पार पहुंचा

नई दिल्ली, प्र.सं.। राजधानी के लोगों को लंबे समय से प्रदूषित हवा में सांस लेना पड़ रहा है। मंगलवार को दिल्ली के पांच इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में रहा। यहां का एक्यूआई 400 अंक से ऊपर पहुंच गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली का समग्र तौर पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 357 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह 356 था। उधर, राहत की बात यह है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बुधवार और गुरुवार को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। अगर बारिश होती है तो प्रदूषण के स्तर में भी थोड़ी कमी आने की संभावना है।

शहर 30s

### गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक

नई दिल्ली। महात्मा गांधी की सोच और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। अहिंसा और क्षमा के मार्ग पर चलकर बापू ने देश को आजाद कराया था। यह बातें मंगलवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इस मौके पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### उपकरण से जख्म दोगुना गति से ठीक होगा

नई दिल्ली। दुर्गम और पर्वतीय क्षेत्र में घायल होने वाले सैनिकों के जख्म के उपचार में मदद के लिए एम्स छात्रों ने एक उपकरण तैयार किया है। इसकी मदद से मरीज का जख्म दोगुना गति से ठीक होगा। मंगलवार को वार्षिक शोध दिवस के मौके पर एम्स के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बायोडिजाइन के छात्रों ने जख्म भरने वाली प्रौद्योगिकी उत्पाद इनोहील को प्रदर्शित किया है।

### शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय में मंगलवार को भारत की आजादी के संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों की याद में शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखा। कार्यवाही तब तक रोक दी जब तक कि कोर्ट मास्टर ने दो मिनट बाद इसे समाप्त करने की घोषणा नहीं कर दी। 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्य तिथि होती है। इसे शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### सौर ऊर्जा नीति पर निशाना साधा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को दिल्ली सरकार की सौर ऊर्जा नीति पर जमकर निशाना साधा। लवली ने कहा, दिल्ली की कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2006 में सौर ऊर्जा योजना की शुरुआत की थी। अगर इस योजना को गंभीरता पूर्वक लागू किया गया होता तो दिल्ली में बिजली की कमी को काफी हद तक दूर किया जा सकता था।

### स्कूलों में परीक्षा पर्व मनाने का निर्देश

नई दिल्ली। परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए स्कूलों में परीक्षा पर्व 6.0 मनाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है। निदेशालय को परीक्षा पर्व मनाने को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से पत्र प्राप्त हुआ था। इसमें ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी समेत विभिन्न गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## जियो टैग की तिथि को बढ़ाया

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली नगर निगम ने संपत्तियों को जियो टैग करने की अंतिम तिथि को अब 29 फरवरी तक बढ़ा दिया है।

पहले 31 जनवरी तक ही संपत्तियों को जियो टैग करने की स्थिति को निर्धारित किया गया था। इस संबंध में निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संज्ञान में आया है कि बड़ी संख्या में करदाता कुछ तकनीकी खामियों के कारण व अन्य कारणों से अपनी संपत्ति को जियो टैग नहीं कर पाए। कई करदाताओं को मोबाइल के आईओएस वर्जन का उपयोग करते हुए जियो टैग करने में दिक्कतें हुई हैं। इसका जल्द ही समाधान कर लिया जाएगा।

## रेलवे कोच में यात्रियों को नहीं मिली बुक कराई सीट

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। रेलवे कोच में तीन यात्रियों को पहले से बुक कराई गई सीट नहीं मिली। उन्होंने अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। हेल्पलाइन नंबर 139 पर भी शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका।

दिल्ली से सासाराम जाने के लिए अभिषेक ने गरीबरथ के जी-2 कोच में सीट संख्या 74 और 77 बुक कराई थी। 27 जनवरी को जब वह आनंद विहार टर्मिनल से कोच में सवार हुआ तो उसमें केवल 75 नंबर तक ही सीट उपलब्ध थी। कोच में सीट संख्या 76, 77 और 78 नहीं थी। अभिषेक ने बताया कि उसे अपनी बुजुर्ग मां के साथ सासाराम जाना था। उन्हें केवल 74 नंबर सीट मिली। गाड़ी में दो अन्य यात्री भी थे, जिनके पास सीट संख्या 76 और 78 थी। लेकिन उनकी सीटें भी कोच से गायब थी। यह गाड़ी रात 10.20 बजे आनंद विहार टर्मिनल से रवाना हुई। गाड़ी चलने के कुछ देर बाद टिकट जांच करने आए अधिकारी को उन्होंने समस्या से अवगत कराया। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही उनके लिए कोई अन्य सीट उपलब्ध करा देंगे, लेकिन उन्हें कोई मदद नहीं मिली।

### 'जरूरत के मुताबिक नहीं किया निर्माण'

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दिल्ली के अंदर जरूरत के मुताबिक आवासीय क्षेत्र व औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण नहीं किया। उसी का नतीजा है कि दिल्ली में लोगों को जहां जगह मिली वहीं बसने लगे और अनाधिकृत कॉलोनियों का निर्माण हुआ।

भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल सरकार इस दिशा में काम कर रही है और दिल्ली में दो रानी खेड़ा और बापरौला में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाई है। सौरभ भारद्वाज ने यह बातें मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में एमएसएमई समिति में बतौर मुख्य अतिथि कहीं।

## मिर्गी के मरीज को जूता न सुंघाए

सलाह



- एम्स में बीमारी को लेकर जागरुकता व्याख्यान का आयोजन आज
- 100 में से हर एक मरीज देश में इस रोग से पीड़ित

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। मिर्गी का दौरा पड़ने पर मरीज को जूता, प्याज और अन्य कोई दूसरी चीज नहीं सुंघानी चाहिए। अगर किसी को दौरा पड़ता है तो उसे तुरंत एक दिशा में करवट लेकर लिटाना चाहिए। उसके गले से कपड़े को हटा दें। ये बातें एम्स के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. मंजरी त्रिपाठी ने कहीं।

बुधवार को एम्स में अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को उन्होंने बताया कि मिर्गी का दौरा पड़ने पर मरीज को अगर दो मिनट तक कंपन होती है तो वह सामान्य है। दौरा पांच मिनट और उससे अधिक होने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। ऐसे मरीजों को वजन के आधार पर नाक से दवा दी जाती है।

मिर्गी से ग्रसित मरीज अगर दवा का नियमित सेवन करें तो 70 फीसदी तक रोग पर नियंत्रण हो सकता है। डॉक्टर ने बताया कि दवा को बीच में छोड़ देने से समस्या बढ़ सकती है। समय पर दवा, उचित खानपान और योग से मिर्गी को दूर किया जा सकता है। शराब, तेज आवाज व अन्य जगहों से दूर रहना चाहिए। देश में करीब हर 100 मरीज पर एक मरीज में यह रोग है। जबकि दुनिया में यह आंकड़ा करीब छह से सात करोड़ है।


# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर

पत्रांकः— 1099 / 96 एम / ई—निविदा / बु0वृत्त / 2023—24 दिनांकः— 19.01.2024

**अल्पकालीन ई—प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाइन निविदायें http://etender.up.nic.in ई—टेंडरिंग के माध्यम से मार्ग कार्य हेतु लो0नि0वि0 में मार्ग श्रेणी में पंजीकृत "ए / बी / सी" मार्ग श्रेणी में जैसा लागू हो आर्थोराईज्ड रजिस्टर्ड मार्ग में बिड डाक्यूमेण्ट ऑनलाईन दिनांक 01.02.2024 से दिनांक 07.02.2024 तक दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा निविदा की टैक्नीकल बिड अधीक्षण अभियन्ता बु0वृ0 लो0नि0.वि0 बुलन्दशहर द्वारा प्राधिकृत कार्यालय में दिनांक दिनांक 07.02.2024 को 12.30 बजे गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। तकनीकी बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड की दिनांक अलग से सूचित की जायेगी । कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में टैक्नीकल बिड / वित्तीय बिड उसी कम में एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
2. कार्य का विवरणः—

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | हापुड़ | वित्तीय वर्ष 2024—25 में गढमुक्तेश्वर सम्पर्क मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य | 64.20 | 5.21 | 04 माह | निविदा शुल्क 300+ 2000 +जी0एस0टी0 @18 % 414= 2714.00 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, हापुड़ | बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ | UP PWD Class A,B, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 2 | हापुड़ | वित्तीय वर्ष 2024—25 में धौलाना से निघावली बोर्डर मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य | 67.00 | 5.35 | 04 माह | निविदा शुल्क 300+ 2000 +जी0एस0टी0 @18 % 414= 2714.00 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, हापुड़ | बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ | UP PWD Class A,B, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 3 | हापुड़ | वित्तीय वर्ष 2024—25 में भोजपुर पिलखुआ धौलाना मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य | 65.00 | 5.25 | 04 माह | निविदा शुल्क 300+ 2000 +जी0एस0टी0 @18 % 414= 2714.00 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, हापुड़ | बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ | UP PWD Class A,B, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 4 | हापुड़ | वित्तीय वर्ष 2024—25 में ब्रजघाट से पलवाडा बहादुरगढ मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य | 350.00 | 19.50 | 05 माह | निविदा शुल्क 300+ 2000 +जी0एस0टी0 @18 % 414= 2714.00 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, हापुड़ | बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ | UP PWD Class A (मार्ग कार्य हेतु) |
| 5 | हापुड़ | वित्तीय वर्ष 2024—25 में रा0मा0 24 से किमी0 56 (आबादी भाग) श्यामपुर मलकपुर होते हुए कनिया कल्याण मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य | 68.30 | 5.42 | 04 माह | निविदा शुल्क 300+ 2000 +जी0एस0टी0 @18 % 414= 2714.00 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, हापुड़ | बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ | UP PWD Class A,B, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 6 | हापुड़ | वित्तीय वर्ष 2024—25 में बछलौता ब्रिज से घुघराला चीनी मिल होते हुए पारपा मार्ग तक मध्य गंगा नहर पटरी तक मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य | 181.60 | 11.08 | 05 माह | निविदा शुल्क 300+ 2000 +जी0एस0टी0 @18 % 414= 2714.00 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, हापुड़ | बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ | UP PWD Class A (मार्ग कार्य हेतु) |

3. धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान केवल इन्टरनैट बैंकिग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
4. समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को पिछले 5 वर्षों का टर्न ओवर जो कि सी0ए0 से सत्यापित हो एवं पिछले 5 वर्षों में सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्य का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने से पूर्व अपलोड करना होगा। ई—निविदा जो http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी उसका विवरण लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से अपलोड करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को टेंडर प्रक्रिया मे प्रतिभाग करने हेतु "प्रहरी एप" पर शासनादेश संख्या 879(1) /23-7-2020 लो0नि0, अनुभाग—7 लखनऊ दिनांक 25.08.2020 के अनुसार समस्त प्रपत्र चाणक्य सॉफ्टवेयर(पोर्टल)के लिंक पर अपलोड करने होंगे। प्रहरी का यू0आर0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।
6. निविदा से सम्बन्धित नियम / शर्तें तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहरवृत्त, लो0नि0वि0
बुलन्दशहर।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

UP-201796, Dt. 29.01.2024
Website : www.upgov.nic.in



बिहार सरकार

स्थानिक अभियंता का कार्यालय
**भवन प्रमंडल, नई दिल्ली**

**अति—अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या 09/2023—24**

बिहार भवन, बिहार निवास, चाणक्यपुरी नई दिल्ली हेतु निम्नलिखित कार्यों के लिए बिहार राज्य अंतर्गत भवन प्रमंडल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी में निबंधित संवेदक बिहार लोक निर्माण विभाग में होने वाले कार्यों के लिए मुहर बंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है ।

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :— स्थानिक अभियंता, भवन प्रमंडल, नई दिल्ली ।
2. परिमाण विपत्र के बिक्री की तिथि :— 06—02— 2024(अपराह्न 1:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :— 07—02— 2024(अपराह्न 3:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— 07—02— 2024(अपराह्न 3:30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :— (1) स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली । (2) उप स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार सदन, द्वारका नई दिल्ली । (3) अधीक्षण अभियंता कार्यालय दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग बिहार पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :— स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली ।
7. कार्य का विवरणः—

| Sl. No | Name Of Work |
|---|---|
| 01 | Renovation of Domestic Water Pipe line at Bihar Niwas, New Delhi for the year 2023-24 |
| 02 | Repairing of Driveway at Bihar Niwas, New Delhi for the Year 2023-24 |

अधिक जानकारी हेतु संबंधित उप स्थानिक अभियंता एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में संपर्क करेंगे विशेष शर्तें, मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु प्रमुख पट्ट या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से संपर्क करें ।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

स्थानिक अभियंता
भवन प्रमंडल, नई दिल्ली

PR- 016072 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## काम की खबरें

### 1 डीयू में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 16 फरवरी को

दिल्ली विश्वविद्यालय के गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में 66वीं पुष्प प्रदर्शनी 16 फरवरी को लगेगी। इसमें डीयू और डीयू से बाहर के लोग भी आवेदन कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल विजेता घोषित करता है।

### 2 भूगोल की प्रेक्टिकल परीक्षा देने का अंतिम मौका आज

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए शिक्षा निदेशालय ने भूगोल विषय की सीबीएसई प्रेक्टिकल परीक्षा के लिए छात्रों को अंतिम मौका दिया है। निदेशालय के पत्राचार विद्यालय ने सार्वजनिक सूचना जारी की है। छात्रों को विद्यालय में 31 जनवरी को रिपोर्ट करना होगा।

### 3 जामिया क्रेच सेंटर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल की देखरेख में गिर्दा फिलिप्स बोर्न डे केयर सेंटर (क्रेच) में नामांकन शुरू हो गया है। जरूरत को देखते हुए विश्वविद्यालय ने इसे दोबारा खोला है। मोबाइल नंबर 9711665614 पर कॉल कर अधिक जानकारी ले सकते हैं।

### 4 व्यावसायिक अध्ययन की प्रेक्टिकल परीक्षा तीन को

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए व्यावसायिक अध्ययन विषय की सीबीएसई प्रेक्टिकल परीक्षा न दे पाने वाले छात्रों को दोबारा से अंतिम मौका दिया है। इस संबंध में निदेशालय ने सार्वजनिक सूचना जारी की है। छात्रों को विद्यालय में तीन और आठ फरवरी को सुबह साढ़े नौ बजे रिपोर्ट करना होगा।

### 5 सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन कादीपुर स्टेशन पर रुकेगी


यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार टर्मिनल से रक्सौल जंक्शन के बीच चलने वाली सद्भावना एक्सप्रेस (14007/14008) तत्काल प्रभाव से कादीपुर स्टेशन पर रुकेगी। प्रयोगात्मक आधार पर दो मिनट का यह अस्थायी ठहराव दिया गया है।

## आज का मौसम

20.0° अधिकतम | 10.0° न्यूनतम

सूर्योदय: 07:11 | सूर्यास्त: 17:58

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में हल्की बारिश होने की संभावना है।




पहले इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट मैच में बाज़बॉल रहा हावी!

करोड़ों रुपये की ड्रग्स और कच्चे माल के साथ चार अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

# ग्रेनो में ड्रग्स बनाने की फैक्टरी पकड़ी, देशभर में होती थी सप्लाई

**शिकंजा**

नई दिल्ली/ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। द्वारका जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने ग्रेटर नोएडा में ड्रग्स बनाने वाली फैक्टरी पर छापा मारा। अफ्रीकी नागरिक युवाओं को नशे की लत लगाने के लिए यहां एंफेटामाइन नामक ड्रग बनाते थे और देशभर में उसकी सप्लाई करते थे।

नारकोटिक्स सेल ने मौके से करोड़ों रुपये की ड्रग्स और कच्चा सामान बरामद कर चार अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि एसीपी ऑपरेशन सेल राम अवतार और इंस्पेक्टर सुभाष, एसआई सपना शर्मा की टीम ने 27 नवंबर को अफ्रीकी नागरिक एजे उचेन्ना जेम्स को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 70 ग्राम मेथामफेटामाइन दवाएं मिली थी। इसके बाद 11 जनवरी को उसके साथी शेड्रैक को गिरफ्तार किया।

उसके पास सौ ग्राम दवा बरामद हुई। उससे पूछताछ में दो और अफ्रीकी नागरिकों इको और ओसिता के बारे में पता लगा। दोनों इन दवाओं का निर्माण करते थे। इसके लिए उन्होंने ग्रेटर नोएडा के एलेस्टोनिया एस्टेट, चाई-3 में एक फैक्टरी लगा रखी थी। इस फैक्टरी से देशभर में ड्रग्स की सप्लाई होती थी। इसके बाद पुलिस ने इको और ओसिता को 16 जनवरी को तिलक नगर से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों ने बताया कि वह खुद ही ड्रग्स बनाते हैं और सप्लाई करते हैं। इसके बाद उनकी निशानदेही पर ग्रेटर नोएडा में पर में छापा मारा गया। वहां पर 20 किलो से ज्यादा कच्चा माल और करोड़ों रुपये की ड्रग्स बरामद की गई। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**क्या कहते हैं आंकड़े** (नोट- ये आंकड़े दिल्ली पुलिस से लिए हैं।)




**नशा तस्करी के पांच प्रमुख रूट**

1. ईरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान से होते हुए पंजाब के रास्ते भारत पहुंचती है ड्रग्स की खेप
2. पठानकोट हमले के बाद अब राजस्थान होकर भारत तक पहुंच रहा है नशा
3. बॉर्डर से सटी नदी, नहर और नालों का इस्तेमाल तस्कर कर रहे हैं
4. समुद्री मार्ग से जहाज के माध्यम से भारत के बंदरगाहों पर पहुंचे रही खेप
5. पार्सल और कोरियर के जरिए हवाई और ट्रेन रूट से भारत पहुंचता है नशा

### तीन को मिल चुकी सजा, जमानत पर बाहर आए थे

पुलिस के अनुसार इन चार अफ्रीकी नागरिकों में से तीन को हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट ने 10-10 साल की सजा सुना रखी है। तीनों आरोपी जमानत लेकर बाहर आए हुए हैं। आरोपियों को पंजाब पुलिस ने ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपी ग्रेटर नोएडा से अपना कारोबार करने लगे। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने करीब 4 माह पहले ही यह फैक्टरी तैयार की थी।

### रेव पार्टियों में किया जाता है ज्यादा इस्तेमाल

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए एंफेटामाइन ड्रग की खूबी है कि इसका इस्तेमाल करने पर मुंह से बदबू नहीं आती। इसका नशा जल्दी और ज्यादा होता है। इसके चलते बड़ी संख्या में युवा इसका इस्तेमाल करने लगे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि देशभर में आयोजित होने वाली रेव पार्टियों में इसका ही इस्तेमाल किया जाता है। दिन प्रतिदिन इसका प्रयोग बढ़ता ही जा रही है।

### ग्रेटर नोएडा बनता जा रहा नशे का अवैध अड्डा

पिछले साल मई में भी ग्रेटर नोएडा के सेक्टर थीटा और मित्रा एन्क्लेव सोसायटी में दो अलग-अलग ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ था। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी विदेशी नागरिकों ने यहां ड्रग्स का अवैध अड्डा बना लिया है। बीते दिनों पकड़ी ड्रग्स की दो फैक्टरी के मामले में स्थानीय पुलिस पर संरक्षण देने का मामला सामने आया था। इस प्रकरण में दस पुलिसकर्मी दोषी भी पाए गए थे।

## 'एंफेटामाइन' से हार्टअटैक का खतरा बढ़ा

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। एंफेटामाइन ड्रग्स की लत युवाओं को तेजी से जकड़ में ले रही है। इसके चलते नौजवानों में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ गया है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि हाई प्रोफाइल पार्टियों में नामचीन लोग भी इसका इस्तेमाल करते हैं।

विशेषज्ञों ने बताया कि एंफेटामाइन ड्रग्स पाउडर, गोली और इंजेक्शन तीनों ही रूप में मिलती है। इसे कोल्ड ड्रिंक और अन्य पेय पदार्थ में मिलाकर पीते हैं। इस कारण रक्त का प्रवाह बढ़ जाता और हार्टअटैक होने की संभावना ज्यादा होती है। कई लोग इसका इस्तेमाल इंजेक्शन के रूप में भी करते हैं।

### टिक टॉक स्टार महिला की हुई थी मौत

एक मशहूर महिला टिक टॉक स्टार की गोवा में मौत हो गई थी। सूत्रों की मानें तो जांच में सामने आया था कि मौत का कारण हार्ट अटैक था। उसे भी एंफेटामाइन ड्रग्स की ओवरडोज दी गई थी। इतना ही नहीं, कई फिल्म स्टार भी इस ड्रग्स का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें पुलिस जांच का सामना भी करना पड़ा है।

# धोखाधड़ी मामलों के लिए हर जिले में दो कोर्ट बनेंगे

**मंजूरी**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली सरकार अनियमित जमा योजना के तहत आर्थिक धोखाधड़ी जैसे मामलों की सुनवाई के लिए हर जिले में दो कोर्ट के गठन करने जा रही है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति के बाद हर जिले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वाली दो कोर्ट के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ताकि अनियमित जमा योजना के मामलों का निपटान जल्द से जल्द किया जा सके। अंतिम मंजूरी के लिए यह फाइल एलजी को भेज दी गई है।

अनियमित जमा योजना निषेध अधिनियम, 2019 अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध लगाने और जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने के मकसद से बनाया गया था। कोर्ट के गठन को मंजूरी भी इसी अधिनियम के तहत दी गई है। अधिनियम के अनुसार 'जमा' का मतलब किसी जमाकर्ता की ओर से एडवांस, ऋण या किसी अन्य रूप में प्राप्त धन राशि से है। अधिनियम के अनुसार, इस न्यायालय के गठन के बाद किसी अन्य न्यायालय का इसमें क्षेत्राधिकार नहीं होगा।

### पश्चिम विहार में बन रहा दिल्ली का 5वां वृद्धाश्रम

दिल्ली सरकार बेसहारा बुजुर्गों के लिए पांचवां वृद्धाश्रम का निर्माण करवा रही है। पश्चिम विहार में बनने वाला यह वृद्धाश्रम आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। सरकार के मुताबिक, निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसका नाम सावित्री बाई फूले सीनियर सिटीजन होम होगा, जिसमें 96 बुजुर्गों के रहने की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस वृद्धाश्रम के संचालन की मंजूरी दे दी है।

### लालकिले में निशुल्क घूमने का आखिरी दिन

नई दिल्ली। लालकिले में बुधवार को पर्यटकों के पास निशुल्क घूमने का आखिरी मौका है। लालकिले में 23 जनवरी से पर्यटकों को निशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। 31 जनवरी को नौ दिवसीय पराक्रम उत्सव और लालकिला मैदान में भारत पर्व का समापन होगा।

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹58100/-* per 10gms.
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 7% ON ALL ITEMS
*T&C apply
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024. Ph: 47284728

**शहर 30s**

### क्षमता निर्माण कार्यक्रम दो फरवरी से

नई दिल्ली। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने शैक्षिक और व्यावसायिक मार्ग दर्शन परामर्शदाता (ईवीजीसी) के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दो फरवरी से आयोजन करेगा। परिषद के संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. नाहर सिंह ने सर्कुलर जारी किया है। अलग-अलग बैच में 160 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण मिलेगा। यह योजना पर्यटन मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के खिलाफ प्रदर्शन तीन को

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 को वापस लेने की मांग को लेकर तीन फरवरी को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया जाएगा। ऑल इंडिया फोरम फॉर राइट टू एजुकेशन की ओर से देशभर में प्रदर्शन के लिए आह्वान किया गया है। फोरम की ओर से लगातार राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा को वापस लेने की मांग की जाती रही है। इसी संबंध में तीन फरवरी को प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा से संबंधित कई अन्य मांगों को भी रखा जाएगा।

ADVERTISEMENT
आयुर्वेद से किडनी रोगी 20 दिनों में हुआ ठीक -डा.दस्सन
मैं जागीर सिंह, गुरु नानक कालोनी, सुलतानपुर लोधी, जिला कपूरथला पंजाब -144626 से हूँ। किडनी का बहुत इलाज करवाने के बाद भी कोई फर्क नही पड़ा पर डा.दस्सन से जब इलाज शुरु करवाया तो मात्र 20 दिनों में मेरा क्रेटेनाईन 9.4 से 1.0 पर सामान्य आ गया और अब मै ठीक हूँ।
जागीर सिंह
DR DASSAN'S AYURVEDA
जनहित में मेरी प्रार्थणा है कि छोटे बड़े विज्ञापनों के झांसे में आने से पहले पता करें कि उस डॉक्टर के संस्थान में पते व रिकार्ड सहित कितने रोगी ठीक हुए है। उसका google पर website रीव्यू भी चैक करें। डा. दस्सन द्वारा, रोगी के ठीक होने की संभावना के बारे में पहले ही बता दिया जाता है। मेरे जैसे ठीक हुए अनेकों रोगियों का सबसे अधिक डाटा www.drdassans.com और dr.dassans Youtube पर पते सहित उपलब्ध हैं। समय रहते 07355793557 पर कॉल या whatsapp करें

### 'छात्रवृत्ति पर स्पष्ट निर्देश जारी करें'

नई दिल्ली, प्र.सं.। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कहा कि यूजीसी जीपैट उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करें।

साथ ही इस संदर्भ में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालयों से संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को जीपीएटी छात्रवृत्ति न मिलने से समस्याएं हो रही हैं। मांग को लेकर यूजीसी चेयरमैन को ज्ञापन दिया है।

### जनगणना पर समय सीमा बढ़ाई

नई दिल्ली, प्र.सं.। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने आगामी जनगणना-2021 के लिए प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं को फ्रीज करने की तारीख के विस्तार को मंजूरी दे दी है।

अब संबंधित विभाग और एजेंसियां 30 जून तक इसमें कोई परिवर्तन करा सकेंगी। राजनिवास के मुताबिक, समय सीमा एक जनवरी, 2024 से बढ़ाकर 30 जून तक करने का प्रस्ताव रखा गया था।

### सीएसई ने स्कूलों को सम्मानित किया

नई दिल्ली, का.सं.। स्कूल परिसर को हरा-भरा बनाने को लेकर विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (सीएसई) ने देश के 20 स्कूलों को ग्रीन स्कूल पुरस्कार से सम्मानित किया।

199 स्कूलों को 'ग्रीन स्कूल' के तौर पर प्रमाणित किया। इनमें केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर के स्कूल शामिल रहे। पर्यावरण जागरुकता को बढ़ावा देने में अग्रणी होने पर पंजाब को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला।






# मरम्मत कार्यों से कई स्थानों पर लग रहा जाम, चालक परेशान

जाम का झाम

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली के कई इलाकों में मंगलवार को वाहन चालक जाम में फंसे रहे। खासतौर से मध्य, उत्तर-पूर्व, पश्चिम एवं उत्तर दिल्ली में जाम की समस्या देखने को मिली। अलग-अलग कारणों से जाम लगने पर लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसे लेकर सोशल मीडिया पर ट्रैफिक पुलिस को भी शिकायतें दर्ज कराई गईं।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पांचवां पुश्ता के पास से मंगलवार दोपहर कलश यात्रा निकाली गई। इसके चलते उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में दोपहर के समय वाहन रेंगकर चलते रहे। इसका असर शास्त्री पार्क, सीलमपुर, जाफराबाद, भजनपुरा, मौजपुर आदि इलाकों में देखने को मिला। उधर, राजघाट पर मंगलवार सुबह कई वीवीआईपी श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। इस वजह से मध्य दिल्ली के कई इलाकों में वाहनों की लंबी कतार लग गई। आईटीओ, विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर, दिल्ली गेट, दरियागंज, डीडीयू मार्ग आदि जगहों पर वाहन चालक जाम में फंस गए। इसके अलाव जीबी पंत अस्पताल लालबत्ती, मुकरबा चौक, मीरा बाग, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, आरके आश्रम से पंचकुइयां रोड, शादीपुर, पटेल नगर, आजादपुर और लाजपत नगर से भी ट्रैफिक पुलिस को जाम की शिकायतें मिलीं।

### बैरिकेड लगाकर शिवाजी मार्ग को बंद किया

पश्चिमी दिल्ली में निर्माण और मरम्मत कार्य के चलते वाहन मंगलवार को रेंगते नजर आए। नजफगढ़ रोड स्थित शिवाजी मार्ग (मोती नगर से राजा गार्डन जाते समय) की सड़क पर मरम्मत कार्य किया गया। इसके चलते यहां बैरिकेड लगाकर रास्ते को बंद करना पड़ा। इस वजह से यहां से गाड़ियों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ, राजौरी गार्डन से पंजाबी बाग जाने की दिशा में दर्शन पार्क के समीप भूमिगत पैदल पारपथ बनाया जा रहा है, जिसके चलते यहां से वाहनों को निकलने में काफी परेशानी हो रही है।



नई दिल्ली में आईटीओ पर मंगलवार को वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। दिनभर चालक जूझते रहे। • एजेंसी

## नजफगढ़ का रहने वाला था, फरीदाबाद में जिम के बाहर दो बदमाशों ने 26 गोलियां मारी, गैंगवार में वारदात की आशंका

# बिश्नोई गैंग से जुड़े बल्लू की बीच बाजार हत्या

सनसनीखेज

फरीदाबाद/नई दिल्ली, संवाददाता। नजफगढ़ के रहने वाले सूरजपाल उर्फ बल्लू पहलवान की मंगलवार शाम फरीदाबाद सेक्टर-11 में बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह जिम से बाहर आ रहा था, तभी दो हमलावरों ने उसे गोलियों से भून दिया।

कार में आए हमलावरों ने बल्लू पर करीब 26 गोलियां चलाईं। वहीं, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूत्रों के अनुसार, बल्लू को लॉरेंस बिश्नोई के करीबी कपिल सागवान उर्फ नन्दू का खास माना जाता था। इसलिए माना जा रहा है कि हत्या के पीछे गैंगवार भी वजह हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक बल्लू पहलवान तड़ीपार था। 36 वर्षीय बल्लू नजफगढ़ में अपने रिश्तेदार के पास रहता था। मंगलवार शाम करीब 5 से 7 बजे वह जिम करने के लिए सेक्टर-11 डी डीएलएफ स्थित जिम में आया था। तभी वहां पहले से मौजूद दो लोगों ने उस पर फायरिंग कर दी। पूरी घटना एचडीएफसी बैंक के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसे पुलिस ने कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी है।

### अमेरिका में बैठे कपिल सांगवान पर शक



बल्लू पहलवान। • फाइल फोटो

सूत्रों की मानें तो बल्लू लॉरेंस के करीबी कपिल सांगवान उर्फ नन्दू का खास था। गैंग की कलेक्शन मनी बल्लू ही एकत्र करता था। कुछ साल पहले उसके नजफगढ़ स्थित दफ्तर पर नन्दू के जीजा की हत्या गैंगस्टर मंजीत महल ने करवा दी थी। इस मामले में बल्लू गवाह था, लेकिन वह गवाही के लिए राजी नहीं हो रहा था। इसलिए आशंका है कि अमेरिका में बैठे नन्दू ने ही उसकी हत्या करवा दी है। बल्लू नंदू के जीजा के हत्या का इकलौता गवाह था। ऐसे में आशंका है कि दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद मंजीत महल ने भी उसकी हत्या करवाई होगी।

### विकास चौधरी की हत्या की यादें ताजा हुई

कुछ साल पहले फरीदाबाद में ही कांग्रेस के प्रवक्ता विकास चौधरी की भी गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। वह भी जिम करके घर जा रहा था। जैसे ही वह बाहर निकले थे तो बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी थी।

### सरेआम वारदात के बाद दहशत का माहौल

सेक्टर-11 के बाजार में सरेआम गोली मारकर हत्या करने की घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। जहां बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया, वहां काफी दुकानें हैं। एचडीएफसी बैंक के ठीक सामने यह घटना हुई है।

> पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। दो हमलावर कार में सवार होकर आए थे। दोनों ने ही गोली चलाई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।
>
> -आनंदपाल, सेक्टर-8 थाना प्रभारी

## शूटर मुहैया कराने वाला बदमाश धरा




नई दिल्ली/नोएडा। एयरलाइंसकर्मी सूरज मान की हत्या के मामले में नोएडा सेक्टर-39 पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया। इसी ने हत्याकांड में शामिल तीनों शूटरों की व्यवस्था की थी और उन्हें धन उपलब्ध कराया था। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

एडीसीपी नोएडा जोन मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि सेक्टर-104 की मार्केट में 19 जनवरी को दिल्ली के गैंगस्टर प्रवेश मान के भाई और एयर इंडिया के कर्मचारी सूरज मान की दिनदहाड़े गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके चचेरे भाई ने केस दर्ज करवाया था।

जांच में पुलिस को पता चला कि हत्याकांड को अंजाम दिलवाने में गैंगस्टर कपिल मान के दाहिना हाथ कहे जाने वाले नवीन शर्मा का हाथ है। उसी ने तीनों शूटरों की एक-एक लाख रुपये में व्यवस्था की थी। नवीन भी कपिल मान के साथ कई हत्याओं में शामिल रहा है। वह उसके साथ जेल में भी बंद था। वह कपिल मान की कथित प्रेमिका के संपर्क में भी था। एडीसीपी ने बताया कि मंगलवार तड़के पुलिस को सूचना मिली कि नवीन शर्मा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में सेक्टर-43 में आया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन उसने पुलिस पर गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई। इस दौरान नवीन के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद की है। घायल नवीन को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

नवीन ने बताया कि वह कपिल उर्फ कल्लू मान गैंग का सक्रिय सदस्य है। वह मूलरूप से झज्जर का निवासी है। वह कपिल मान के साथ हत्या करता और करवाता है। वर्ष 2021 में उसने कपिल के साथ मिलकर दिल्ली के एक व्यापारी की हत्या कराई थी।

### परिवारों में काफी दिन से चल रहा है विवाद

एसीपी वन रजनीश वर्मा ने बताया कि नवीन ने 19 जनवरी को गैंगस्टर प्रवेश मान के भाई सूरज मान की हत्या के लिए रेकी कराई थी। इसके बाद बाद उसने शूटरों को लोकेशन दी। वह प्रवेश मान गैंग के अन्य बदमाश की हत्या करवाने की फिराक में था। प्रवेश मान और कपिल दोनों दिल्ली के नरेला गांव के रहने वाले हैं। दोनों के परिवारों में जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है।

**पिता की हत्या का बदला लिया :** आरोपी नवीन के अनुसार कपिल मान अक्सर अपने पिता की हत्या का बदला लेने की बात कहता था। कपिल मान रोहिणी न्यायालय दिल्ली में जनवरी में अपनी तारीख पर आया था। यहीं पर सूरज मान की हत्या की साजिश रची गई।कपिल मान की दोस्त काजल खत्री, सोनू उर्फ विकास, हरजीत मान (कपिल मान का भाई), मन्नू मान, धीरज मान, शक्ति मान और संजीत शामिल थे।

शहर 30s

### होमगार्ड के तीन अधिकारी सम्मानित

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली होमगार्ड में कार्यरत तीन अधिकारियों और कर्मचारियों को पदक से सम्मानित किया गया है। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह रावत और जिला कर्मचारी अधिकारी रजनी शौनिक को मिला है। वहीं, कनिष्ठ प्रशिक्षक राम नारायण को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

### आप विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली। रिठाला विधानसभा से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक महेंद्र गोयल और उनके समर्थकों पर समयपुर बादली थाने में केस दर्ज किया है। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन में कार्यरत लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने विधायक के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने की शिकायत दी थी। सुनील कुमार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अधिवक्ता कोर्ट की इमारत से कूदा, मौत

नई दिल्ली। साकेत कोर्ट की 8वीं मंजिल कूदकर साकेत कोर्ट में ही प्रैक्टिस करने वाले एक अधिवक्ता ने सोमवार रात आत्महत्या कर ली। मृतक अधिवक्ता 44 वर्षीय ओम कुमार शर्मा ने एक सुसाइड़ नोट छोड़ा है। जिसमें उन्होंने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने अपने नोट में बीमारी और अपनी आर्थिक स्थिति से परेशान होने की बात लिखी थी।

### निगम से पदों को समाप्त न करने की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के इंजीनियरिंग फोरम के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को महापौर डॉ शैली ओबरॉय, नेता सदन मुकेश गोयल और नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह से मुलाकात की है। इस बारे में फोरम के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में 65 इंजीनियरिंग के पदों को खत्म करने के लिए एक रिपोर्ट तैयार हुई है। इस रिपोर्ट को निगम ने एक निजी विपदा परामर्श कंपनी को तैयार करने की जिम्मेदारी दी थी।

### कांग्रेस ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस ने महात्मा गांधी के शहीदी दिवस के मौके पर प्रदेश कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि भारत को स्वतंत्र और गणतंत्र बनाने के लिए महात्मा गांधी ने अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस दौरान पूर्व विधायक मुकेश शर्मा, जितेन्द्र कुमार कोचर, अशोक कुमार जैन, हरनाम सिंह व अन्य लोगों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### सरेआम युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

नई दिल्ली। नरेला इलाके में कुछ लोगों ने सरेआम एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना में प्रॉपर्टी विवाद और अन्य आपसी कारण सामने आए हैं। फिलहाल पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

### साइबर अपराधों के खिलाफ अर्जी पर जवाब मांगा

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका पर केन्द्र, दिल्ली सरकार और राज्य पुलिस से जवाब मांगा है। याचिका में डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए युग के साइबर अपराधों के संबंध में चिंताएं जताई गई हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने इस याचिका पर सरकारों के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी किया है।

### घर में घुसे बदमाशों को पुलिस के हवाले किया

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में लूटपाट के इरादे से घर में घुसे चार बदमाशों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने सबा नामक युवती पर रॉड से हमला कर दिया। सबा की आवाज सुनकर भाई 25 वर्षीय निसार वहां पहुंचा और उसने सारी बात बताई। निसार और सबा ने मिलकर पूरे परिवार व पड़ोसियों को वहां बुला लिया। इसके बाद बदमाशों को पकड़कर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया गया।

## निगम ने 440 स्थानों पर अवैध निर्माण गिराए

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने जनवरी में 440 जगहों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। साथ ही 85 जगहों पर संपत्ति को सील भी किया है। इसके अतिरिक्त अवैध रूप से 35 जगहों पर प्लॉटों की चारदीवारी को भी ध्वस्त किया है।

निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ तीन कानून के तहत कार्रवाई की है। इसमें मास्टर प्लान 2021, भवन निर्माण के नियमों और निगम अधिनियम का उल्लंघन करने की वजह से विभिन्न जगहों पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है। इसमें निजी कृषि भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए प्लॉटों और सड़कों पर भी कार्रवाई की है। इसके अलावा 70 एकड़ निजी कृषि भूमि को भी अवैध निर्माण से मुक्त कराया गया। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके संबंध में निगम की टीमें लगातार सभी जोन में जांच कर रही हैं। निगम के संज्ञान में आया है कि आसानी से बिजली पानी के कनेक्शन उपलब्ध होने के कारण अवैध निर्माण हो रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड और बिजली वितरण कंपनियों के साथ मिलकर जनवरी में निगम की ओर से कार्रवाई की है। इन विभागों से तुरंत प्रभाव से अवैध रूप से निर्माण करने वाली जगहों से बिजली और पानी के कनेक्शन काटने के लिए संपर्क किया है।

### बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, व.सं.। दिल्ली नगर निगम के नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने संशोधित बजट अनुमान 2023-24 और बजट अनुमान 2024-25 पर अपना अभिभाषण देते हुए चर्चा शुरू की। बजट पर फैसले के लिए पांच से सात फरवरी को भी सदन की बैठक होगी।

## रावण गिरोह का सरगना हत्थे चढ़ा

नई दिल्ली, व.सं.। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सूरत गुजरात में बहुचर्चित कुमोड हत्याकांड में वांछित बिहार के रावण गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी राम नरेश साहनी उर्फ रावण ऑफ बिहार पर करीब 25 संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

मार्च 2012 में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आरोपी को पकड़ लिया था, मगर 2013 में बेटी की शादी पर जमानत लेकर वह फरार हो गया। दिल्ली की अदालत ने भी उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

## गृहमंत्री का निजी सचिव बता कारोबारी से ठगी

■ अमित झा

नई दिल्ली। मथुरा के रहने वाले एक कारोबारी से गृहमंत्री का निजी सचिव बनकर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने कारोबारी की फर्म की रजिस्ट्री को रुकवाकर वारदात को अंजाम दिया।

इस मामले में स्पेशल सेल ने शिकायतकर्ता आशीष कोहली के बयान पर मामला दर्ज कर एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, निजी सचिव बनने वाले शख्स की तलाश चल रही है।

### आरोपियों को नहीं मिली जमानत

पुलिस ने नितिन गुप्ता और उसकी पत्नी शिखा गुप्ता को गिरफ्तार किया है। वहीं, गृहमंत्री का निजी सचिव बनने वाला वरुण चौहान फिलहाल फरार है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने आरोपी शिखा गुप्ता की जमानत याचिका और आरोपी वरुण चौहान की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

आशीष कोहली मथुरा में कारोबार करते हैं। वर्ष 2023 में वह अपनी फर्म की रजिस्ट्री करवाने रजिस्ट्रार के पास पहुंचे। वहां पता चला कि गृहमंत्री के निजी सचिव ने रजिस्ट्रार को कॉल कर रजिस्ट्री रुकवाई है। रजिस्ट्रार की तरफ से दिए गए मोबाइल नंबर पर जब उन्होंने संपर्क किया तो उस शख्स ने खुद को गृहमंत्री का निजी सचिव बताया। उसने बताया कि कानून मंत्री के सलाहकार नितिन गुप्ता के निर्देश पर यह रजिस्ट्री रुकवाई गई है।

इसके बाद नितिन गुप्ता ने कॉल कर उन्हें मिलने के लिए दिल्ली बुलाया। उसने खुद को कानून मंत्री का सलाहकार बताया। यहां उसने गृहमंत्री का निजी सचिव बताकर वरुण चौहान (असली नाम) को उनसे मिलवाया।

वहीं, शिखा गुप्ता को गृहमंत्री के निजी सचिव का सचिव बताकर मिलवाया। उन्होंने 12 लाख रुपये लेकर यह रोक हटाने की बात कही। आशीष को झांसे में लेने के लिए उन्होंने 12 अप्रैल का एक फर्जी अदालत का आदेश भी दिखाया। उन पर विश्वास होने के चलते पीड़ित कारोबारी ने यह रकम दे दी। बाद में ठगी का एहसास होने पर उन्होंने मामले की शिकायत स्पेशल सेल से की।

## अभिनेत्री ने दुष्कर्म का केस दर्ज कराया

नई दिल्ली, व.सं.। बिग बॉस 2017 में बिग बॉस की प्रतिभागी रही एक टीवी अभिनेत्री ने सोमवार को तिगडी थाना पुलिस को दुष्कर्म की शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अभिनेत्री ने अपने ही परिचित व्यक्ति पर बलात्कार करने का आरोप लगाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया की अभिनेत्री मुंबई में रहती है और मॉडलिंग करती है।

## छात्रा ने झपटमार को पकड़ा

इनसे सीखें

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। केशवपुरम थाना इलाके में 12वीं की एक छात्रा ने राहगीरों की मदद से एक झपटमार को मौके पर ही पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।


वारदात के वक्त छात्रा कुछ बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने जा रही थी। जांच में आरोपी 20 आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है। छात्रा इशिका वर्मा ने बताया कि सोमवार शाम को ट्यूशन पढ़ाने के लिए घर से निकली थीं। शांति नगर रोड पर पीछे से आ रहा बाइक सवार युवक मोबाइल झपटकर भागने लगा। इशिता बाइक के पीछे भागने लगी। संतुलन बिगड़ने से बाइक सवार सड़क पर गिर गया और राहगीरों की मदद से झपटमार को पकड़ लिया।

## भ्रूण लिंग जांच केंद्र का खुलासा

नई दिल्ली/गुरुग्राम। स्वास्थ्य विभाग गुरुग्राम की टीम ने दिल्ली के सरिता विहार में लिंग जांच करने वाले सेंटर का भंडाफोड़ किया है।

क्लीनिक चलाने वाली महिला डॉक्टर कई दिनों से एक महिला दलाल के साथ मिलकर बच्चे का लिंग बताने का अवैध काम कर रही थी। स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने डॉक्टर, उसके पति, दलाल सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया।

## पूछताछ के बाद दो आयोजक गिरफ्तार




### करीब 3000 से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी

हादसे के बाद कई लोगों के बयान लिए गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। आखिरकार मंगलवार को दो आयोजक सतीश और अनुज मित्तल को गिरफ्तार कर लिया गया। आयोजन के दौरान जागरण में करीब 3000 से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी। जागरण में आने वाले वीआईपी लोगों के लिए आयोजकों ने मुख्य मंच के पास मंच लगाया था। भीड़ के चलते अचानक मंच गिर गया था।

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। कालकाजी मंदिर परिसर में जागरण के दौरान वीआईपी मंच गिरने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो आयोजकों को गिरफ्तार कर लिया।

आयोजकों में 38 वर्षीय सतीश कुमार और 43 वर्षीय अनुज मित्तल शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को पहले नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया था। लंबी पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में 17 लोग घायल हुए थे और एक महिला की मौत हो गई थी। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि 27 जनवरी की रात कालकाजी मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन हुआ था। कार्यक्रम के दौरान रात करीब 12.30 मंच गिरने के कारण टीना नाम की महिला की मौत हो गई थी।


## महिला के साढ़े पांच लाख रुपये उड़ाए

नई दिल्ली, का.सं.। मौरिस नगर इलाके में ऑनलाइन खरीदे उत्पाद में गड़बड़ी की शिकायत करने के चलते एक महिला जालसाजों का शिकार बन गई।

पीड़िता ने शिकायत के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर डाला था। अंजान वेबसाइट पर नंबर डालने के चलते जालसाजों ने कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर कॉल किया और फोन हैक कर 5.30 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने पीड़िता को व्हाट्सऐप पर एक ऐप भेजा और पैसे वापस लेने के लिए उसे इंस्टॉल कर उत्पाद और बैंक खाते की जानकारी भरने को कहा। इसके बाद रुपये कट गए।

## ‘शरजील की जमानत पर फरवरी तक फैसला लें’

अदालत से



दिल्ली उच्च न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राष्ट्रद्रोह के आरोप में जेल में बंद छात्र कार्यकर्ता शरजील की जमानत अर्जी पर मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया है कि फरवरी खत्म होने से पहले शरजील की जमानत याचिका पर फैसला लें।

दिल्ली पुलिस ने जनवरी, 2020 के दिल्ली सांप्रदायिक दंगा केस में शरजील को गिरफ्तार किया था। मंगलवार को जस्टिस सुरेश कुमार कैत और मनोज जैन की बेंच को शरजील के वकील ने बताया था कि याचिका पर सात फरवरी को सुनवाई होनी है। इस पर बेंच ने कहा कि हम ट्रायल कोर्ट को आदेश देते हैं कि सुनवाई के 10 दिन के अंदर इस याचिका पर फैसला सुनाएं। वकील के मुताबिक, शरजील ने सीआरपीसी की धारा 436ए के तहत जमानत की याचिका दाखिल की है।

उन्होंने तर्क दिया है कि वह पिछले चार साल से कस्टडी में है और यूएपीए की धारा 13 के तहत गैरकानूनी गतिविधियां करने के दोषी को अधिकतम सात साल की सजा दी जा सकती है। वे इस सजा का आधे से ज्यादा समय जेल में बिता चुका है, इसलिए वह जमानत पाने का हकदार है। पेश मामले में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में वर्ष 2020 में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के मामले में शरजील समेत अन्य पर हिंसा की साजिश रचने का आरोप है।


उत्तर मध्य रेलवे G20

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-जीएसयू-2024-3 | अनुमानित लागत (रू): ₹ 100073794.25

कार्य का नामः प्रोविजन ऑफ़ गुड्स साइडिंग प्लेटफार्म एंड अदर मिसलेनियस सिविल इंजीनियरिंग वर्क्स एट भिंड स्टेशन।

अमानत राशिः ₹ 650400.00, निविदा बन्द होने की तिथि: 20.02.2024 at 15:00 hrs., स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह

नोटः- (1) निविदा दिनांक 20.02.2024 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 163/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना क्रमांकः एनआईटी/11/24/03, दिनांक 23.01.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रमांक | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र की लागत (₹) | प्रतिभूति राशि जमा (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11235649A | 22.02.2024 | 10.30 | 00 | 54000.00 |

विवरण :- घुमने वाला पेंच विद्युत चालित कंप्रेसरः 500 सीएफएम 10किलोग्राम/सेमी 2 विस्तत विवरण इसके साथ संलग्न है। निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर जाएं।

वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/400

South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

नागपुर मंडल में विभिन्न कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा सूचना

सीपीएम, जीएसयू, एस.ई.सी.रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

निविदा सूचना सं.: सीपीएम-जीएसयू-23-एनजीपी-2023-24

कार्य का नाम: एस.ई.सी. रेलवे के नागपुर मंडल में अतिरिक्त लूप लाइन (लाइन नं क्र. 3) और चांदा फोर्ट यार्ड के चंद्रपुर से चांदा फोर्ट (लाइन क्र. 4) तक कॉर्ड लाइन के प्रावधान के संबंध में फॉर्मेशन का निष्पादन, नए प्लेटफार्म का निर्माण, ईआई भवन, गिट्टी की आपूर्ति, पी-वे सामग्री का परिवहन, ट्रैक को जोड़ने और अन्य संबद्ध विविध कार्यों का निष्पादन।

अनु. निविदा मूल्य: ₹ 16,59,87,961.57

बिड सेक्युरिटी: ₹ 9,79,900.00

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक 16.02.2024 के 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। उपरोक्त निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य अभियंता (गति शक्ति इकाई),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

FL/32-225

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान

क्रमांक :- ननिको/द0/निर्माण/2023/28691 दिनांक :- 25.01.2024

ई-निविदा संशोधन सूचना

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या 40/2023-24 पूर्व क्रमांक ननिको/द0/निर्माण/2023/1060-74 दिनांक 04.01.2024 की तिथियों में पुनः निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। संवेदक निविदा सम्बन्धी प्रपत्र नगर निगम कोटा की दक्षिण निगम वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://eproc.rajasthan.nic.in & www.sppp.rajasthan.gov.in से निम्नानुसार प्राप्त (डाउनलोड/अपलोड) किये जा सकेंगे।

| क्र. सं. | विवरण | पूर्व में दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) | 15.12.2023 से 05.01.2024 तक | 15.12.2023 से 05.02.2024 तक |
| 2 | निविदा अपलोड करने की तिथि | 15.12.2023 से 05.01.2024 तक | 15.12.2023 से 05.02.2024 तक |
| 3 | निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि | 08.01.2024 (कार्यालय समय) | 06.02.2024 (कार्यालय समय) |
| 4 | निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 09.01.2024 | 07.02.2024 |
| 5 | वित्तिय बिड खोलने की तिथि | तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात् | तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात् |

शेष यथावत रहेगा। अधीक्षण अभियन्ता
राज.संवाद/सी/23/12452 नगर निगम कोटा दक्षिण

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, पिथौरागढ़

पत्रांक : 1244/वि.वि.मं.(पि.)/ दिनांक : 30.01.2024

ई निविदा पुनः विस्तारीकरण सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 1165/वि.वि.म.(पि.)/ दिनांक 05.01.2024 द्वारा आमंत्रित एवं पत्रांक 1230/वि.वि.म.(पि.)/दिनांक 22.01.2024 से विस्तारित ई निविदा सं. क्रमशः 27/ई.डी.सी.(पि.)/2023-24, 29/ई.डी.सी.(पि.)/2023-24 एवं 30/ई.डी.सी.(पि.)/2023-24 जिनके खुलने की तिथि 30.01.2024 थी, को अपरिहार्य कारणों से पुनः विस्तारित किया जाता है। उक्त ई निविदाओं के खुलने की संशोधित तिथि 07.02.2024 समय 12:00 होगी एवं ऑनलाईन एवं ऑफलाईन जमा करने की अंतिम तिथि 06.02.2024 समय 04:00 बजे होगी। ई निविदाओं की अन्य नियम व शर्त वैबसाइट http://www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

Customer Care Toll Free No- 1800 419 0405
'' राष्ट्र हित में बिजली बचायें ''
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org जायें

अधीक्षण अभियन्ता







**For more details: Delhi:** Honda BigWing Delhi East: 9311123940, 9311123941, Honda BigWing Delhi South: 9319397063, 9319268711, 9319268712; **Haryana: Gurugram:** Honda BigWing Topline Gurugram: 9289151554, 8750400045, 8750700045; **Uttar Pradesh: Ghaziabad:** Honda BigWing Ghaziabad Central: 8826427979, 8826417979; **Noida:** Honda BigWing Noida Central: 8448443076, 9871555737; **Agra:** Honda BigWing Agra Central: 9837091982, 8192800075; **Ayodhya:** Geeta Honda: 9721153131, 9792313131; **Azamgarh:** Honda BigWing Azamgarh South: 9151824502, 9151824501, 8188054966; **Bareilly:** Honda BigWing Bareilly East: 8979712268; **Kanpur:**

भूटानी इंफ्रा के साथ मिलकर तीन साल में पूरा करेगी, अगले माह अनुबंध होगा

# बोनी कपूर की कंपनी यीडा क्षेत्र में फिल्म सिटी विकसित करेगी

प्रोजेक्ट अपडेट

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म सिटी के लिए मंगलवार को कंपनी मिल गई। फिल्म निर्माता बोनी कूपर की अगुवाई वाली कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स को इसके लिए चयन किया गया है। यह कंपनी तीन साल में भूटानी इंफ्रा के साथ मिलकर परियोजना को मूर्त रूप देगी।

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में 230 एकड़ जमीन में फिल्म सिटी विकसित होगी। इसके विकास पर 1570 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अगले महीने कंपनी के साथ अनुबंध होगा। इसके बाद काम शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण ने वर्ष 2021 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी विकसित करने की योजना बनाई थी। प्राधिकरण ने तीसरी बार फिल्म सिटी विकासकर्ता के चयन के लिए पिछले साल 30 सितंबर को ग्लोबल टेंडर निकाले थे।

### विकासकर्ता कंपनी को तलाशने में चार साल लगे

चार साल के प्रयास के बाद फिल्म सिटी के विकास के लिए कंपनी मिली है। फिल्म सिटी विकसित करने का प्रस्ताव पहली बार अक्टूबर 2020 में पास हुआ था। उसके बाद इसकी प्रक्रिया चलती रही। पीपीपी मॉडल पर विकसित होने वाली परियोजना में कंपनी को 1510 करोड़ रुपये लगाने होंगे। कंपनी को 90 साल का लाइसेंस मिलेगा। अगर तय समय में निर्माण पूरा नहीं हुआ तो 10 लाख रुपये प्रति दिन का जुर्माना लगेगा।

### 75 एकड़ जमीन में होटल, प्लाजा और मॉल भी बनेंगे

पहले चरण में 230 एकड़ में फिल्म सिटी विकसित होगी। इसमें 155 एकड़ जमीन में फिल्म इंडस्ट्री और 75 एकड़ जमीन में होटल, प्लाजा, मॉल आदि विकसित किए जाएंगे। इस मौके पर यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, एसीईओ कपिल सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, फिल्म निर्माता केसी बोकाड़िया, भूटानी इंफ्रा के सीओओ अली राम चेंटले, अश्विनी चेंटले आदि मौजूद रहे।

"उत्तर प्रदेश में अपनी तीन फिल्मों की शूटिंग की है। अब यूपी फिल्म निर्माण के लिए हमारा घर बन जाएगा। इसे एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी बनाएंगे।"
–बोनी कपूर, पार्टनर, बेव्यू प्रोजेक्ट्स

"बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप ने सबसे बड़ी बोली लगाई है। औपचारिकताएं पूरी कर जल्द अनुबंध किया जाएगा।"
–डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यीडा

## ग्लोबल सिटी-आईएमटी के लिए 15 अरब मंजूर

गुरुग्राम, वरिष्ठ संवाददाता। मिलेनियम सिटी में बनने वाली ग्लोबल सिटी और औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) सोहना के बुनियादी ढांचे का विकास करने के लिए 15 अरब रुपये खर्च होंगे। मंगलवार को चंडीगढ़ में हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसकी मंजूरी दी।

इस रकम से ग्लोबल सिटी और आईएमटी सोहना का बुनियादी ढांचा विकसित करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भूमि विकास के लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) इनका इस्तेमाल करेगा। हरियाणा सरकार के वित्त विभाग ने कुछ नियमों और शर्तों के साथ अपनी सहमति प्रदान की है।

एक हजार एकड़ में बन रही ग्लोबल सिटी : एचएसआईआईडीसी गुरुग्राम में एक हजार एकड़ जमीन पर ग्लोबल सिटी विकसित कर रहा है। योजना तैयार कर ली गई है। ग्लोबल सिटी सेक्टर-36बी और सेक्टर-37बी में आती है। सिंगापुर और दुबई की तर्ज पर इसे विकसित करने की तैयारी है। पहले चरण में 570 एकड़ जमीन पर बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

# नोएडा के कई और गांवों में गलत तरीके से मुआवजा बांटा

कलंक कथा

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण के जरिए मुआवजा वितरण में हुई गड़बड़ी से जुड़ी जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसमें एसआईटी ने बताया है कि कुछ और गांवों की फाइलों में अनियमितता मिली है। इन गांवों में सैकड़ों करोड़ रुपये गलत तरीके से मुआवजे के रूप में किसानों को बांटे गए।

यह रिपोर्ट करीब 200 पन्नों की है। रिपोर्ट में प्राधिकरण के तत्कालीन आला अधिकारियों की लापरवाही को भी दर्शाया गया है। मुआवजा गड़बड़ी मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हुई थी। इस दौरान शासन ने एसआईटी के जरिए दी गई रिपोर्ट को न्यायालय के समक्ष रखा। शासन ने पूरी रिपोर्ट हिंदी में होने के कारण इसका अंग्रेजी में ट्रांसलेशन कराने के लिए न्यायालय से अतिरिक्त समय मांगा। ऐसे में न्यायालय ने ट्रांसलेट करने के लिए वक्त देने को मंजूरी दी है। इस वजह से न्यायालय रिपोर्ट को लेकर कोई सुनवाई नहीं कर सका। अब अगले महीने होने वाली सुनवाई में न्यायालय इस रिपोर्ट के आधार पर कोई आदेश दे सकता है। गेझा गांव में बांटे गए मुआवजा वितरण गड़बड़ी मामले में तत्कालीन सहायक विधि अधिकारी वीरेंद्र नागर और दिनेश सिंह को निलंबित किया जा चुका है।

### 1500 से अधिक फाइलों को खंगाला गया

नवंबर 2023 में इस मामले में सुनवाई हुई थी। उच्चतम न्यायालय ने यूपी सरकार और एसआईटी को फटकार लगाते हुए मुआवजा घोटाला मामले में बीते 10-15 साल की विस्तृत जांच करने के आदेश दिए थे। इससे पहले सिर्फ गेझा गांव से जुड़े मुआवजा घोटाला मामले की जांच कर रिपोर्ट एसआईटी ने प्रस्तुत की थी। एसआईटी के सदस्यों ने बीते दिसंबर में प्राधिकरण दफ्तर में रुककर 1500 से अधिक फाइलों को खंगाला था।

### कोर्ट के निर्देश पर गठित हुई थी एसआईटी

उच्चतम न्यायालय ने 14 सितंबर 2023 को नोएडा प्राधिकरण और शासन को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह गड़बड़ी सिर्फ सहायक विधि अधिकारी स्तर के अफसर नहीं कर सकते। इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए। फिर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद प्रदेश सरकार ने इस मामले में बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के चेयरमैन हेमंत राव की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी।

## पूर्व डिप्टी कमिश्नर समेत चार दोषी

गाजियाबाद। सीबीआई की विशेष अदालत ने रिश्वत मामले में कस्टम विभाग के पूर्व डिप्टी कमिश्नर समेत चार लोगों को दोषी करार दिया है। सजा पर सुनवाई के लिए तीन फरवरी को होगी।

शशिकांत दादरी स्थित कंटेनर डिपो में डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनात थे। अवान एगजिम कंपनी का विदेश से माल आया था। कस्टम ड्यूटी के मामले में शशिकांत ने माल सीज किया था और छुड़ाने के एवज में कंपनी के डायरेक्टर नरेंद्र चुग से पांच लाख की मांग की थी। डायरेक्टर ने इसकी शिकायत कमिश्नर से की थी। सीबीआई को भनक लगते ही कस्टम विभाग के डिप्टी कमिश्नर शशिकांत के घर छापा मारकर रिश्वत की रकम और एक सोने की ईट बरामद की थी।

## प्रॉपर्टी डीलर ने पत्नी की हत्या कर खुद भी जान दी

- दिमाग और किडनी का इलाज चल रहा था
- नशा मुक्ति केंद्र के पास से दोनों के शव मिले

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। मधुबन बापूधाम क्षेत्र में नशा मुक्ति केंद्र के पास प्रॉपर्टी डीलर ने सोमवार रात पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को भी गोली मार ली। पुलिस के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर करीब तीन माह से तनाव में था। उसके दिमाग और किडनी का इलाज चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से रुड़की के गांव लिबरहेड़ी निवासी 45 वर्षीय विनोद चौधरी 42 वर्षीय पत्नी दीपक, बेटी शगुन और बेटे शिवाय के साथ महेंद्रा एनक्लेव में रहते थे। विनोद चौधरी पूर्व में नोएडा की एक कंपनी में काम करते थे। वर्ष 2016 में कंपनी बंद होने के बाद उन्होंने प्रॉपर्टी डीलिंग शुरू की। सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे वह घूमने के बहाने पत्नी दीपक को साथ लेकर कार से निकल गए। घर न लौटने पर पड़ोसी योगेंद्र और बेटी शगुन ने कई बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। रात डेढ़ बजे कविनगर थाने में सूचना दी गई। मंगलवार सुबह कमला नेहरू नगर स्थित नशा मुक्ति केंद्र के पास पुलिस को गोली लगे शव मिलने की सूचना मिली।

## किसानों ने प्राधिकरण के चारों गेट बंद किए

नोएडा। सेक्टर-6 नोएडा प्राधिकरण दफ्तर के सामने करीब 50 दिन से धरना दे रहे किसानों ने मंगलवार को सुबह से ही प्राधिकरण के चारों गेट पूरी तरह से बंद कर दिए। इससे प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी भी अंदर नहीं जा सके। आम लोग धक्के खाकर वापस लौट गए। जमीन से जुड़ी मांगों और मुआवजे को लेकर भारतीय किसान परिषद के बैनर तले किसान नोएडा प्राधिकरण दफ्तर के सामने धरने पर बैठे हैं।

एनसीआर 30s

### डीपीआर मंजूरी के लिए गारंटी मांगी

गाजियाबाद/लखनऊ। वेव और सन सिटी से भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क वसूलने और संशोधित डीपीआर स्वीकृत करने को लेकर लखनऊ में मंगलवार को शासकीय समिति की बैठक हुई। इसमें 572 करोड़ रुपये की गारंटी देने पर संशोधित डीपीआर स्वीकृत करने की बात कही गई।

### पांचवीं के छात्र ने फांसी लगाई

फरीदाबाद। सराय ख्वाजा स्थित पल्ला पावर हाउस कॉलोनी में मंगलवार को पांचवी के छात्र मनीष ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सराय ख्वाजा थाना की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन के अनुसार मनीष को कोई दिक्कत नहीं थी।

### कुत्ते की मौत मामले में आरडब्ल्यूए पर केस

गुरुग्राम। सेक्टर-23ए में दो बच्चियों को काटने वाले आवारा कुत्ते की सोमवार को मौत हो गई थी। नेहा और अंजलि ने मकान नंबर 4049 पी के सामने शव मिला। पशु प्रेमियों ने स्थानीय आरडब्ल्यूए के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाया है। पालम विहार थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


### ब्लैकमेल कर रही प्रेमिका को मार डाला

गाजियाबाद। शादीशुदा प्रेमिका संजना ब्लैकमेल करने लगी तो टैक्सी चालक अरुण ने उसे मौत के घाट उतार दिया। 28 जनवरी को महिला के लापता होने की घटना का मंगलवार को खुलासा करते हुए सिहानी गेट पुलिस ने अरुण को गिरफ्तार कर लिया।

## कैलाश खेर, दलेर मेहंदी सूरजकुंड मेले में सुरों का जादू बिखेरेंगे

फरीदाबाद। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले की शाम रंगारंग कार्यक्रमों से गुलजार होगी। इस बार सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों में बॉलीवुड गायक कैलाश खेर और पंजाबी गायक दलेर मेहंदी भी पर्यटकों के बीच सुरों का जादू बिखेरेंगे।

सूरजकुंड मेले में प्रसिद्ध भजन गायक मैथिली ठाकुर के मधुर सुर भी पर्यटकों को आनंदित करेंगे। इसके अलावा फैशन का जलवा भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। हरियाणा पर्यटन विभाग ने शाम छह से आठ बजे तक होने वाले कार्यक्रमों की सूची तैयार कर ली है। दो फरवरी से मेले का आयोजन किया जाएगा। समारोह के पहले दिन मैत्रेय कार्यक्रम का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें हरियाणा और गुजरात के कलाकार अपनी संस्कृति को नृत्य के माध्यम से दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे।

SHRI R.S. SHARMA

"Your memories linger vividly, and your absence is deeply felt every passing moment. You remain our eternal wellspring of inspiration and strength. Your enduring principles and values continue to illuminate our paths. Your legacy is etched in our hearts. May your soul find eternal peace."

Fondly Remembered by
Sharma Family

12.11.1950 - 31.01.2023

Sur Aradhana Event Creations Pvt. Ltd. | Gabicus Edutech India Pvt. Ltd.
Hands on Hands Ventures Pvt. Ltd. | Yap Hospitality Pvt. Ltd. | Sur Aradhana Socio-Cultural Society

॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥



SMT. GOMTI DEVI
(W/o Late Shri R. C. Aggarwal)

HAS ATTAINED ETERNAL PEACE ON SUNDAY, 28th JANUARY, 2024

A devoted wife, a loving mother, a doting grandmother & an indulgent great grandmother, she will forever continue to be the guiding light of our lives.

PRAYER MEET & BHAJAN SANDHYA

will be held on Thursday, 1st February, 2024 at 'Chinmaya Mission', 89, Lodhi Road, New Delhi, between 4.00 pm - 5.00 pm to celebrate the life of a great matriarch & cherish her in our prayers.

In Reverence :

SONS & DAUGHTERS-IN-LAW
Mr. Sudhish & Mrs. Anita Gupta
Dr. Prem & Mrs. Anita Aggarwal
Mr. N. K. & Mrs. Manju Gupta

DAUGHTER & SON-IN-LAW
Dr. Komal & Dr. Atul Jain

GRANDSONS & GRANDDAUGHTERS-IN-LAW
Mr. Kulin & Mrs. Hema Gupta
Mr. Abhishek & Mrs. Vidhu Gupta
Mr. Kunal & Mrs. Cherie Gupta
Dr. Manav & Dr. Mrigakshi Aggarwal
Mr. Aditya & Mrs. Jaskirat Kaur Jain

GRANDDAUGHTERS & GRANDSONS-IN-LAW
Mrs. Parul & Mr. Ajay Mittal
Dr. Prerna & Dr. Divanshu Ojha
Mrs. Astha & Mr. Saurabh Chandra
Mrs. Meghna & Mr. Vidush Singhania

GREAT-GRANDCHILDREN
Ananya, Akshat, Arhaan, Abeer, Aarav, Arlav, Reyan, Shaurya, Myra, Mannat, Meher, Shanvi & Sabhyapat

Management & Staff of :
India International House Ltd. | SANJEEVAN HOSPITAL | TV100 Avanti Media Limited | India International Technical Recruiters | Medical Dialogues ....Daily Dose of Health & Medical News

UTTARAKHAND POWER CORPORATION LIMITED
(A Govt. of Uttarakhand Undertaking)
O/o The Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle (Urban)
New Forest, FRI Campus, Dehradun CIN- U40109UR2001SGC025867
Email: seedcurban@gmail.com Website: www.upcl.org

E-TENDER NOTICE

E-TENDER No. 49/EDC(U)/2023-24:- Supply, Erection and commissioning of LT ACB 800 Amp with four pole on existing 400/250 KVA DTR's and 250 Amp 4 pole LT MCCB for 100 KVA and 125 KVA and 63 KVA DTR and 11 KV TPMO 200 Amp under 33/11 KV S/s Happy Velley, Landour and Karyarkuli..
E-TENDER No. 50/EDC(U)/2023-24:- Supply, Erection and commissioning of LT ACB 800 Amp with four pole on existing 250/400/500/630 KVA DTR's at 33/11 KV S/s Kargi, 33/11 KV S/s Palm City, 33/11 KV S/s Transport Nagar under EDSD Turner Road.
E-TENDER No. 51/EDC(U)/2023-24:- Replacement of old damage conductor by AB Cable at Suri Chawk and Race Cource Colony under EDSD Patel Road.
E-TENDER No. 52/EDC(U)/2023-24:- Replacement of weasel conductor by AB Cable at different area under EDD (Central), Dehradun.
E-TENDER No. 53/EDC(U)/2023-24 :- Manpower for the office work of S.E., EDC(Urban), Kaulagarh, Dehradun.
Last date and time for request to submit the tenders document dated 15-02-2024 upto 13:30 Hrs. & Tenders Opening Date 15-02-2024 upto 16:00 Hrs.
For further details, login to website www.uktenders.gov.in
No. 2069/EDC(U)/DDN
Date: 30/01/2024 Superintending Engineer
"Save Electricity in the Interest of Nation" Toll Free No. 1800-419-0405

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।


| | |
|---|---|
| 1 | कार्य का नामः वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, प्रथम/दिल्ली अनुभाग में बहुउपयोगी वाहनों को किराए पर लेना और पी.वे सामग्री का नेतृत्व करना। 2 वर्ष की अवधि के लिए। |
| 2 | अनुमानित लागतः रु. 1,82,79,682.84/- |
| 3 | धरोहर राशिः रु. 2,41,400/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए) नोटः- एफ.डी.आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रिलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4 | समापन अवधिः 24 महीने |
| 5 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समयः 23.02.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 23.02.2024 को 15:00 बजे। |
| 6 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता हैः www.ireps.Gem.in पर उपलब्ध है। |
| 7 | समान प्रकार के कार्यः कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |

नोटः- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।
सं.: 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/23-24/डब्लू-I (NIT-51) दिनांक: 30.01.2024 323/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 05/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी॰) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। क्र.सं. 1. कार्य का विवरण : मौजूदा स्टेबिल लाइन और वाशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान और शंटिंग कार्य के लिए इन सभी लाइनों को एक छोर पर जोड़ना और ट्रेन सेट डिपो सी.बी.जे. में वाशिंग पिट की नाली को लोहे के मेश से ढकने के साथ-साथ लोको मूवमेन्ट के लिए वाशिंग लाइन को उपयुक्त बनाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 4,44,92,285.85, बयाना राशि रूपयो में : रू. 3,72,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 6 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 21.02.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी॰), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 522
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

IN LOVING MEMORY
1st Death Anniversary
MISS YOU DADDY



Sh. Jagdish Chander Ji
(07-03-1948 - 31-01-2023)

Every day in some way We miss you more than words can say, in our hearts your shall always stay loved and remembered every day

SGN UNIVERSAL
Ajay Arora and Yamini Arora
(Son & Daughter-in-Law)
Ayaan Arora
(Grandson)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr. P.C. देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त सुभाष कुमार शर्मा, प्रोपराइटर आफ मेसर्स शर्मा एसोसिएट एंड बिल्डर्स, पता– डी–29, गली नंबर 01, विकास कॉम्प्लेक्स, विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092 ने सी.सी. नं0 7011/18 धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना आई.पी. इस्टेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त सुभाष कुमार शर्मा मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त सुभाष कुमार शर्मा फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि सी.सी. नं0 7011/18 धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना आई.पी. इस्टेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त सुभाष कुमार शर्मा से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 02.04.2024 को या इससे पहले हाजिर हों।
आदेशानुसार
श्री अर्जुन किराड़
महानगर दंडाधिकारी
(एन.आई. एक्ट, केन्द्रीय)–04
रूम नं0 01, एनेक्स–1, केन्द्रीय
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/1069/CD/2024 (Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.PC देखिये

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त अमरीश @ संदीप पुत्र राम सरन, निवासी मकान नं. क्यू-2/19, बुद्ध विहार, फेज-I, दिल्ली ने केस प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1125/2017 धारा 324/342/34 आईपीसी पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अमरीश @ संदीप मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अमरीश @ संदीप फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती हैं कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1125/2017 धारा 324/342/34 आईपीसी पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली के अभियुक्त अमरीश @ संदीप से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 26.03.2024 को या उससे पहले हाजिर हों।
आदेशानुसार
श्री नवदीप गुप्ता
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर पश्चिम),
कमरा नंबर-109, पहली मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/1187/RD/2024 (Court Matter)

गुमशुदा की तलाश



शाहरुख



मुस्कान

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का एवं एक लड़की दोनों निवासी सी–40, ठोकर नं. 8, शाहीन बाग, नई दिल्ली। जिसका नाम शाहरुख, पुत्र स्वर्गीय दफेदार, आयु आयु 15 वर्ष, कद 5'4", रंग गोरा, लम्बा चेहरा, पतला शरीर, जो नीले रंग की शर्ट तथा नीले रंग की जींस पैंट पहने हुए अपनी बुआ नाम मुस्कान, पुत्री शेर मोहम्मद, आयु 18 साल, कद 4', रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, साधारण शरीर, जो काले रंग का बुर्का पहने हुए दिनांक 14.01.2024 को अपने घर से लापता है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास करने के बावजूद भी इस लड़के और इसकी बुआ के बारे में पता नहीं चल सका है। इस संदर्भ में एक मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 36/2024, दिनांक 24.01.2024 को धारा 363 भा.द.सं. के तहत थाना शाहीन बाग, नई दिल्ली में दर्ज है।
यदि किसी व्यक्ति को इस लड़के और इसकी बुआ के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें।
वेबसाइटः http://cbi.nic.in
ईमेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-23011334
फोन नं.: 011-23014046, 23015218
थाना प्रभारी
थानाः शाहीन बाग, नई दिल्ली
फोनः 011–26940691, 26940692
8938914480, 8750870926
DP/1053/SE/2024

स्मृतिशेष



स्वर्गीय डा. सुखबीर सिंह
5 अगस्त 1943 - 31 जनवरी 1994

ओजस्वी वक्ता, सशक्त साहित्यिक हस्ताक्षर समर्पित अध्यापक, ऊर्जावान प्रशासक, चिंतक कर्मठ समाज सेवी, संवेदनशील मित्र और प्रेरक पिता... हम अपने रक्त में बसे आपके ऊर्जावान संस्कारों को नमन करते है प्रतिक्षण आपकी पुण्य स्मृति को समर्पित... समस्त परिवार



Dr. R.L. Sharda
31 Jan, 1995

आज आपकी पुण्यः तिथि के दिन समस्त परिवार आपको स्मरण और नमन करता है। देश की स्वतंत्रता में आपका योगदान तथा हमें दिए संस्कार सदैव याद रहेंगे। आपको भावभीनी श्रद्धांजली। शारदा परिवार 9/21 South Patel nagar, New Delhi 31 jan 2024

## ईडी से बचने के लिए

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और प्रवर्तन निदेशालय, यानी ईडी के अधिकारियों के बीच सोमवार और मंगलवार को जो लुकाछिपी का खेल चला, वह चिंताजनक तो है ही, साथ ही काफी दिलचस्प भी है। ईडी जमीन घोटाले के बारे में काफी समय से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करना चाहती है, लेकिन हर बार जब समन जारी होता है, वह नहीं पहुंचते। रविवार को वह सरकारी विमान से नई दिल्ली पहुंचे, तो सोमवार देर रात ईडी ने उनके दिल्ली स्थित निवास-स्थान पर छापा मारा। ईडी ने दावा किया कि उसे छापे में कुछ कागजात, 36 लाख रुपये नकद और एक एसयूवी कार मिली। मगर हेमंत सोरेन नहीं मिले। जब संपर्क की कोशिश की गई, तो मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के फोन बंद मिले। मंगलवार को यह खबर मीडिया के जरिये लोगों तक पहुंची ही थी कि पता चला कि मुख्यमंत्री रांची के अपने सरकारी निवास-स्थान पर पहुंच गए हैं। अब उन्होंने ईडी को चिट्ठी लिखकर कहा है कि वह पूछताछ के लिए बुधवार को दोपहर एक बजे अपने निवास पर उपलब्ध रहेंगे। ईडी अधिकारी वहां उनसे पूछताछ कर सकते हैं।

वैसे पिछले कुछ दिनों से यह कहा जा रहा है कि झारखंड जमीन घोटाले को लेकर ईडी उन्हें कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। अगर यह सिर्फ आशंका है, तब भी एक मुख्यमंत्री से उम्मीद की जाती है कि वह आने वाले राजनीतिक संकट को देखते हुए प्रदेश को कोई व्यवस्था देने की कोशिश करेगा। मगर हेमंत सोरेन इससे भी बचने की कोशिश करते रहे। सबसे बड़ी बात यह है कि एक वरिष्ठ राजनेता और मुख्यमंत्री यह कैसे सोच लेता है कि वह ईडी जैसी एजेंसी की पूछताछ से हमेशा के लिए बच सकता है? वैसे, ऐसा करने वाले हेमंत सोरेन अकेले नहीं हैं। यही काम कुछ अन्य राज्यों के नेता और मुख्यमंत्री भी कर रहे हैं। अगर हम हेमंत सोरेन के आरोप को सही मान भी लें कि उन्हें फंसाने की कोशिश हो रही है, तो एक वरिष्ठ राजनीतिज्ञ की तरह उनसे उम्मीद की जाती है कि वह इन कोशिशों का राजनीतिक मुकाबला करेंगे। जबकि, भागने की कोशिशों से तो उनकी राजनीतिक छवि ही खराब होगी, और बहुत से लोग यह मानने पर बाध्य होंगे कि दाल में कुछ काला है। हेमंत सोरेन अगर चाहें, तो अपने पड़ोसी राज्य बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और उनके पुत्र तेजस्वी यादव से इस मामले में बहुत कुछ सीख सकते हैं। इसी दौरान पटना में पूरे एक दिन ईडी ने 75 वर्षीय लालू यादव से पूछताछ की। अगले दिन तेजस्वी यादव से पूछताछ शुरू हो गई। ईडी के खिलाफ उनके आरोप भी वही हैं, जो हेमंत सोरेन के हैं, लेकिन वे जानते हैं कि इससे बचा नहीं जा सकता और इस लड़ाई को राजनीतिक रूप से ही लड़ना होगा।

**यदि हम हेमंत सोरेन के आरोप को सही मान भी लें कि उन्हें फंसाने की कोशिश हो रही है, तब भी उम्मीद यही की जाती है कि वह इसका राजनीतिक मुकाबला करेंगे।**

हालांकि, ईडी भी पिछले कई साल से विवादों में रही है। खासकर राजनीतिज्ञों के खिलाफ जांच करने और फिर उनमें से कुछ को क्लीन चिट दे देने के मामले में ईडी के राजनीतिक दुरुपयोग के आरोप भी सामने आते रहे हैं। पिछले दिनों आए आंकड़े बताते हैं कि ईडी ने अब तक जितने भी लोगों पर आरोप लगाए हैं, उनमें आरोप-सिद्धी की दर 0.5 फीसदी ही रही है। मगर इस सबका अर्थ यह नहीं है कि ईडी जब समन जारी करे, तो नेता भागते फिरें। लोग तो यही उम्मीद करते हैं कि कैसा भी संकट आए, उनके नेता पूरी मर्यादा के साथ चुनौती का मुकाबला करने का उदाहरण पेश करेंगे।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 29 जनवरी, 1949

## भोपाल का भविष्य

भोपाल रियासत ने देश के समाचार-पत्रों और आम जनता का ध्यान अपनी ओर खींच रखा है। रियासत में पिछले कुछ दिनों से दो पक्षों में संघर्ष चल रहा है। एक पक्ष का कहना है कि देश की बदली हुई परिस्थितियों में भोपाल का अलग अस्तित्व नहीं रह सकता। कुछ लोग भोपाल को मध्यभारत संघ में मिला देना चाहते हैं तो कुछ ऐसे भी हैं जो भोपाल के मध्यप्रांत में मिलने की हिमायत करते हैं। दूसरी ओर भोपाल के नवाब साहब हैं जिनकी स्वाभाविक इच्छा भोपाल को अलग रखने की हो सकती है। दुर्भाग्यवश भोपाल के कांग्रेस जनों में भोपाल के विलीनीकरण के प्रश्न को लेकर दो दल हो गये हैं। भोपाल की जिला कांग्रेस कमेटी, जिसको मध्यभारत प्रांतीय कांग्रेस कमेटी ने मोअत्तिल कर दिया है और जिसके प्रतिनिधि भोपाल के वर्तमान मंत्रिमंडल को चला रहे हैं, भोपाल के विलीनीकरण के बारे में नवाब के साथ वचनबद्ध हो चुकी है। उसने मंत्रिमंडल बनाने के पहले नवाब के साथ एक समझौता किया, जिसमें यह स्वीकार किया गया कि जिला कांग्रेस विलीनीकरण के बारे में नवाब का साथ देगी। विलीनीकरण के समर्थकों ने जब रियासत में विलीनीकरण के पक्ष में आंदोलन शुरू किया तो उनकी भोपाल के कांग्रेसी लेबल वाले मंत्रिमंडल से टक्कर शुरू हो गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आंदोलन को दबाने के लिये भोपाल के रियासत में सभाओं और जुलूसों पर प्रतिबन्ध लगा दिए गये थे। भोपाल के मंत्रिमंडल ने इन प्रतिबन्धों का विलीनीकरण के समर्थकों के विरुद्ध भी उपयोग किया।... सैकड़ों व्यक्ति गिरफ्तार किये गये। लाठीचार्ज किये गये और गोली भी चलीं। इस दमन ने भोपाल रियासत के भीतर और बाहर एक विषम स्थिति पैदा कर दी।

भोपाल के जो लोग, चाहे वे कांग्रेसजन हों या और कोई, विलीनीकरण का विरोध कर रहे हैं, वे जमाने की रफ्तार के विरुद्ध जा रहे हैं। रियासती सचिवालय न केवल छोटी रियासतों का, बल्कि बड़ी रियासतों का भी विलीनीकरण पसन्द करता है। ग्वालियर और इन्दौर जैसी बड़ी रियासतों का मध्यभारत संघ में मिलना और जयपुर, जोधपुर, बीकानेर का बृहद राजस्थान में शामिल होने को तैयार हो जाना बताता है कि हवा का रुख किस ओर है।

# समंदर में सैन्य सफलताओं के कीर्तिमान



यहां स्कैन करें

शेखर सिन्हा | सेवा. वाइस एडमिरल, नौसेना

**दुनिया में भू-राजनीतिक बदलाव के कारण समुद्री डकैती, तस्करी की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं, तो हमेशा मददगार रही भारतीय नौसेना की भूमिका भी व्यापक होती जा रही है।**



यह एक कीर्तिमान की तरह है कि हमारी नौसेना 24 घंटे के भीतर दो जहाजों को समुद्री डाकुओं से सुरक्षित रिहा कराए। दोनों जहाजों पर ईरान के झंडे थे। दूसरे जहाज पर तो 19 पाकिस्तानी नागरिक भी सवार थे। हमने यह सफलता कूटनीति और बल-प्रयोग से हासिल की, जो बताता है कि समंदर में अब हम कितने सक्षम हो गए हैं।

हालांकि, समुद्र में भारतीय नौसेना कभी कमजोर नहीं रही है। 1971 की जंग भला कौन भूल सकेगा, जिसमें बांग्लादेश का निर्माण किया गया था। उस युद्ध में भारतीय नौसेना ने काफी उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। दरअसल, पाकिस्तान जब हमें लगातार परेशान करता रहा, तो जनरल मानेकशॉ के नेतृत्व में भारत की जल, थल और वायु सेना ने तय किया कि 3-4 दिसंबर की रात पाकिस्तान पर चौतरफा हमला किया जाएगा। यह माना गया कि अगर हम पूर्व में कुछ करेंगे, तो पाकिस्तान उसका बदला पश्चिम में लेगा, जो बाद में सही साबित भी हुआ। इसीलिए हमारी रणनीति बनी कि पाकिस्तान के सबसे बड़े बंदरगाह कराची को ध्वस्त कर दिया जाए, क्योंकि वहीं से उसकी नौसेना का संचालन होता था और वह उसका सबसे बड़ा व्यावसायिक बंदरगाह भी था। साथ ही, पूर्वी पाकिस्तान के बंदरगाह को भी नष्ट करने की योजना बनी, ताकि यहां उसके सैनिकों को घेर लिया जाए।

कराची पर हमले की दुश्वारियां थीं। हमारे मिसाइल बोट छोटे थे और वे ज्यादा देर तक समंदर में नहीं रह सकते थे। उन पर तैनात मिसाइलें एक नियत दूरी से ही कराची बंदरगाह को निशाना बना सकती थीं। लिहाजा, दोतरफा योजना बनी। चूंकि ये मिसाइल बोट बॉम्बे (अब मुंबई) में तैनात थे, तो बड़े जहाज उनको खींचकर कुछ दूर ले आएं, ताकि उनका तेल कम उपयोग हो। और, दूसरी योजना के तहत कुछ मिसाइल बोट को पोरबंदर ले आया जाए, जहां से ईंधन लेकर वे कराची की ओर कूच करें। 3-4 दिसंबर की रात हमारे चार मिसाइल बोट इसी योजना के तहत पोरबंदर और बॉम्बे से निकले। सभी पर चार-चार मिसाइलें थीं। ये सभी जब कराची से नियत दूरी पर पहुंचे, तो उन्होंने ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि पाकिस्तान को सोचने का वक्त ही नहीं मिला। इससे कराची बंदरगाह पर मौजूद तेल के भंडार में आग लग गई और वहां मौजूद तमाम व्यावसायिक व जंगी पोत नष्ट हो गए। भारतीय नौसेना की इसी सफलता के कारण 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है।

उधर, पूर्वी तट पर विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया गया, जिस पर सी हॉक जैसे लड़ाकू विमान तैनात थे। जब देखा गया कि पूर्वी पाकिस्तान के बंदरगाहों पर हलचल तेज हो गई है, तो इस पोत पर तैनात विमानों ने वहां जमकर बमबारी की, जिससे पाकिस्तानी सैनिकों को हौसला टूट गया। वे या तो यहां से भाग निकले या उनकी जरूरतों को पूरा करने पश्चिमी पाकिस्तान से कोई मदद न आ सकी। इसने पाकिस्तानी कमांडर और 93,000 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। हालांकि, इससे पहले की एक घटना काफी दिलचस्प है। पाकिस्तान ने अपनी पनडुब्बी गाजी को पूर्वी तट पर तैनात किया था, ताकि वह विक्रांत को डुबो सके। मगर गाजी को छकाने के लिए भारतीय नौसेना ने आईएनएस राजपूत का इस्तेमाल किया, जो समंदर में सुरक्षा-कार्यों में तैनात था। वह संचार माध्यमों से इस तरह जवाब देता रहा, मानो वही विक्रांत हो। इस कारण गाजी विशाखापट्टनम के आसपास ही भटकता रहा, और बाद में हमारे सैनिकों द्वारा नष्ट कर दिया गया।

यहां एक और घटना का जिक्र जरूरी है। पश्चिमी तट पर हमारा युद्धपोत आईएनएस खुखरी पाकिस्तानी हमले का शिकार हो गया। इस जहाज के कप्तान महेंद्र नाथ मुल्ला अपने सैनिकों का साथ छोड़ने को तैयार नहीं हुए और वीरगति को प्राप्त हुए। नेतृत्व की इस भूमिका के लिए उनको मरणोपरांत महावीर चक्र से भी सम्मानित किया गया। वास्तव में, नेतृत्व की यह भूमिका भारतीय नौसैनिकों के खून में है। हमारे जहाज विशाल समंदर में अनवरत नेतृत्व की भूमिका में होते हैं। इसकी तस्दीक वहां के घटनाक्रमों से भी होती है।

समुद्र में भारतीय नौसेना दो तरह के खतरों का सामना करती है। एक, जब दुश्मन देश से लड़ाई हो, यानी पारंपरिक चुनौती। और दूसरा, शांति-काल के समय समुद्री डाकुओं, मानव व्यापार करने वालों, तस्करों आदि से मिलने वाली चुनौतियों का। आपदा प्रबंधन के कामों में तो हम काफी आगे माने जाते हैं। यह सब अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत किया जाता है। हिंद महासागर में ही हम सभी जहाजों की सुरक्षित आवाजाही में इसलिए मदद करना अपना दायित्व व कर्तव्य मानते हैं, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के तहत निर्बाध आवाजाही का हक सभी जहाजों को हासिल है। हम 2008 से लाल सागर में मौजूद हैं। भारतीय नौसेना इसलिए भी यहां नेतृत्व की भूमिका में होती है, क्योंकि हिंद महासागर के देशों में हम सबसे ताकतवर हैं। अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश तो यहां बाहरी माने जाते हैं। हां, अब चूंकि भू-राजनीतिक बदलाव के कारण शांतिकाल की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं, इसलिए हमेशा मददगार रही भारतीय नौसेना की भूमिका भी व्यापक होती जा रही है।

भारतीय नौसेना कूटनीतिक भूमिका भी खूब निभाती है। जिस देश से हमारे संबंध हैं, हम उनके साथ समुद्री सुरक्षा संबंधी समझौता करते हैं। इसके तहत द्विपक्षीय अभ्यास भी किए जाते हैं, ताकि एक-दूसरे को समझ सकें और वक्त आने पर एक-दूसरे की मदद कर सकें। इसीलिए लाल सागर में अमेरिका और ब्रिटेन के युद्धपोत मुस्तैद रहते हैं, और जब व्यावसायिक जहाज यहां से आगे बढ़ते हैं, तो भारतीय नौसेना उनकी सुरक्षा करती है। हम समंदर में विशेष अभियान भी चलाते हैं। हमारे कमांडर काफी दक्ष माने जाते हैं। हमने कई खुफिया अभियानों को भी अंजाम दिया है।

वास्तव में, 3,000 किलोमीटर तक फैले हिंद महासागर में कोई एक देश सबको सुरक्षा नहीं दे सकता। चूंकि यहां से हर साल करीब 1.9 लाख व्यावसायिक जहाज गुजरते हैं, इसलिए यहां की चुनौतियों से पार पाने के लिए तमाम देश एक साथ आते हैं। अच्छी बात है कि भारतीय नौसेना की भूमिका लगातार व्यापक होती जा रही है। इससे हम स्वाभाविक ही उन शक्तिशाली देशों की कतार में खड़े हो जाते हैं, जो अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अन्य देशों की रक्षा में भी मुस्तैद हैं। यह समंदर में हमारे बढ़ते ओहदे का संकेत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# अपने-अपने दृढ़ विचारों के दौर में दोस्ती पर खतरे



यहां स्कैन करें

मनु जोसेफ | पत्रकार और उपन्यासकार

मैं ऐसे लोगों से दोस्ती करता था, जिनके पास कोई नैतिक सलाह हुआ करती थी, लेकिन जब से उन्होंने मेरे लेख पढ़ने शुरू किए हैं, मैंने उनमें से कई दोस्तों को खो दिया है। मैं अभी भी कुछ ऐसे लोगों को जानता हूं, जो अपने कुछ दोस्तों से छुटकारा पाने के बारे में सोच रहे हैं। यह परखने का समय ही ऐसा है।

पिछले सप्ताह मेरी एक दोस्त अयोध्या में थीं। वहां नए मंदिर के उत्साह में वह बही नहीं, लेकिन उसने सोशल मीडिया पर अपने अनेक दोस्तों को बड़ी खुशी का इजहार करते देखा। वह सोच में पड़ गईं कि क्या वह अब अपने इन दोस्तों से पहले की तरह लगाव रख सकेगी? वह सोचने लगीं कि बदलते दौर में ऐसे दोस्तों के प्रति सच्चा कैसे बने रहा जाए?

आखिर क्या हो रहा है? लोग उन दोस्तों को खो रहे हैं, जिन्हें वे दशकों से प्यार करते थे। वे उन्हें सोच या विचार की वजह से खो रहे हैं। पहले बहुत कम लोगों के पास कोई विचारधारा हुआ करती थी। दरअसल, पहले केवल बुजुर्गों के पास ही विचारधारा होती थी। अब कोई न कोई विचारधारा हमारी पूरी मानव जाति-प्रजाति के स्वभाव में शामिल हो गई है। लोग अब आगे बढ़कर आपसे विचार या विचारधारा पूछने लगे हैं, और ऐसा लगता है कि अब कोई भी अपनी विचारधारा को छिपा नहीं सकता। परिणामस्वरूप, पूरे देश में, विशेषकर शिक्षित मध्यम वर्ग में लोग अब अपने पुराने दोस्तों से हाथ धोने लगे हैं।

**हमें जरूर सोचना चाहिए कि पूरे देश में, विशेषकर शिक्षित मध्यम वर्ग में लोग अपने पुराने दोस्तों से क्यों हाथ धोने लगे हैं?**

एक समय हम लोगों को सिर्फ इस बात के लिए नापसंद करते थे कि उन्होंने हमारे साथ कुछ बुरा किया; पर अब लोग अपने करीबी लोगों को भी उनकी सोच की वजह से नापसंद करने लगे हैं। जब मैंने अपनी दोस्त से यही बात कही, तो वह बोलीं, हो सकता है कि अब तुम मुझसे भी अपनी नजरें फेर लोगे, लेकिन मैं एक महिला होने के नाते ऐसा सोचती हूं। हमें या कम से कम मुझे, हमेशा यह जानने की जरूरत है कि जिस व्यक्ति से मैं बात कर रही हूं, वह क्या सोच रखता है? आखिर किसी व्यक्ति को उसके विचार से अलग करके कैसे देखा जा सकता है?

वाकई, अब अनेक चीजें बहुत तेजी से बदली हैं। अब हर कोई एक लेखक की तरह व्यवहार कर सकता है, जिससे महानगरीय मित्रता में भी उथल-पुथल मच गई है। आप महसूस कर सकते हैं कि मित्रताएं घट गई हैं। हालांकि, एक नई पीढ़ी भी उभरी है, जो दोस्तों के अलग-अलग खुशनुमा समूहों में मस्त है, पर ये ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अभी तक गंभीरता से अखबार पढ़ना शुरू नहीं किया है। ये जब राजनीति में कुछ खोजना शुरू करेंगे, तब इनकी दोस्ती में भी गांठ पड़ने लगेगी।

जो लोग खुद को उदारवादी मानते हैं, उनकी उन लोगों से पुरानी दोस्ती टूटने की आशंका ज्यादा है, जो धुर दक्षिणपंथी, बहुत धार्मिक, बहुत रूढ़िवादी या बहुत राष्ट्रवादी किस्म के हैं। यह हमारे समय का एक आश्चर्य है कि जानने योग्य दुनिया का ज्यादातर हिस्सा दक्षिणपंथी हो गया है। मेरी दोस्त के अनुसार, लंबे समय तक उन्हें लगता था कि किसी दक्षिणपंथी के साथ उनका लगाव नहीं हुआ, लेकिन यह सच नहीं है। देखा जाए, तो अधिकांश पुरुषों में दक्षिणपंथ की छाया होती है। वे महिलाओं को विशेष ढंग से देखते-समझते हैं। हो सकता है कि देखने-समझने की ऐसी ही दृष्टि महिलाओं में भी हो। आज किसी के लिए भी यह कहना आसान नहीं कि वह दक्षिणपंथी लोगों के साथ नहीं है, लेकिन क्या दोस्ती केवल एक राय से बर्बाद हो सकती है?

ध्यान रहे, पति-पत्नी बहुत ही व्यक्तिगत रूप से एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं, पर इसके पीछे स्त्री-पुरुष के सोचने का अलग बुनियादी ढंग ही ज्यादा जिम्मेदार है। विवाह से हमें यह सीखना चाहिए, पर हम इस पर कभी ध्यान नहीं देते हैं कि लोग अपनी बोली-जुबान से कहीं बेहतर होते हैं; मतलब, लोग अपनी राय की तुलना में ज्यादा अच्छे होते हैं, जैसे कोई मित्र अपनी विचारधारा से बहुत बेहतर होता है। निस्संदेह, जो लोग हमें पसंद करते हैं, उन्हें भी दुनिया के बारे में कुछ राय रखने का हक है, इससे क्या फर्क पड़ता है कि अचानक उनके दिमाग में क्या सोच समा गई? वैसे हमारे लिए अपनी सोच और विचारधारा भी जरूरी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# सबको दीजिए सम्मान

एक बार एक जिज्ञासु ने प्रश्न किया कि जीवन की सफलता का रहस्य क्या है? जीवन में सफलता के कई तत्व हैं, उनमें से एक समताभाव भी है। इसे मानसिक संतुलन भी कह सकते हैं। मन में किसी तरह की छोटे-बड़े की भावना नहीं होनी चाहिए। मानसिक संतुलन के लिए हमें सभी जीवों, मनुष्यों के साथ इस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए कि न तो हम में और न ही जिनसे हम व्यवहार कर रहे हैं, उनमें हीनताबोध उत्पन्न हो। स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ समझना एक गंभीर दोष है। इसी प्रकार किसी को हीन समझना भी बड़ी भूल है। हमें न तो हीनताबोध और न श्रेष्ठताबोध को प्रश्रय देना चाहिए।

हमें मानसिक संतुलन बनाए रखना चाहिए। जब मानसिक संतुलन बना हो, तो वह मन ईश्वर की ओर बढ़ने में सक्षम होगा। निरक्षर व्यक्तियों से साक्षर व्यक्ति हमेशा स्वयं को श्रेष्ठ मानता है। यह स्वाभाविक है। मान लो, हमें किसी ने मारा और हमने भी जवाब में मारा। इस स्थिति में हमने मारने वाले की क्रिया को पचाया नहीं, बल्कि प्रतिक्रिया किया। यदि हम बुद्धिमान हैं, तो हम आक्रमण सहन कर लेंगे। यहां सहन करने का अर्थ है, शत्रु की शक्ति का अनुमान करना। सहन करने का तात्पर्य मात्र सहन करना नहीं, बल्कि अपने को समाहित करना और शत्रु को नियंत्रित करना है।

इस बीच हमारे शत्रु की शक्ति क्षीण होगी। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए सहन-शक्ति बढ़ाने का अभ्यास करना फायदेमंद होता है। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि हम अनंतकाल तक सहन करते रहेंगे। उचित शक्ति का संचय और शक्ति का उचित इस्तेमाल भी उचित अभ्यास है। इसके बाद उन्हें सम्मान देना हमारा कर्तव्य है, जो अन्यत्र सम्मान नहीं पाते। लाखों-लाख लोग इस विश्व में हैं, पर उनमें से निन्यानबे प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जिन्हें सामाजिक प्रतिष्ठा नहीं दी जाती है। पहली बात तो यह है कि समाज उन्हें महत्व नहीं देता या देना नहीं चाहता। दूसरा तत्व यह है कि वे आर्थिक रूप से दुर्बल हैं, यानी वह निम्न जीवन-स्तर में रहने को विवश हैं। तीसरा तत्व यह है कि उनमें साक्षरता, यानी शिक्षा का अभाव है।

यदि हम किन्हीं को उचित स्थान देना चाहते हैं, तो उन्हें हमें ये तीन चीजें उपलब्ध करानी पड़ेंगी- उन्हें महत्व देना होगा, आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना पड़ेगा और उन्हें शिक्षित बनाना होगा। प्रत्येक मनुष्य को आदर देना धर्म का अभिन्न अंग है। यदि किसी का हम आदर करते हैं, तो उसके लिए उचित शिक्षा-व्यवस्था करके उसका ज्ञान विस्तार करें। ऐसी व्यवस्था की जाए, ताकि वह सामाजिक रूप में उन्नत हो। उसको आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना पड़ेगा, ताकि आत्मगौरव के साथ वह खड़ा हो सके। सबकी शिक्षा, सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता का उपाय करना होगा।

**यदि हम किन्हीं को उचित स्थान देना चाहते हैं, तो उन्हें हमें ये तीन चीजें उपलब्ध करानी पड़ेंगी- उन्हें महत्व देना होगा, आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना पड़ेगा और शिक्षित बनाना होगा।**

श्री श्री आनन्दमूर्ति

अमित शाह | केंद्रीय गृह मंत्री



सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देशवासियों के दिलों में स्वदेशी की भावना जगाने वाले महात्मा गांधी जी के शांति और सद्भाव के संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचार देशवासियों को राष्ट्र के लिए त्याग व समर्पण की प्रेरणा देते रहेंगे।

अनुलोम-विलोम

अंतरिम बजट

## कई उम्मीदों को पूरा करेगा अंतरिम बजट

वर्ष 1951-52 में जब पंचवर्षीय योजना को हरी झंडी दी गई थी, तब विनोबा भावे ने कहा था कि सरकार की सभी राष्ट्रीय योजनाओं का मकसद रोजगार बढ़ाना भी होना चाहिए। कल, यानी 1 फरवरी को जब केंद्र की मोदी सरकार अपनी दूसरी पारी का आखिरी बजट, यानी अंतरिम बजट पेश करने जा रही है, तब उसे भी संभवतः इस सवाल का जवाब तलाशना होगा, क्योंकि आम चुनाव में रोजगार एक बड़ा मुद्दा हो सकता है। इसका यह भी मतलब है कि अंतरिम बजट में सरकार ऐसा कुछ पेश कर सकती है, जो चुनावी रंग में रंगा हो सकता है।

अंतरिम बजट से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। उनको लगता है कि वित्त मंत्री ऐसी घोषणाएं करेंगी, जिनसे उनके दिन पहले से कहीं अधिक अच्छे बन जाएंगे। सरकार को चाहिए कि वह इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण-विकास और सामाजिक योजनाओं पर ध्यान देने के साथ-साथ स्वरोजगार बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं का एलान करे। अंतरिम बजट मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाला न हो, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय व्यापार को बढ़ाने वाला, कुटीर व लघु उद्योग की काया पलटने वाला और घरेलू बाजार को मजबूत करने वाला हो। अगर सरकार कुछ हद तक ही सही, कृषि, मत्स्य पालन, गांवों में दुग्ध डेयरी के विकास आदि के लिए विशेष पैकेज जारी करती है, तो न सिर्फ ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल सकेगी, बल्कि सरकार की भी कमाई बढ़ सकेगी, क्योंकि खेती-बाड़ी के अच्छे होने या घरेलू मांग में विस्तार से व्यापार बढ़ने का लाभ सरकारी खजाने को भी होता है। फलों की पैदावार बढ़ाना और पर्यटन को प्रोत्साहित करना भी देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर डाल सकता है।

उम्मीद यह भी है कि केंद्र सरकार अंतरिम बजट में उद्योग जगत को सस्ते कर्ज उपलब्ध कराने का प्रावधान कर सकती है, ताकि बिना किसी तनाव के उद्योग जगत अपने कारोबार सुधार सकें। इससे बेरोजगारी के मोर्चे पर भी सरकार को कुछ हद तक राहत मिल सकेगी, क्योंकि देश में बेरोजगारों की लाइन लंबी हो चुकी है। चूंकि सभी बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देना किसी भी सरकार के बस की बात नहीं है, इसलिए निजी क्षेत्र में नौकरी बढ़ाने के प्रयास कारगर साबित हो सकते हैं। अंतरिम बजट में ऐसा कुछ दिखने की संभावना इसलिए ज्यादा है, क्योंकि देश में बेरोजगारी दर को कम करना और हर हाथों को योग्य काम देना जरूरी है। कुल मिलाकर, अंतरिम बजट होने के बाद भी 1 फरवरी को घोषणाओं को पिटारा खुल सकता है।

राजेश कुमार चौहान, टिप्पणीकार





## इसमें शायद ही बड़ी घोषणाएं की जाएंगी

गुरुवार को मोदी सरकार अपने इस कार्यकाल का आखिरी बजट पेश करने जा रही है, जो एक अंतरिम बजट होगा। तकनीकी शब्दावली में कहें, तो यह लेखानुदान होगा, जिसका मकसद है कि नई सरकार के बनने तक प्रशासनिक काम-काज के संचालन में कोई आर्थिक दिक्कत न पैदा हो। मतलब साफ है कि प्रशासनिक काम-काज के सुगम संचालन के लिए ही यह बजट पेश किया जाएगा, जिसमें ऐसी कोई बड़ी घोषणा शायद ही की जाएगी, जिससे आम लोगों का व्यापक हित हो। इसकी एक वजह यह भी है कि कोई सरकार शायद ही अंतरिम बजट में ऐसी बड़ी नीतिगत घोषणा करती है, जिससे पूर्ण केंद्रीय बजट पेश करने वाली अगली निर्वाचित सरकार पर कोई वित्तीय बोझ पड़े। चुनाव आयोग की आचार संहिता भी इसकी इजाजत नहीं देती, क्योंकि ऐसा करने से मतदाताओं के प्रभावित होने का खतरा होता है।

यह सही है कि पिछले आम चुनाव से पहले किसान सम्मान निधि की घोषणा की गई थी, लेकिन इस बार केंद्र सरकार के सामने ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। वह जानती है कि राम मंदिर की स्थापना ने उसके वोट-बैंक को मजबूत कर दिया है, खासकर उत्तर भारत में लोकसभा चुनाव में राम मंदिर एक बड़ा मुद्दा बनने जा रहा है, जिस पर स्वाभाविक दावेदारी भाजपा की होगी। फिर, जिस बड़े राज्यों, यानी बिहार व महाराष्ट्र से उसे चुनौती मिलती दिख रही थी, वहां फिर से एनडीए सरकार की वापसी हो गई है, जिससे उसके लिए वोटों में सेंध लगने की आशंका खत्म होती दिख रही है। यह एक बड़ा सियासी कारण है, जिससे यह भरोसा नहीं होता कि सरकार अंतरिम बजट को पूर्ण बजट के तौर पर पेश करेगी। उसके लिए वोटरों को लुभाने जैसे प्रयास करना फिलहाल अप्रासंगिक जान पड़ता है।

अंतरिम बजट से कोई बड़ी उम्मीद न होने की तस्दीक एक हालिया सर्वे से भी होती है। उद्योग जगत के 100 से अधिक लोगों के बीच किए गए इस सर्वे में आयकर में छूट को लेकर उनकी उम्मीदें पूछी गई थीं। आयकर की बात इसलिए की गई, क्योंकि यह आम लोगों के बीच एक बड़ा मुद्दा है। हर बजट में, खास तौर पर मध्यवर्ग आयकर में छूट की उम्मीदें पालता है। मगर इस सर्वे में 63 फीसदी लोगों ने टैक्स में कोई छूट न मिलने की संभावना जताई, जबकि 37 फीसदी ने छूट मिलने की। यह संकेत है कि देश का एक बड़ा हिस्सा इस अंतरिम बजट से बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं रख रहा। वह भी यह समझ गया है कि आम चुनाव के बाद जो सरकार आएगी, वही आम लोगों के लिए घोषणाओं का एलान करेगी।

आरती, टिप्पणीकार

# रेशम के शहर को बड़ी उम्मीदें

केवल भारत ही नहीं, दुनिया भर में रेशम के शहर या सिल्क सिटी के नाम से सदियों से मशहूर भागलपुर के बुनकरों को बड़े सहयोग और प्रोत्साहन का इंतजार है। इन दिनों इस शहर में क्या है बुनकरों-हथकरघों का हाल? कहां से आ रहा है रेशम और कहां से पूंजी? कहां है मंडी-बाजार? पेश है, सिल्क सिटी का आंखों देखा हाल **तीरविजय सिंह** की कलम से...



रेशम नगरी भागलपुर अंडी चादर और तसर सिल्क के लिए मशहूर है। बदलते दौर में इस शहर ने भी अपना मिजाज और अपनी सोच बदली है। तसर की साड़ियां, कुर्ते, बंडी और स्टोल के साथ ही अब सिल्क क्लॉथ वॉलपेपर, मैचिंग रेशमी जूतियां-चूड़ियां, रेशमी शूट व बैग का निर्माण और निर्यात शुरू हो चुका है। यहां के बुनकर रेशम से आगे बढ़ते हुए अब लिनेन और सूती के बेहतरीन कपड़े तैयार करने लगे हैं। पॉलिएस्टर मिश्रित सिल्क साड़ियां, कपड़े और चादरें इस्तेमाल में आसान होने के साथ ही सस्ते और टिकाऊ हैं। गनीमत है, लूम पर तैयार असली सिल्क के कद्रदानों के बीच आज भी भागलपुरी उत्पादों से लगाव कायम है।

आज का भागलपुर महाभारत काल में चंपा नगरी के रूप में विख्यात था, जहां से अंग प्रदेश के राजा दानवीर कर्ण राजकाज चलाते थे। मुगलकाल में यहां के बुनकरों ने चंपा नगरी को रेशम नगरी के रूप में पहचान दिला दी। स्थानीय बुनकरों के बीच यह किस्सा प्रचलित है कि मुगलकाल में किसी राजा ने मकड़ी को जाला बनाते देखा, तो बुनकरों से कहा कि इसी तरह का जालीदार कपड़ा तैयार करो। शहतूत के पौधे से प्राप्त जिस कोकून से धागा निकालकर जालीदार कपड़ा बनाने बुनकर बैठे, उसे तसर रेशम के रूप में पहचान मिली। उस कपड़े से तैयार कुर्ता राजा को बेहद भाया। तभी से यहां सिल्क के कपड़े तैयार होने लगे। अंग्रेजों का दौर आया, तो भागलपुरी तसर सिल्क की पहुंच सात समंदर पार तक हो गई।

## तसर सिल्क की विशेषता

भागलपुरी रेशम की साड़ियां वजन में बहुत हल्की होती हैं। इन साड़ियों पर बिहार की सांस्कृतिक कला जैसे मधुबनी, मंजूषा, जनजातीय कला आदि की अपूर्व छटा देखते बनती है। तसर साड़ियां गर्म मौसम में भी आसानी से पहनी जा सकती हैं। देश के बड़े डिजाइनरों के बीच भी भागलपुरी तसर सिल्क की मांग बढ़ती जा रही है, पर क्या भागलपुर और बिहार इसका लाभ उठाने के लिए तैयार है?

बिहार बुनकर सेवा केंद्र के टेक्सटाइल डिजाइनर अनिरुद्ध रंजन कहते हैं कि विभाग के पास सटीक आंकड़ा तक नहीं है। वैसे हैंडलूम वाले बुनकर के बनाए कपड़े का कारोबार करीब सौ करोड़ रुपये का है। बुनकर संघ के लोग बताते हैं कि बुनकरों की संख्या सुनिश्चित नहीं है, कारोबार को कम आंका गया है। यहां चंपानगर, नाथनगर, मदनीनगर, कस्बा, गरकछाड़ी, तांती बाजार, हसनाबाद, नरगा, लोदीपुर, खंजरपुर, वारसलीगंज आदि जगहों से करोड़ों रुपये का कारोबार सालाना होता है।

## जब मिला औद्योगिक स्वरूप

1960 के बाद बड़े उद्योगपतियों की वजह से भागलपुरी सिल्क को औद्योगिक स्वरूप मिला। बनारस के बृजपाल दास की कंपनी इंडियन टेक्सटाइल और बाद में स्थानीय श्याम सुंदर साह की कोलकाता स्थित कंपनी ईस्टर्न सिल्क इस पेशे में आई। इंडियन टेक्सटाइल कंपनी ने उड़ीसा के कुर्जी इलाके में सरकार से लीज पर जंगल लिए। फिर वहीं के आदिवासियों की मदद से जंगल से कोकून निकाला जाने लगा। उन्हीं आदिवासियों को प्रशिक्षित किया गया कि कोकून को उबालकर धागा निकालें। जब तसर का धागा तैयार होने लगा, तब कंपनी ने सिल्क का कपड़ा तैयार करने के लिए भागलपुर का रुख किया।

भागलपुर के बुनकरों को पहली बार तानी-बाना यानी तसर और घीचा (कटिया) दिया गया, जिससे वे कपड़ा तैयार करने लगे। बाद में तानी-बाना में अलग-अलग गुणवत्ता के धागों के साथ प्रयोग अथवा नवाचार शुरू हो गया।

इंडियन टेक्सटाइल में काम कर चुके विश्वंभर प्रसाद अग्रवाल (अब स्वर्गीय) ने अच्छे दिनों को याद करते हुए बताया था कि एक कोकून से करीब 70 ग्राम धागा बनता था। तीन साल लगे थे, वहां के लोगों को जंगल से कोकून निकालने और उससे धागा तैयार करने का प्रशिक्षण देने में। बाद में ईस्टर्न सिल्क कंपनी भी इस काम में कूदी। कहते हैं कि भागलपुरी सिल्क के कारोबार का वह स्वर्णिम दौर था। बृजपाल दास 1970 के दशक के कुछ आखिरी सालों में चार्टर प्लेन से सिल्क निर्यात करने लगे थे। 1990 आते-आते भागलपुरी सिल्क का कारोबार 1,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था।

## चीनी दखल

1911 में जे बायरनी ने भागलपुर जिला गजेटियर में फ्रांसिस बुकानन का संदर्भ लेते हुए बताया है कि पुराने भागलपुर जिला में बुकानन ने 3,275 लूमों को चलते देखा था। पीसी रायचौधरी ने भी भागलपुरी सिल्क की गुणवत्ता की चर्चा करते हुए बताया है कि मोजाहिदपुर के कबीर खान के नेतृत्व वाली बिहार ट्रेडिंग कम्पनी ने 1958-59 में सिर्फ अमेरिका को छह लाख रुपये से अधिक का सिल्क निर्यात किया था। अब तमाम बाधाओं ने मिलकर यहां कारोबार को पांच सौ करोड़ रुपये तक सिमटा दिया है।

चीन ने भारत के सिल्क कारोबार में हाथ क्या डाला, पूरे बाजार को ही निगलना शुरू कर दिया। चीन ने कृत्रिम तसर तैयार कर लिया। हालत यह थी कि मलबरी के वेस्ट मटेरियल को भारत से खरीदकर उसने नॉयल बनाया। फिर वही नॉयल धागा व कपड़ा भारत को निर्यात करने लगा।

सिल्क कपड़ों के कारोबार से जुड़े विनोद अग्रवाल बताते हैं कि आज की तारीख में लोकल तसर 600 रुपये मीटर मिल रहा है, तो चाइना का तसर 400 रुपये मीटर। चीनी असल सिल्क नहीं है, फिर भी लोग चमक और सस्ते का लोभ संवरण नहीं कर पाते हैं। स्थानीय कारोबारी भी व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा में चीनी धागे मंगवाने लगे हैं।

## कदम उठाना जरूरी

भागलपुर के बुनकरों को यहीं पर कोकून मिल जाए, तो लागत कम आएगी। कोकून बैंक बनाने की मांग वर्षों पुरानी है। मशीनें इतनी महंगी हैं कि कोई लगाता नहीं। सुविधा केंद्र मूर्त रूप लेते, तो समस्या दूर होती। भागलपुर केंद्रीय और राज्य बजट से बड़े प्रोत्साहन की उम्मीद लगाए हुए है।

कारोबारी सफलता और बाधाओं के बीच रेशम नगरी के बुनकरों की विपदा की अनदेखी असंभव है। तंग गलियों में बसे 25 हजार बुनकरों की आर्थिक रूप से कमर टूट रही है। इनकी विपदा न टली, तो रेशमी गौरव खतरे में पड़ जाएगा। इन परिवारों के युवा मुंबई और दक्षिण के शहरों का रुख करने लगे हैं। वहां जाकर वे सिलाई या टेलरिंग के काम से जुड़ रहे हैं। ऐसे ही एक बुनकर परिवार के मुखिया का कहना है कि लूम पर 12 घंटे काम करने पर औसत 300 रुपये मजदूरी एक व्यक्ति की बनती है, जबकि बच्चे शहरों में टेलर का काम करके रोजाना औसतन हजार रुपये कमा ही लेते हैं। फिर भी उन्हें लगता है, यहां संभावनाएं बहुत हैं। यदि बुनकरों को समूचित बढ़ावा दिया जाए, तो सिल्क में सिरमौर बन सकता है बिहार।





### भागलपुरी चादरों की मांग और नकल

भागलपुरी चादर को भागलपुर में अंडी चादर भी बोलते हैं। अंडी के रेशे से इसे तैयार किया जाता है। अब तो यह अंडी सिल्क के मिश्रित धागों और विस्कोस (कृत्रिम कपास) या स्टेपल धागा से तैयार होने लगा है। इन दिनों यह धागा तमिलनाडु, कोलकाता से आने लगा है। बुनकरों के अनुसार, डेढ़ किलो धागे में दो चादरें तैयार होती हैं। यहां की चादर काफी मुलायम होती है। रेशम बुनकर खादी ग्रामोदय संघ के सचिव अलीम अंसारी की मानें, तो एक दशक पूर्व भागलपुरी चादर का सालाना कारोबार लगभग 150 करोड़ था। इसके बाद यूपी व महाराष्ट्र में भागलपुर चादर की नकल होने लगी। इससे ग्राहकों में गलत संदेश गया। भागलपुर के बुनकर पारंपरिक चादर के अलावा अब थ्रीडी चादर भी तैयार कर रहे हैं।

### बजट पर बुनकरों की निगाह

बुनकर मोहम्मद शाह आलम कहते हैं कि न हमारे पास पूंजी है और न यहां सिल्क मंडी है। हम महाजनों के मजदूर बनकर रह गए हैं। ऐसा मजदूर, जिसकी दिनभर की कमाई 300 रुपये से ज्यादा नहीं होती। मेरठ में सरकार बुनकरों को पूंजी दे रही है। वहां बुनकर खुशहाल हैं, जबकि बेहतर माल तैयार करने वाले भागलपुर के बुनकर बेहाल हैं। युवा बुनकर पारस दास कहते हैं कि बिजली में सरकार सब्सिडी देती है, पर फायदा महाजन उठाते हैं। बुनकरों के लिए संघर्षरत अब्दुल करीम अंसारी कहते हैं कि ये महाजनी व्यवस्था खत्म हो जाए, अगर पूंजी और मंडी बुनकरों को मिल जाए।

## भागलपुर और सिल्क

**1000** करोड़ रुपये तक पहुंच गया था भागलपुरी सिल्क का कुल कारोबार साल 1990 के आस-पास।

**25** हजार से ज्यादा बुनकर अकेले भागलपुर जिले में सिल्क वस्त्र के कामकाज में लगे हुए हैं।

**75** करोड़ रुपये से ज्यादा का है अकेले भागलपुरी चादरों का कारोबार।

**500** करोड़ रुपये के करीब सिल्क कारोबार भागलपुर से होता है।

**70** ग्राम तक धागा रेशम के एक कोकून से निकाला जाता है।

**18** प्रतिशत के करीब हिस्सेदारी है दुनिया के सिल्क उद्योग में भारत की।

**54** हजार से ज्यादा भारतीय गांवों में सिल्क से जुड़ा काम होता है।

### रेशम के और भी शहर

हमें सोचना पड़ेगा कि कहीं भागलपुर रेशम नगरी के रूप में पिछड़ने तो नहीं लगा है? दूसरे कुछ शहर हैं, जो रेशम की दुनिया में अपना नाम बनाने लगे हैं।

**कांचीपुरम, तमिलनाडु**
एक लोककथा के अनुसार, कांची रेशम का संबंध ऋषि मरकंडा से है, जो देवताओं के बुनकर थे, जो कमल के रेशों से कपड़ा बुनते थे। अब कपड़ा महीन शहतूत रेशम की डोरी से बुना जाता है। कांचीपुरम रेशम की पहचान पूरी दुनिया में बनने लगी है।

**औरंगाबाद, महाराष्ट्र**
रेशम से बनी पैठणी साड़ियों के लिए मशहूर औरंगाबाद कपड़ों की दुनिया में विशेष स्थान रखता है। यहां अप्रत्याशित विषयों और बहुत महीन रेशमी धागों का कमाल चर्चित है।

**पोचमपल्ली, आंध्रप्रदेश**
पोचमपल्ली इकत एक प्रकार का रेशम है, जिसे आंध्र प्रदेश के भूदान पोचमपल्ली समुदाय में खोजा गया था। अब भारत के नए रेशम शहर के रूप में पहचान बना रहा यह शहर दुनिया को बेहतरीन साड़ियां देने लगा है।

### मिले बढ़ावा : बिहार की शान जीआई टैग वाले 13 उत्पाद

बिहार में 13 कृषि एवं खाद्य उत्पाद तथा शिल्प कलाएं हैं, जो विश्व पटल पर खास पहचान रखती हैं। इन्हें जीआई (ज्योग्रेफिकल इंडिकेशन) टैग भी मिल चुका है। इससे दुनिया में इनकी विशिष्ट पहचान भी स्थापित हुई है। इनमें कुछ खास उत्पाद ऐसे हैं, जिनसे बिहार राज्य की मजबूत ब्रांडिंग होती है। ये ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अगर पूरा ध्यान दिया जाए, तो बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर बन सकते हैं। बिहार के कुशल-अकुशल युवाओं की अन्य प्रदेशों पर निर्भरता घट सकती है।

- मधुबनी पेंटिंग
- मुजफ्फरपुर की शाही लीची
- भागलपुर का कतरनी चावल
- मिथिला का मखाना
- भागलपुर का जर्दालु आम
- मगही पान
- पश्चिम चंपारण का मर्चा धान
- मिथिलांचल का सिक्की ग्रास हैंडिक्राफ्ट
- मुजफ्फरपुर की सुजनी कढ़ाई
- भागलपुर का सिल्क
- नालंदा का सिलाव खाजा
- भागलपुर की मंजूषा कला
- पिपली वर्क (एप्लिक)

## चाहिए सहयोग : युवा पीढ़ी संभालने लगी है सिल्क उद्योग की विरासत

### रेशम का नया दौर

सिल्क कारोबार में युवाओं के आगे आने से व्यवसाय बढ़ रहा है। पिछले दो सालों में 20 प्रतिशत से अधिक युवा इस व्यवसाय से जुड़े हैं। 2013 में स्थानीय सिल्क को जीआई टैग मिलने के बाद उत्पादों की विश्वसनीयता और नई पीढ़ी का रुझान इसके प्रति बढ़ा है। युवाओं की टीम स्कूल-कॉलेजों में सिल्क कपड़े तैयार करने का गुर सिखा रही है। इनमें कई युवा डिजाइन के मामले में काफी प्रतिभाशाली हैं।



**1** आशा से भरे युवा बुनकर बताते हैं कि यहां के बुनकर अब में पार्टीवियर साड़ियां, बगरू, हैंड ब्लॉक, पिचवर्ड, कलमकारी, मधुबनी, कट वर्क डिजाइनर साड़ियां भी तैयार कर रहे हैं। कुछ बुनकर ठंड को देखते हुए शॉल बनाने लगे हैं। इसके अलावा सिल्क के जूता-चप्पल, चूड़ी, बैग आदि भी तैयार होंगे। सिल्क को बढ़ावा देने के लिए पॉलिटेकनिक कॉलेज नाथनगर में एक केंद्र खोला गया है, इसमें सिल्क कपड़े से जुड़ी विभिन्न प्रकार की पढ़ाई हो रही है।

**2** सलमा सिल्क समिति के सचिव मुन्तकीम अंसारी बताते हैं कि आज के युवा कंप्यूटर में दक्ष हो गए हैं। वह नई तकनीक सीखते हैं और उसका उपयोग कपड़े तैयार करने में कर रहे हैं। इससे क्वालिटी एवं डिजाइन पहले से बेहतर हुई है। पहले की तुलना में अब नई डिजाइन की साड़ियों की मांग बढ़ गई है। अब यहां के युवा सिल्क के शॉल, चूड़ी, सैंडल आदि भी बनाने में जुटे हैं। युवा बुनकर सुभान बताते हैं कि डिजिटल प्रिंट, मार्बल प्रिंट, स्क्रीन प्रिंट आदि साड़ियों की मांग भी बढ़ी है।

**3** जिला उद्योग केंद्र, भागलपुर के पूर्व महाप्रबंधक संजय कुमार वर्मा बताते हैं कि इस व्यवसाय में युवाओं के आगे आने से काफी फायदा मिल रहा है। कंप्यूटर में दक्ष होने के कारण वह नई डिजाइन बना रहे हैं। वह बाहर से भी कपड़ों की नई डिजाइन सीखकर वापस आ रहे हैं, इसके अलावा बुनकर सेवा केंद्र की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां के डिजाइन स्टूडियो में एक लाख से अधिक कपड़े की नई डिजाइन है, जिससे बुनकरों को काफी फायदा मिल रहा है।

# रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। भागदौड़ बढ़ेगी। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**वृष :** आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। फिर भी मन प्रसन्न रहेगा। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परंतु संयत भी रहें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क :** संयत रहें। मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबारी कार्यों की शुरुआत हो सकती है।

**सिंह :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में सौम्यता रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। पिता का साथ मिलेगा। खर्च भी बढ़ेंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ में वृद्धि होगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बनेंगे।

**वृश्चिक :** वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। माता का सान्निध्य मिलेगा।

**धनु :** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। परंतु कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर :** मन अशांत रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की संभावना बन रही है। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ :** संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। कारोबार का विस्तार होगा। माता-पिता से धन मिल सकता है। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मीन :** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। वाहन सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

31 जनवरी, बुधवार, 11 माघ (सौर) शक संवत् 1945, 18 माघ मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 19 रज्जब सन् 1445, माघ कृष्ण पंचमी (विक्रमी संवत्) प्रातः 11.37 मिनट तक पश्चात षष्ठी, हस्त नक्षत्र रात्रि 01.08 मिनट तक तदनंतर चित्रा नक्षत्र, सुकर्मा योग प्रातः11.41 मिनट तक तदनंतर धृति योग, तैतिल करण, चंद्रमा कन्या राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण**। सूर्य दक्षिण गोल। शरद् ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया ये बताएं कि ड्रॉइंग रूम में फर्नीचर की व्यवस्था करते समय वास्तु के अनुसार किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। – कल्पेश, लखनऊ

- फर्नीचर या भारी शो-केस सदैव पश्चिम या दक्षिण दीवार की ओर रखें।
- फर्नीचर लकड़ी का ही हो। लोहे, स्टील और मॉड्यूलर फर्नीचर से बचें।
- फर्नीचर को प्रतिदिन या सप्ताह में एक बार अवश्य अच्छी तरह से साफ करें, उसके पायों के नीचे तक सफाई करें और यह विशेष ध्यान रखें कि फर्नीचर को खिसकाने से उसमें से कर्कश ध्वनि न हो।
- फर्नीचर गोलाकार आकृति में न होकर वर्गाकार या आयताकार होना चाहिए।

### वर्ग पहेली : 7499

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | | | ■ |
| 4 | | | | | | ■ | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | ■ | | ■ | |
| | ■ | 11 | | | | | ■ | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 12 | 13 | |
| 14 | | | 15 | ■ | 16 | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 17 | | | | | |
| ■ | 18 | | | ■ | | ■ | | ■ |

**बाएं से दाएं**
3. अंकशास्त्र; संख्याओं का शास्त्र; हिसाब (3)
4. जनता के जागरूक होने का भाव; जनसमुदाय में स्वहित की दृष्टि से उत्पन्न चेतना (2,4)
6. संदेशा भेजना; पुकारा जाना; कहलाया जाना (4)
8. कुबेर की एक निधि; घड़ियाल; बारह राशियों में से एक राशि (3)
11. खुशबूदार; महकने वाला; सुगंधित (5)
12. अस्थिर; चलायमान; चंचल; चपल; द्रव (3)
14. कमलापति; रमानरेश; लक्ष्मीकांत; लक्ष्मीनाथ; लक्ष्मीवल्लभ (4)
17. स्वीकार करना तथा भविष्य में उसे न दोहराने की प्रतीज्ञा करना; तौबा करना; दंड देना (2,4)
18. माल; वस्तु; सामग्री; असबाब; साधन (3)

**ऊपर से नीचे**
1. बिना थके; लगातार (4)
2. उठना; नींद त्यागना; सचेत होना (3)
3. गणना करने वाला; गणितज्ञ; लेखपाल (3)
5. लोप होने का समय; विनाश का समय (5)
7. अरमान; चाह; लालसा; हार्दिक कामना (4)
8. अस्वीकार करना; निषिद्ध करना; रोकना; वर्जित करना (2,3)
9. झूमते हुए चलना; हिंडोले पर पेंग मारना (4)
10. बेचैन; व्याकुल; मुरझाया हुआ (3)
13. घिसना; परिश्रम कराना; परेशान करना (4)
15. ढीलापन; थकावट; शैथिल्य; श्रांति (3)
16. जो बहुत दूर तक व्याप्त हो; चारों ओर फैला हुआ; छाया हुआ (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7498 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1अ | ■ | 2अ | ■ | 3नि | जी | 4क | र | ण |
| 5सु | ब | क | ना | ■ | ■ | त | ■ | ■ |
| र | ■ | ड़ | ■ | 6बं | द | र | गा | 7ह |
| नि | ■ | ना | ■ | द | ■ | ना | ■ | स्ता |
| 8कं | द | ■ | 9थ | र | ना | ■ | 10दे | क्ष |
| द | ■ | 11मा | ■ | ख | ■ | 12ब | ■ | र |
| 13न | क्का | र | खा | ना | ■ | ह | ■ | क |
| ■ | ■ | धा | ■ | ■ | 14न | क | सी | र |
| 15नु | क्क | ड़ | स | भा | ■ | ना | ■ | ना |

### सुडोकू : 7483

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 5 | | 9 | | 8 | |
| | 6 | | 3 | | 7 | | 4 | |
| | | 5 | 4 | | 8 | 2 | | |
| | | 1 | | | | 5 | | |
| 5 | | 7 | | | | 3 | | 9 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| | | 9 | 8 | | 1 | 7 | | |
| | 8 | | 7 | | 2 | | 5 | |
| | 1 | | 6 | | 5 | | 9 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7482

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 2 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 7 | 5 | 8 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 |

# देश में 718 हिम तेंदुए मिले, लद्दाख में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। देश के छह राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में 718 हिम तेंदुए होने की सूचना मिली है। लद्दाख में सबसे ज्यादा 477 हिम तेंदुए मौजूद हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने हिम तेंदुओं की स्थिति को लेकर मंगलवार को रिपोर्ट जारी की।

यह पहली बार है, जब भारत में हिम तेंदुए की आबादी का आकलन (एसपीएआई) कार्यक्रम चलाया गया। भारतीय वन्यजीव संस्थान हिम तेंदुए की आबादी का आकलन कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय समन्वयक है। इस सर्वेक्षण में सभी हिम तेंदुआ रेंज वाले राज्यों और दो संरक्षण भागीदारों नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन मैसूर और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया का भी सहयोग लिया गया। वहीं एसपीएआई ने व्यवस्थित रूप से देश में संभावित हिम तेंदुए की 70% से अधिक क्षेत्र को शामिल किया, जिसमें वन और वन्यजीव कर्मचारी, शोधकर्ताओं का योगदान शामिल था।



### छह राज्यों में कुल संख्या

| राज्य/यूटी | संख्या |
|---|---|
| लद्दाख | 477 |
| उत्तराखंड | 124 |
| हिमाचल प्रदेश | 51 |
| अरुणाचल प्रदेश | 36 |
| सिक्किम | 21 |
| जम्मू-कश्मीर | 9 |

**477** लद्दाख में, उत्तराखंड में 124 हिम तेंदुए मौजूद

**2019** और 2023 के बीच दो चरणों में हुआ सर्वेक्षण

### दो चरण में चला कार्यक्रम

इन राज्यों सहित ट्रांस-हिमालयी इलाके में लगभग 1,20000 किलोमीटर क्षेत्र को शामिल करते हुए एसपीएआई का कार्यक्रम 2019 से 2023 तक दो चरणों में चलाया गया। इसमें हिम तेंदुए के स्थानिक वितरण का मूल्यांकन करना, उनके निवास स्थान पर सहवास विश्लेषण करना और हिम तेंदुओं की राष्ट्रीय जनसंख्या मूल्यांकन के दिशानिर्देशों के अनुरूप आबादी का पता करना शामिल रहा।

# 'इंडिया' सामाजिक न्याय देगा: राहुल




पूर्णिया, वरीय संवाददाता। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मंगलवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश को सामाजिक और आर्थिक न्याय की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती देश में सामाजिक न्याय हो इसलिए ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर के मुद्दों को उछालती है। राहुल ने बिहार के सीएम पर तंज करते हुए कहा कि नीतीश दबाव पड़ते ही 'यू-टर्न' ले लेते हैं। हमें नीतीश की जरूरत नहीं। हमारा 'इंडिया' गठबंधन सामाजिक न्याय देगा।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 17वें दिन रंगभूमि मैदान में आयोजित जनसभा में राहुल ने कहा कि देश में हर समाज में कमजोर लोग हैं। सरकार में न ओबीसी, न दलित और न ही आदिवासी की भागीदारी है। देश के उद्योग, निजी शिक्षा, चिकित्सा समेत किसी भी क्षेत्र में दलित, ओबीसी व आदिवासी समुदाय को न्याय नहीं मिल रहा। जाति जनगणना की ओर इशारा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि हम इसके लिए पहले कदम के तौर पर हिन्दुस्तान का 'एक्स-रे' चाहते हैं। इसके बाद जरूरत पड़ी तो 'एमआरआई' भी करा सकते हैं।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत मंगलवार को पूर्णिया के सिकंदरपुर में किसान चौपाल में शिरकत करते राहुल गांधी। ● हिन्दुस्तान

### राहुल ने चुना त्याग का रास्ता : खड़गे

खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे खराब मौसम के कारण पूर्णिया में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं हो सके। वेब कास्टिंग के माध्यम से उन्होंने लोगों को संबोधित किया।

### राहुल बने किसान

न्याय यात्रा के दौरान पूर्णिया पहुंचे राहुल गांधी अलग रंग-रूप में दिखे। हरियाणा के खेतों में धान रोपनी करने वाले राहुल सीमांचल की जमीन की उर्वरा शक्ति को पहचानते हुए यहां आकर किसान बन गए। सफेद टी-शर्ट पहनने वाले राहुल ने माथे पर लाल रंग का गमछा भी बांध रखा था। खेत खलिहान के बीच खाट बिछाकर रोटी-भुजिया, प्याज और हरी मिर्च का लुत्फ भी उठाया।

## सड़क हादसे में पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह घायल, पत्नी की मौत

जयपुर। राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया। जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे मानवेंद्र सिंह की (एसयूवी) कार अनियंत्रित होकर नौगांव के पास पुल की दीवार से टकरा गई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को अलवर के निजी अस्पताल ले जाया गया। अलवर के सोलंकी अस्पताल में मानवेंद्र की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। मानवेन्द्र और उनके बेटे हमीर का इलाज चल रहा है।

## अपना बिजनेस

# आईएमएफ ने भारत का वृद्धि दर अनुमान बढ़ाया

**उत्साहजनक**

नई दिल्ली, एजेंसी। अंतरिम बजट से पहले आर्थिक मोर्चे पर देश की साख बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ाते हुए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान में वृद्धि की है। मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में आईएमएफ ने मौजूदा वित्त वर्ष में भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.7 फीसदी कर दिया है। पहले यह अनुमान 6.3 फीसदी का था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू स्तर पर बढ़ती मांग के मद्देनजर भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसके अलावा आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2025 और 2026 के लिए 6.5 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान दिया है। इसमें 0.2 फीसदी अंकों का बदलाव किया गया है। हालांकि, यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से काफी कम है। रिजर्व बैंक ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 7.4% की ग्रोथ का अनुमान दिया है।

**वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी तेजी आएगी :** वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी आईएमएफ ने अपने अनुमान को बेहतर किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 3.1% की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह 2023 की वृद्धि के बराबर है, लेकिन अक्टूबर के पिछले अनुमान 2.9 % से बेहतर है। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति 2024 में घटकर 5.8% और 2025 में 4.4%रहने का अनुमान है।

### अमेरिका-चीन से कहीं आगे रहेगा भारत

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि पूर्व में इसके 1.5 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गयी थी। अमेरिकी की आर्थिक वृद्धि दर 2023 में 2.5 प्रतिशत रही थी। वहीं, मुद्राकोष ने धीमी पड़ती चीनी अर्थव्यवस्था के लिए भी वृद्धि परिदृश्य में सुधार किया है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर इस साल 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो अक्टूबर में जताये गये अनुमान से अधिक है। लेकिन 2023 की 5.2 प्रतिशत वृद्धि से कम है।

## टोयोटा ने तीन मॉडल की आपूर्ति रोकी

नई दिल्ली, एजेंसी। वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने डीजल इंजन के प्रमाणन परीक्षण में 'अनियमितताएं' पाए जाने के बाद देश में अपने तीन मॉडल-इनोवा क्रिस्टा, फॉर्च्यूनर और हाइलक्स की आपूर्ति अस्थायी तौर पर रोक दी है।

टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन से संबद्ध कंपनी टोयोटा इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन ने कहा था कि डीजल इंजन वाले तीन मॉडल के हॉर्स पावर आउटपुट संबंधी परीक्षणों में अनियमितताएं पाई गई हैं, जो इंजन के पावर और टॉर्क से संबंधित हैं लेकिन हॉर्सपावर, टॉर्क या इंजन से संबंधित अन्य मामलों में बढ़ा-चढ़ाकर कोई दावा नहीं किया गया है।


**दिल्ली नगर निगम**
कर निर्धारण एवं समाहरण विभाग
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर
(14वां तल), जवाहरलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002
नं. टैक्स/एचक्यू/एमसीडी/2023-24/डी-4275 दिनांक: 30 जनवरी, 2024

**कार्यालय आदेश**

**विषय: दिल्ली नगर निगम के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत संपत्ति की जियो-टैगिंग-अंतिम तिथि का विस्तार-के संबंध में**

कार्यालय आदेश दिनांक 8.12.2023 के माध्यम से एएंडसी विभाग, एमसीडी द्वारा एमसीडी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 30 जनवरी, 2024 तक सभी संपत्तियों की जियो-टैगिंग के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे और संचार/सार्वजनिक सूचना/कैम्प आदि विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार किया गया था।

2. तथापि, विभाग के संज्ञान में आया है कि आईफोन (आईओएस वर्जन) उपयोग करने वाले बड़ी संख्या में करदाता कुछ तकनीकी खामियों या कुछ अन्य कारणों से नियत तिथि तक अपनी संपत्तियों की जियो-टैगिंग नहीं करा पाए हैं। इस परेशानी को प्राथमिकता से दूर किया जा रहा है और जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा।

3. तथापि, इस प्रकार की कठिनाई को देखते हुए करदाता द्वारा संपत्तियों की जियो-टैगिंग की **अंतिम तिथि 29 फरवरी, 2024** तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

4. यदि करदाता अपनी संपत्तियों की जियो-टैगिंग करने में असफल रहते हैं तो वे अगले वित्तीय वर्ष (2024-25) में 30 जून, 2024 तक कर के एकमुश्त भुगतान पर छूट का लाभ नहीं उठा सकते हैं।

5. सभी संपत्ति मालिक/अधिवासी जिन्होंने अब तक अपनी संपत्तियों का जियो-टैग नहीं किया है उनसे अनुरोध है कि वे **अंतिम तिथि अर्थात् 29 फरवरी, 2024 तक** अपनी संपत्ति की जियो-टैगिंग करा लें।

- हस्ता. -
(कुनाल कश्यप, आईआरएस)
कर-निर्धारक एवं समाहर्ता, एमसीडी

R.O. No.76/DPI/MCD/2023-24





## कृषि निवेश मंच को धन जुटाने से रोका

नई दिल्ली, एजेंसी। सेबी ने कृषि प्रौद्योगिकी मंच साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से धन जुटाने से रोक दिया है।

सेबी ने उन्हें अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित भी कर दिया है। साथ ही, उन्हें किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) को शुरू करने से बचने का निर्देश दिया गया है।

## मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो कल से

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। देश में ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़ी तकनीकों का भारत मोबिलिटी एक्सपो 2024 में प्रदर्शन किया जाएगा। ये आयोजन प्रगति मैदान के भारत मंडपम में एक से लेकर 3 फरवरी तक आयोजित होगा।

दो फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी भी इसे संबोधित कर सकते हैं। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इसके माध्यम से ऑटो क्षेत्र की ताकत को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा।

# विलय का सौदा तोड़ने के मामले में सोनी को नोटिस

**विवाद**

■ कम्पनी विधि अपील अधिकरण याचिका स्वीकारते हुए ने 12 मार्च तक जवाब मांगा

मुंबई, एजेंसी। राष्ट्रीय कम्पनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था।

एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयरधारक द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के नाम से जाना जाता था। शेयरधारक ने जील और सोनी दोनों से विलय को लागू करने का अनुरोध किया था क्योंकि अगस्त 2023 में एनसीएलटी द्वारा अनुमोदित किया गया था।





**HSIIDC**
**Announces e-Auction of GROUP HOUSING SITES**

| Sr. No. | Estate/ Sector/Phase | Size (in Sq. Mtrs) | Reserve price per sq. mtrs. (in Rs.) | EMD (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | IE Panipat, Sector-4 | 2000 | 14650 | 1465000 |
| 2 | IE Barhi, Sector-14, Ph-II | 4050 | 32200 | 6520500 |
| 3 | IMT Faridabad, Sector-69 | 2000 | 30150 | 3015000 |
| 4 | | 4000 | 30150 | 6030000 |
| 5 | IMT Sohna, Sector-19 | 5427 | 23660 | 6420141 |
| 6 | IMT Rohtak, Sector-30A, Ph-II | 4650 | 18850 | 4382625 |
| 7 | IMT Rohtak, Phase-I | 8525.46 | 18850 | 8035246 |
| 8 | | 10520.6 | 18850 | 9915666 |
| 9 | IMT Kharkhoda | 4050 | 40530 | 8207325 |
| 10 | | 2025 | 40530 | 4103663 |
| 11 | IMT Bawal, Sector-2, Ph-I | 2000 | 18270 | 1827000 |
| 12 | | 3301 | 18270 | 3015464 |

*Bid increment shall be @Rs.200 per Sq. Mtrs*

Registration and e-Auction Portal: https://hsiidc.bidx.in

Tentative Schedule : -

Registration start date: 30.01.2024

Closing of Registration/Deposit of EMD date: 22.02.2024 (upto 23:59 Hrs)

e-Auction date: 29.02.2024 (07:00 hrs. to 11:00 hrs.)

*For more details please refer the brochure available on website: **www.hsiidc.org.in** & auction portal **www.hsiidc.bidx.in***

Note: **(1)** All details including extension in schedule of e-auction, clarification, amendments, addenda, corrigenda etc. will be uploaded on the website of the HSIIDC and will not be published in newspapers. Hence, applicants are requested to regularly visit website of HSIIDC **(https://www.hsiidc.org.in)** to keep themselves updated about such developments.
**(2)** The Corporation may without assigning any reason withdraw any or all the sites from e-auction process at any stage and is not bound to accept even the highest bid or any or all bids even if they are above the reserve price. HSIIDC reserves the right to accept or reject any or all the bids or cancel/postpone the bidding process without assigning any reasons thereof.

*Scan to Download Brochure*

**Haryana State Industrial & Infrastructure Development Corporation Limited**

**Regd. Office:** C-13 & 14, Sector-6, Panchkula, **Ph.** 0172-2590481-83, **E-mail:** contactus@hsiidc.org.in, **Website:** hsiidc.org.in



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर-ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ0प्र0)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/तह0-वी0के/2127/2024 दिनांक : 29/01/2024

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है–

| क्रम सं0 | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सैक्टर-21, (ग्राम रबूपुरा, फिल्मसिटी, चंक-01) | | | | | | |
| 1. | 889 | 373 | 4.8240 | में से | 0.1350 | विक्रान्त पुत्र अशोक कुमार नि0 रबूपुरा |
| (ग्राम रबूपुरा, चंक-02) | | | | | | |
| 2. | 1170<br>1171 | 1084<br>1115 | 0.7890<br>0.5910 | में से | 0.0948<br>0.0591 | धर्मपाल व दिनेश पुत्रगण भवीचन्द व प्रेमवती पत्नी भवीचन्द नि0 रबूपुरा |
| 3. | 910 | 580 | 0.5030 | में से | 0.0838 | श्रीमती ओमवती भाटी पत्नी बैनी सिंह भाटी नि ग्राम रूस्तमपुर |
| 4. | 923<br><br><br><br>924 | 505<br>520<br>533<br>809<br>361म/3<br>355म/2<br>357 | 1.0580<br>0.7230<br>0.8090<br>1.0240<br>0.1700<br>0.1970<br>0.1520 | में से | 0.2116<br>0.1446<br>0.1618<br>0.2048<br>0.0170<br>0.0197<br>0.0152 | तंवर सिंह पुत्र रामचन्द्र नि0 रबूपुरा |
| (ग्राम रबूपुरा, चंक-03) | | | | | | |
| 5. | 0010 | 1021 | 0.4050 | में से | 0.0084 | मरमन देवी पत्नी नानक चन्द, शैलेश व अखिलेश पुत्र नानक चन्द नि0 रबूपुरा |
| 6. | 93<br>92 | 1019<br>1020 | 0.1550 | में से | 0.1550<br>0.1520 | इस्लाम व सलाम व अब्दुल कलाम पुत्रगण नूर मौहम्मद नि0 रबूपूरा |
| 7. | 946 | 1292<br>1293 | 0.7400<br>1.2720 | में से | 0.1833<br>0.4240 | जगदीश पुत्र देवीराम नि0 ग्राम रबूपुरा |
| 8. | 321<br>320 | 687<br>589 | 2.4410<br>0.7110 | में से | 0.1017<br>0.0296 | विजय पुत्र रमेशलाल नि0 रबूपुरा |
| 9. | 232 | 676मि | 0.8990 | में से | 0.02797 | अरश्फी पत्नी राजपाल निवासी रबूपुरा जेवर गौतमबुद्ध नगर |
| 10. | 455 | 1333म/1 | 0.3290 | में से | 0.1645 | नरेश कुमार पुत्र बालकिशन नि0 गाजियाबाद |
| सैक्टर-28, मेडिकल डिवाई सपार्क, डाटा सेन्टर पार्क, कॉमर्शियल व फ्यूचर यूज | | | | | | |
| 11. | 410 | 1369 | 1.4970 | में से | 0.1265 | नन्दपाल शर्मा पुत्र उदयराज नि0 ग्राम नगला श्रीगोपाल रबूपुरा |
| 12. | 70 | 2330 | 1.6720 | में से | 0.0836 | श्रीमती गौहर खान पत्नी मौज्जम खान नि0 तिरथली |
| 13. | 734 | 2305<br>2307 | 0.2910<br>0.2530 | में से | 0.2910<br>0.2530 | विमला देवी पत्नी महेशचन्द, बाला देवी पत्नी नरेशचन्द, पूनम देवी पत्नी चन्दूमल, व संगीता पत्नी मुकेश, व अरूण कुमार त्यागी पुत्र सलेख चन्द त्यागी व परवीन कुमार त्यागी पुत्र सलेख चन्द त्यागी |
| 14. | 887 | 2260 | 0.6510 | में से | 0.1628 | विनोद कुमार पुत्र रामरिछ पाल नि0 ग्राम रबूपुरा |
| सैक्टर-21, ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, कॉमर्शियल, ट्रान्सपोर्ट एरिया व ग्रीन एरिया | | | | | | |
| 15. | 455 | 352<br>285 | 0.3040<br>0.4930 | में से | 0.0506<br>0.0820 | धीरा पुत्र निहाल नि0 ग्राम रबूपुरा |
| 16. | 272 | 517 | 0.5900 | में से | 0.0491 | राज सिंह पुत्र मुरारीलाल नि0 13सी, पाकेट बी, मयूर विहार-03 दिल्ली |
| 17. | 1021<br>1023 | 318<br>313 | 0.1260<br>0.6320 | में से | 0.0105<br>0.0526 | संजादेवी पत्नी धीरा नि0 रबूपुरा |
| 18. | 1176 | 359म | 1.1910 | में से | 0.2530 | हरिओम पुत्र होम निधि नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 19. | 1176 | 359म | 1.1910 | में से | 0.9380 | श्रीमती सुधा पत्नी कन्छीलाल नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 20. | 724 | 355म/1<br>361म/2<br>362म/2 | 0.1970<br>0.1390<br>0.1450 | में से | 0.0656<br>0.0463<br>0.0483 | विजय भारती पत्नी रामआसरे एफ-74 से0 27 नोएडा |
| 21. | 1143 | 536म | 1.8460 | में से | 1.5088 | सोहनपाल पुत्र किशनलाल नि0 रबूपुरा |
| 22. | 1126 | 343 | 0.5300 | में से | 0.4457 | सुरेश व प्रदीप पुत्रगण किशना नि0 रबूपुरा |
| 23. | 117 | 333 | 0.2860 | में से | 0.0953 | लेखा पुत्र लीला नि0 रबूपुरा |
| 24. | 1023 | 313 | 0.6320 | में से | 0.0760 | सूरजपाल पुत्र श्यामलाल नि. रबूपुरा |
| 25. | 112 | 909(909/1/1.0250, 909/2/1.0250, 909/3/2.0500)<br>916(916/1/0.2030, 916/2/0.2030 | 4.1000<br>0.4060 916/1 का कुल क्षे0 0.2030 | में से<br>में से | 0.1280<br>0.0507 | गिरिश पुत्र पवन स्वरूप भाईपुर ब्रहमनान |
| 26. | 112 | 909(909/1/1.0250, 909/2/1.0250, 909/3/2.0500)<br>916(916/1/0.2030, 916/2/0.2030 | 4.1000<br>0.4060 916/1 का कुल क्षे0 0.2030 | में से<br>में से | 0.1280<br>0.0507 | किशन पुत्र पवन स्वरूप भाईपुर ब्रहमनान |
| 27. | 60 | 1109 | 0.8380 | में से | 0.1397 | सद्दीक पुत्र गुलशेर नि0 रबूपुरा |
| 28. | 60 | 1109 | 0.8380 | में से | 0.1397 | बाबू खॉ पुत्र गुलशेर नि0 रबूपुरा |
| 29. | 60 | 1109 | 0.8380 | में से | 0.1397 | आजाद पुत्र गुलशेर नि0 रबूपुरा |
| 30. | 60 | 1109 | 0.8380 | में से | 0.0975 | शब्बीर पुत्र गुलशेर नि0 रबूपुरा |
| 31. | 60 | 1109 | 0.8380 | में से | 0.1396 | फारूख व समीम व सफीक पुत्रगण मकसूद व असगरी पत्नी मकसूद नि0 रबूपुरा |
| 32. | 839 | 616 | 0.3760 | में से | 0.1200 | भूपेन्द्र सिह पुत्र नारायण सिंह म0न0 180 हरि एन्कलेव बुलन्दशहर |
| 33. | | 355म/1<br>361म/2<br>362/1 | 0.1970<br>0.1390<br>0.1450 | में से | 0.0656<br>0.0463<br>0.0483 | श्रीमती सुनीता गौतम पत्नी बाबूराम नि0 नोएडा |
| उटरावली | | | | | | |
| 34. | 248 | 533मि | 0.6960 | में से | 0.6960 | मदन पुत्र उदय सिंह नि0 ग्राम उटरावली |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय/सी0आर0 सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी**

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

### राहुल-जडेजा की चोट ने बढ़ाई मुश्किलें, केएल की गैर मौजूदगी में विशाखापत्तनम में श्रेयस उतर सकते हैं चौथे क्रम पर

# टीम इंडिया के लिए पहेली बना नंबर चार



भारत दौरे पर इंग्लैंड

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। रवींद्र जडेजा और राहुल की चोट ने टीम इंडिया की दुविधा बढ़ा दी है। कोहली पहले ही निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट बाहर हैं। ऐसे में अब शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में नंबर चार टीम के लिए पहेली बन गया है।

केएल ने पहले टेस्ट में चौथे क्रम पर पहली बार में अर्धशतक और दूसरी में 22 रन बनाए थे। राहुल के बाहर होने के बाद श्रेयस अय्यर इस नंबर पर सबसे बड़े दावेदार हैं। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया। जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है।

श्रेयस हालांकि हैदराबाद में 35 और 13 रन ही बना पाए थे। पहले टेस्ट में एक बार फिर शॉट गेंद की उनकी कमजोरी सामने आई थी। वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पा रहे हैं। शीर्ष चार में टीम को ऐसे बल्लेबाजों की जरूरत होती है जो बड़ी पारी खेलकर टीम के मजबूत स्कोर की नींव रख सके। अभी तक श्रेयस ने जो 22 पारियों में खेली हैं उनमें से एक में भी वह कभी नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। हालांकि वनडे में इस नंबर पर उन्होंने खूब रन बटोरे हैं।

**दो साल से अर्धशतक नहीं :** श्रेयस क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में पिछले दो साल से अर्धशतक नहीं जड़ पाए हैं। इस बीच 11 पारियों में नाबाद 29, 4,12, 0, 26, 31,6, 0, नाबाद 4, 35, 13 का स्कोर किया। उन्होंने पिछला अर्धशतक दिसंबर 2022 में मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ जड़ा था।



एक मुकाबले के दौरान श्रेयस अय्यर। अभी तक उन्होंने चौथे नंबर पर टेस्ट में बल्लेबाजी नहीं की है। ● फाइल फोटो

**04** हजार रन रजत प्रथम श्रेणी में 53.48 की औसत से बना चुके हैं

**12** शतक और 22 अर्धशतक इस बिग हिटर के बल्ले से निकले हैं

**03** हजार 912 रन 45 मैच में 69.85 की औसत से सरफराज खान ने बनाए

**14** शतक, 11 पचासे इस दौरान लगाए सरफराज ने



### हरफनमौला जडेजा की जगह कौन

हरफनमौला जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। चाइनामैन कुलदीप यादव का दावा मजबूत है। उन्होंने आठ मैच में पांच बार पांच विकेट चटकाए। सफेद गेंद से कलाई का यह स्पिनर टीम के लिए एक्स फैक्टर बना हुआ है। पर बल्लेबाजी उनकी कमजोर कड़ी है। जडेजा टेस्ट में गेंद के साथ बल्ले से भी दमदार प्रदर्शन करते हैं। उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार को टीम में शामिल किया गया है। वह घेरलू क्रिकेट में गेंद के साथ बल्ले से भी कहर बरपा रहे हैं। साथ वाशिंगटन सुंदर भी हैं। यह दोनों बाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं। सुंदर ने चार टेस्ट में छह विकेट चटकाने के साथ ही तीन अर्धशतक से 265 रन भी बनाए हैं।

### सरफराज-पाटीदार में से एक का 'टेस्ट 'देना तय

मुंबई की रन मशीन सरफराज खान और रजत पाटीदार में से एक टेस्ट में पदार्पण करना तय है। मध्य प्रदेश के 30 वर्षीय ऑलराउंडर पाटीदार का दावा सरफराज पर मजबूत है। उन्हें कोहली के विकल्प के तौर पर पहले टेस्ट से ही टीम में शामिल किया गया है। पहली बार टीम में शामिल किया गया है। टीम को बल्लेबाजी में गहराई की जरूरत है। यह दोनों ही घरेलू क्रिकेट में धमाल मचा रहे हैं। हालांकि इन दोनों को एक-साथ टीम में शामिल करने का मतलब टीम को पांचवें गेंदबाज को बाहर रखना होगा। यह आसान नहीं है।

### श्रेयस अय्यर का टेस्ट में प्रदर्शन


| क्रम | पारियां | 100/50 | सर्वोच्च | औसत | रन |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | 11 | 1/1 | 105 | 29.40 | 294 |
| 06 | 10 | 0/4 | 92 | 43.20 | 432 |
| 08 | 01 | 0/0 | 29* | ------- | 29 |

"अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है।
-अनिल कुंबले, भारत

"भारत एक ऐसी जगह है जहां आकर एक भी टेस्ट जीतना मुश्किल है। पांच मैचों की सीरीज की तो बात ही छोड़ दीजिए। जो भी टीम यहां आई है उसके लिए यह एक मिशन रहा है कि वह भारत को मात दे। हम इसे समझते हैं और इसका सम्मान करते हैं। यह हमारे लिए एक मौके की तरह है।
-बेन स्टोक्स, कप्तान इंग्लैंड

## खेल 30s

### दीप्ति टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर



दुबई। भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी हमवतन रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। मंगलवार को जारी रैंकिंग में दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। हरफनमौलाओं दीप्ति चौथे स्थान पर कायम हैं। बल्लेबाजों में स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा 3वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर हैं।

### स्पिनरों के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेंगे: ब्रेंडन

विशाखापत्तनम। टॉम हार्टले ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार स्पिन गेंदबाजी कर भारतीय बल्लेबाजों की मानसिकता को ठेस पहुंचाई है। इसके बाद इंग्लैंड दूसरे टेस्ट में सभी स्पिन गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। कोच ब्रेंडन मैकुलम अब दूसरे टेस्ट मैच की पिच को देखने का इंतजार कर रहे है। मैकुलम ने कहा कि अगर परिस्थितियां पूरी तरह से स्पिनरों की मुफीद हुई तो उनकी टीम गेंदबाजी विभाग में सभी स्पिनरों के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेगी। इस मैच में शोएब बशीर को पदार्पण का मौका मिल सकता है। मैकुलम ने कहा, अगर सीरीज के आगे बढ़ने पर विकेट उसी तरह से टर्न लेते रहे जैसा पहले टेस्ट में देखा था, तो हम सभी स्पिनरों के साथ खेलने से पीछे नहीं हटेंगे।

### मयंक बीमार, अस्पताल में भर्ती कराया गया

अगरतला। कर्नाटक के कप्तान और लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बीमार पड़ने के बाद स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा, वह खतरे में नहीं है। फिलहाल अगरतला के एक अस्पताल में निगरानी में हैं। डॉक्टरों से अपडेट मिलने के बाद हम उसे वापस बेंगलुरु ले जाएंगे। मयंक हालांकि राजकोट में सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मुकाबला नहीं खेलेंगे।

### एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे इस्तीफा दें : भूटिया



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने देश में फुटबॉल के प्रशासन में मौजूदा अव्यवस्था के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को उनके इस्तीफे की मांग की। शाजी प्रभाकरन को महासचिव के रूप में दूसरी बार बर्खास्त किया गया। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने प्रभाकरन को महासचिव पद से हटा दिया। जबकि इससे दो महीने से अधिक समय पहले सात नवंबर को 'विश्वास के उल्लंघन' के लिए आपात समिति ने ऐसा ही किया था। आठ दिसंबर को दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने प्रभाकरन की बर्खास्तगी पर रोक लगा दी थी।

### त्रीशा-गायत्री और अश्विनी-तनीषा में टक्कर

बैंकॉक। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवर को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को 16-21, 21-10, 21-18 से हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अगले दौर में उनका सामन हमवतन तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा से होगा। तनीषा-अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13 21-17 से हराया। समीर वर्मा और एस शंकर मुथुस्वामी मुख्य दौर में पहुंच गए।

### हॉकी : भारत ने कीनिया को 9-4 से मात दी

मस्कट। उत्तम सिंह (5वें, 25वें, 26वें मिनट) की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के पांचवें से आठवें स्थान के मैच में कीनिया को 9-4 से हराया। अन्य मैच मंजीत, पवन राजभर, मनदीप मोर,मोहम्मद राहील (दो) और गुरजोत सिंह ने किए। कीनिया के लिए मोसेस अडेम्बा और कप्तान इवान लुडियाली ने गोल किए। इससे पहले भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स के हाथों 4-7 से हार मिली। भारत टूर्नामेंट में अब बुधवार को पांचवें और छठे स्थान का मैच खेलेगा।

### निलंबित डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को चेतावनी

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने सरकारी मान्यता के संबंध में 'पूर्ण निराधार और हानिकारक' दावा करने पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि इस निकाय के द्वारा किसी भी टूर्नामेंट के आयोजन को अस्वीकृत माना जाएगा। संजय ने दावा किया था कि 700 पहलवान 29 से 31 जनवरी तक पुणे में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। मंत्रालय ने उन्हें लिखे पत्र में कहा, फिर सूचित किया जाता है कि डब्ल्यूएफआई की निलंबित कार्यकारी समिति के सदस्यों द्वारा आयोजित किसी भी चैंपियनशिप को अस्वीकृत माना जाएगा।

# मुशीर के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को धो डाला

अंडर-19 कप

ब्लोमफोंटेन (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी। मुशीर खान के दम पर भारतीय युवा ब्रिगेड ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स में मंगलवार को न्यूजीलैंड को 214 रन से धो डाला। मुशीर ने पहले ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेली फिर दो विकेट झटके।


भारत ने मुशीर (113) और आदर्श सिंह (52) की पारी से आठ विकेट पर 295 रन बनाए। उसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे (19/4) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से कीवियों को 28.1 ओवर में 81 पर समेट दिया।

**राज ने दिए झटके :** राज लिमबानी ने ओवर की पहली और पांचवीं गेंद पर क्रमशः टॉम जोंस (00) और स्नेहित रेड्डी (00) को आउट किया। इसके बाद पांडे ने लैकलेन स्टैकपोल (5) और जेम्स नेल्सन (10) को पवेलियन भेजा। इससे न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 22 रन हो गया।

जेम्स के अलावा कप्तान ऑस्कर जैकसन (19),जैक कमिंग (16) और एलेक्स (12) ही दहाई का आंकड़ा छू सके। रनों के लिहाज से यह न्यूजीलैंड की तीसरी सबसे बड़ी हार और तीसरा सबसे कम स्कोर है।

**मुशीर-आदर्श की साझेदारी :** भारत की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले अर्शिन कुलकर्णी (09) का विकेट टीम ने जल्दी गंवा दिया। मुशीर और आदर्श ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़कर पारी को संवारा। बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर मुशीर ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाई। उन्होंने विकेट के चारों तरफ शॉट लगाए और दौड़कर भी ढेरों रन बटोरे।

**उदय का भी मिला साथ :** आदर्श के आउट होने के बाद मुशी को कप्तान उदय सहारन (35) को साथ मिला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़कर भारत के बड़े स्कोर का मंच तैयार किया। उदय हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। क्लार्क ने चार विकेट चटकाए।



ब्लोमफोंटने में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय पारी खेलने के बाद जश्न मनाते मुशीर खान। ● एजेंसी

**214** रन से जीत दर्ज की भारतीय युवा ब्रिगेड ने सुपर सिक्स में

**12** विकेट सर्वाधिक सौम्य 1.98 की इकोनॉमी से चार मैचों चटका चुके हैं

**200** प्लस का स्कोर भारत ने लगातार तीसरे मैच में किया

### दो शतक लगा धवन के क्लब में मुशीर

सरफराज के छोटे भाई 18 वर्षीय मुशीर अंडर-19 विश्व कप में 20 साल में दो शतक जड़ने वाले पहले जबकि कुल दूसरे भारतीय हैं। वह दिग्गज शिखर धवन के क्लब में शामिल हो गए। धवन ने 2004 में तीन सैकड़े लगाए थे।

### टूर्नामेंट 300 रन बनाने वाले पहले

मुशीर मौजूदा टूर्नामेंट में 300 का आंकड़ा पार करने वाले पहले क्रिकेटर हैं। वह चार पारियों में 103 .17 की स्ट्राइक रेट और 81.25 की औसत से 325 रन बनाए हैं। सर्वाधिक 28 चौके और आठ छक्के भी उनके बल्ले से निकले हैं।

# जलपरी पलक ने कीर्तिमान के साथ स्वर्ण पदक कब्जाया

चेन्नई, एजेंसी। महाराष्ट्र की जलपरी पलक जोशी मंगलवार को खेलो इंडिया युवा खेलों में 200 मीटर बैकस्ट्रोक में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार कर तरणताल की रानी बनीं। हांगझोउ एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी पलक ने दो मिनट 18.59 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता।

यह उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड (2: 18.90 सेकंड) से कम था, जो उन्होंने पिछले साल जुलाई में हैदराबाद में राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप के दौरान कायम किया था। तेलंगाना की श्री नित्या सागी (2:25.83 सेकंड) ने रजत और कर्नाटक की नायशा (2: 25.83 सेकंड) ने कांसा जीता।

**कीर्तन का रिकॉर्ड :** तमिलनाडु की भारोत्तोलक आरपी कीर्तन (81 किग्रा) स्नैच और कुल भार में राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड के साथ चैंपियन बनीं। उन्होंने कुल 188 किग्रा वजन उठाया, जिसमें स्नैच में 85 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 103 किग्रा शामिल था। वह राज्य की साथी ओविया के (184 किग्रा) से आगे रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की संतुष्टि चौधरी ने कुल 162 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

# पैदल चाल में अक्षदीप सिंह ने अपना रिकॉर्ड सुधारा

एथलेटिक्स

चंडीगढ़, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को 20 किलो मीटर वर्ग में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड सुधारा। अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा।

**तीन ने पार किया ओलंपिक मार्क :** उत्तराखंड के सूरज पंवार (1:19.43 सेकंड) दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु के सर्विन सबेस्टियन (1:20.3 सेकंड) और पंजाब के अर्शप्रीत सिंह (1:20.4 सेकंड) चौथे स्थान पर रहे। इन तीनों ने भी पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड को पार किया।

**छह खिलाड़ी दौड़ में :** भारत के छह खिलाड़ियों ने इस स्पर्धा से पेरिस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी टिकट कटा चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक एवं फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। एथलेटिक्स महासंघ को तय करना है कि इनमें से कौन पेरिस जाएगा।

महिलाओं के वर्ग में पंजाब की मंजू रानी (1:33 मिनट) के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ चैंपियन बनीं। उत्तराखंड की पायल (1:22. 28 सेकंड) दूसरे और उत्तर प्रदेश की मुनिता (1:33.14 सेकंड) तीसरे स्थान पर रहीं।

### सोशल मीडिया से



वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल सरफराज खान को पहली बार भारतीय टीम में जगह मिलने से खासे खुश हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर आईपीएल के इस साथी के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी है। इसकी कैप्शन में उन्होंने लिखा, जाओ और लक्ष्य को हासिल करो। घरेलू क्रिकेट खासकर रणजी में पिछले दो-तीन साल से ढेरों रन बनाने के बावजूद मुंबई के इस बल्लेबाज की अनदेखी होती रही है।

डेविस कप | नियमित कप्तान रोहित निजी कारणों से टीम के साथ इस्लामाबाद नहीं आ पाए, भारतीय टेनिस कोच जीशान अब गैर खिलाड़ी कप्तान की भूमिका भी निभाएंगे

# पिता के 60 साल बाद बेटे पर टीम को जीत दिलाने का दारोमदार

इस्लामाबाद, एजेंसी। रोहित राजपाल के निजी कारणों से राष्ट्रीय डेविस कप टीम के साथ नहीं आने के कारण भारतीय टेनिस कोच जीशान अली गैर खिलाड़ी कप्तान की भूमिका निभाएंगे। इसे नियति कहें या संयोग। पिछली बार 1964 में पाक दौरे पर आई भारत की डेविस कप टीम में जशीन के पिता अख्तर अली अहम खिलाड़ी थे।

छह दशक बाद जब दोनों पड़ोसी देश फिर पाक की सरजमीं पर आमने-सामने होंगे और इस बार अख्तर के बेटे जीशान टीम की कमान संभालेंगे। जीशान को हालांकि अस्थाई तौर पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ यह ऐतिहासिक मुकाबला दो और तीन फरवरी को होगा। नियमित कप्तान रोहित घर में चिकित्सा समस्या के कारण इस्लामाबाद नहीं आ सकें। इसके बाद जीशान को कोच और कप्तान की दोहरी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) के सचिव अनिल धूपर ने मंगलवार को कहा, हमारे गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित निजी कारणों से टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाए। जीशान को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। हमें विश्वास है कि भारत उनकी कप्तानी में पाकिस्तान में ठोस प्रदर्शन करेगा। भारत को 2019 में भी पाक का दौरा करना था लेकिन दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव का हवाला देकर एआईटीए इस मुकाबले को कजाखस्तान में स्थानांतरित कराने में सफल रहा था।

**रामकुमार करेंगे अगुआई :** ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल और पिछले महीने मुकाबले से हटने वाले शशिकुमार मुकुंद की गैरमौजूदगी में दुनिया के 463वें नंबर के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन भारतीय दल की अगुआई करेंगे। उनके अलावा युकी भांबरी युगल में हैं। टीम में एन श्रीराम बालाजी, निकी पूनाचा, साकेत माइनेनी और दिग्विजय प्रताप सिंह को भी जगह मिली है।

**पाक का दारोमदार कुरैशी पर :** पाकिस्तान की चुनौती की अगुआई 43 साल के दो खिलाड़ी करेंगे। दुनिया के 127वें नंबर के युगल खिलाड़ी ऐसाम उल हक कुरैशी और अकील खान से टीम को काफी उम्मीदें हैं। टीम में दुनिया के 1679वें नंबर के खिलाड़ी मुजम्मिल मुर्तजा को भी जगह मिली है।



"मेरे पिता 1964 की उस टीम का हिस्सा थे। इसलिए 60 साल बाद टीम के साथ यहां आना वास्तव में मेरे और मेरे परिवार के लिए एक शानदार लम्हा है। मैं इसे लेकर उत्सुक हूं कि इस सप्ताह क्या होने वाला है। मुझे यकीन है कि लड़के शानदार प्रदर्शन करेंगे और हम यह मुकाबला जीतेंगे। यह बहुत बड़ा सम्मान है। -जशीन अली

### तब जीते थे चार मैच

तब अख्तर ने पांच में से तीन मैच खेले थे। उन्होंने पहला एकल मुकाबला जीतने के अलावा प्रेमजीत लाल के साथ मिलकर युगल मुकाबला जीता था। मुनव्वर इकबाल के खिलाफ उनका तीसरा मैच पूरा नहीं हो सका था और भारत ने 4-0 से जीत दर्ज की थी। अख्तर और प्रेमजीत दोनों का निधन हो चुका है।

### जरा हटकर

# डांस कर दबाव दूर करते हैं मेलबर्न के चैंपियन सिनेर




ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले इटली के पहले टेनिस खिलाड़ी सिनेर इन दिनों सातवें आसमान पर हैं। हालांकि उनके जीवन के कुछ अनछुए पहलू भी सामने आए हैं। वह हल्के-फुल्के अंदाज में कहते हैं कि मुझे दबाव के तूफान के दौरान डांस करना पसंद है। साढ़े तीन घंटे से ज्यादा वक्त तक चले मैराथन फाइनल को जीतने वाले सिनेर एक वक्त में इटली के सबसे होनहार स्कीइंग खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं लेकिन किशोरावस्था में उनका झुकाव टेनिस कोर्ट की ओर हो गया। सिनेर ने अपने सपने को पूरा करने के लिए 14 साल की उम्र में घर छोड़ दिया और सभी जरूरी काम की जिम्मेदारी खुद संभाल ली। सिनेर टेनिस की दुनिया में अपने मुकाम के लिए माता-पिता को श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हर किसी को मेरे समान माता-पिता मिलें क्योंकि वे हमेशा मुझे वही चुनने देते थे जो मैं चाहता था। जब मैं छोटा था तो मैंने कुछ अन्य खेल भी सीखे और उन्होंने कभी मुझ पर दबाव नहीं डाला। मैं चाहता हूं कि यह आजादी अधिक से अधिक छोटे बच्चों को मिल सके। वह अपनी सफलता के लिए माता-पिता को धन्यवाद भी देते हैं। सिनेर ने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम जीतन के बाद अपने एक युवा प्रशंसक के साथ अपनी फोटो भी शेयर की।

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।

संभावना

# दिमाग में लगने वाली चिप पांच साल में बाजार में आएगी

एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में चिप लगाकर दुनिया को चौंका दिया है। मस्क ने इस चिप का नाम टेलीपैथी रखा है। यदि अध्ययन में सब कुछ ठीक रहा, तो इसे बाजार में आने में पांच से 10 साल तक का समय लगेगा। जानिए मनुष्य पर किए जा रहे पहले परीक्षण के बारे में...



### पहले ऐसा कब हुआ?

न्यूरालिंक दशकों की प्रौद्योगिकी पर आधारित कंपनी है। इसका उद्देश्य संकेतों की व्याख्या करने और लकवा, मिर्गी और पार्किंसंस रोग जैसी स्थितियों का इलाज करने के लिए मानव मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड प्रत्यारोपित करना है। इलेक्ट्रॉड को पहली बार 2004 में मनुष्य में प्रदर्शित किया गया था। इस फील्ड में कई और कंपनियां भी आई हैं जैसे सिंक्रोन और प्रिसिजन न्यूरोसाइंस।

### इंसानी दिमाग में चिप कानूनी रूप से कितना सही

अलग-अलग जानवरों पर प्रत्यारोपण के परीक्षणों के बाद, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पिछले साल मई में मनुष्यों पर इसके परीक्षण की मंजूरी न्यूरालिंक को दी थी। फिजिशियन कमेटी फॉर रिस्पॉन्सिबल मेडिसिन जैसे समूहों ने जानवरों सर्जिकल कार्य के लिए कंपनी की भारी आलोचना भी की थी। उनका आरोप था न्यूरालिंक की कई सर्जरी विफल रही थी।

### न्यूरालिंक डिवाइस के बारे में क्या अलग है?

न्यूरालिंक डिवाइस में 1,000 से अधिक इलेक्ट्रोड होते हैं। यह अन्य प्रत्यारोपणों की तुलना में कहीं अधिक है। यह व्यक्तिगत न्यूरॉन्स को लक्षित करता है, जबकि कई अन्य उपकरण न्यूरॉन्स के समूहों से संकेतों को टारगेट करते हैं।

### परीक्षण का उद्देश्य

इस परीक्षण का उद्देश्य कंपनी को अपने डिवाइस के लिए सही डिजाइन तैयार करने में मदद करना है। पिछले साल, न्यूरालिंक ने कहा था कि वह इस साल 11 सर्जरी करेगा।

**11** सर्जरी इस साल करने की तैयारी

### कितना समय लगेगा?

आमतौर पर, इस प्रकार का अध्ययन 5-10 रोगियों पर किया जाता है और एक वर्ष तक चलता है। अगले चरण में इसका व्यवहारिक अध्ययन किया जाएगा। उसके अगले चरण में दवा के लिए एक और बार अध्ययन किया जाएगा। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो इसे बाजार में आने में पांच से 10 साल तक का समय लगेगा। मस्क का दावा है कि यह चिप लोगों को अपने दिमाग से कंप्यूटर को नियंत्रित करने में सक्षम बनाएगा।



## लाइव हिन्दुस्तान 30s

### पीटीआई की रैली में धमाका, चार की मौत

**क्वेटा।** बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा में मंगलवार को इमरान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की रैली में बम धमाका हुआ। घटना में चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हैं। पुलिस ने बताया कि पीटीआई की रैली के गुजरने वाले मार्ग पर बम एक मोटर साइकिल पर लगाया गया था। जिस समय रैली गुजर रही थी, अचानक से तेज धमाका हुआ।

### देश में कोरोना के 124 नए मामले आए

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के 124 नए मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 1,415 है। पिछले 24 घंटे की अवधि में संक्रमण से कोई मौत नहीं हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार सुबह 8 बजे अपडेट आंकड़े जारी किए। मंत्रालय के अनुसार, 5 दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक में आ गई थी।

www.livehindustan.com
टॉप ट्रेंडिंग खबरें
इन खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

एमक्यूबी 9बी ड्रोनों से निगरानी, मार्कोस कमांडो भी दे रहे साथ

# नौसेना ने पांच ऑपरेशन से अरब सागर में ताकत दिखाई

दबदबा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारतीय नौसेना मुस्तैदी से अरब सागर में वाणिज्यिक पोतों की आवाजाही पर पैनी निगाह रखे हुए है। इसके लिए 12 जंगी पोतों, 2 एमबी 9क्यूबी (सी गार्डियन) अत्याधुनिक ड्रोनों, करीब आधा दर्जन पी-8 निगरानी विमानों, एक दर्जन हेलीकॉप्टरों और मार्कोस कमांडोज की टुकड़ियों की मदद ली जा रही है।

अभी नए साल का एक महीना भी पूरा नहीं हुआ है और नौसेना ने पांच सफल ऑपरेशनों को अंजाम देकर अपनी बढ़ती ताकत का अहसास दुनिया को कराया है। दो विमानवाहक पोतों, अत्याधुनिक मिग-29 के लड़ाकू विमानों, एमक्यूबी-9 ड्रोन और देश में बने अत्याधुनिक जंगी पोतों ने वायुसेना की ताकत में इजाफा किया है।

वहीं पिछले ही साल देश में निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नौसेना को सौंपा गया है। सेना और वायुसेना के लिए भले ही अभी एमक्यू9बी ड्रोन खरीदे जा रहे हैं, लेकिन नौसेना को दो एमक्यू9बी ड्रोन के समुद्री संस्करण पहले ही मिल चुके हैं। नौसेना को अब उपग्रह के सीधे आंकड़ों, द्विपक्षीय समझौतों के तहत हिंद महासागरीय देशों के नौसेनाओं के आंकड़ों की मदद भी हासिल है।



मंगलवार को समुद्री लुटेरों से छुड़वाए चालक दल के सदस्य अधिकारियों के साथ।

### अदन की खाड़ी : पोतों के साथ हेलीकॉप्टर भी जुटे

इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद अरब सागर और लालसागर में वाणिज्यिक पोतों पर हुतियों के हमलों ने चिंता बढ़ाई है। भारतीय तट से करीब 850-900 समुद्री मील की दूरी पर नौसेना के 10-12 जंगी पोत हर समय गश्त कर रहे हैं। वहीं अफ्रीका, अरब सागर और लाल सागर के बीच सभी वाणिज्यिक पोतों की आवाजाही पर भारतीय नौसेना नजर रख रही है। नौसेना के सूत्रों ने कहा, इस समय अरब सागर का पोतों की आवाजाही वाला सारा रूट और अदन की खाड़ी का हिस्सा नौसेना की सतत निगरानी में है। इसमें जंगी पोतों के अलावा पी-8, ड्रोनियर विमानों और हेलीकॉप्टरों की निगरानी भी है।

# इमरान और कुरैशी को दस-दस साल की सजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और विदेशी मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय राजनयिक दस्तावेज लीक (सिफर) मामले में दस-दस साल की सजा सुनाई गई है। चुनाव से ठीक पहले सजा के इस ऐलान से चुनाव पर असर पड़ सकता है।

रावलपिंडी में विशेष अदालत ने मंगलवार को अदियाला जेल में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के प्रमुख और कुरैशी को सजा का ऐलान किया, जिस समय सजा सुनाई गई दोनों वहां मौजूद थे।

न्यायमूर्ति अबुल हसनत जुल्करैन ने ये फैसला दिया। हालांकि फैसला सुनाते समय इमरान के वकील मौजूद नहीं थे। पीटीआई ने सजा की पुष्टि करते हुए कहा कि यह एक झूठा मामला है, जिससे जानबूझकर जनता और मीडिया को दूर रखा गया है। हमारी कानूनी टीम इस फैसले को उच्च अदालत में चुनौती देगी।

### हमनें कोई रहस्य नहीं उजागर किया: नवाज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने कहा कि उन्हें सत्ता से तीन बार बेदखल किया, लेकिन उन्होंने ऐसा कोई रहस्य उजागर नहीं किया, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ती हो। उन्होंने ये टिप्पणी सिफर मामले में इमरान को सजा के बाद की। शरीफ ने हारूनाबाद में रैली में कहा, इमरान ने रहस्यों को उजागर कर देश पर हमला किया है।

# चीन के सैनिकों को चरवाहों ने खदेड़ा

वायरल वीडियो

**लद्दाख, एजेंसी।** भारत- चीन सीमा पर चीनी सैनिकों से भारतीय सेना के सैनिक नहीं बल्कि इस बार चरवाहे भिड़ गए हैं। एक वायरल वीडियो में दिख रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चुशूल इलाके में छह से आठ चीन के सैनिक अपने सैन्य वाहन से पहुंचे और उन्होंने चरवाहों के साथ उनकी भेड़ और बकरियों को खदेड़ना शुरू कर दिया।

सीमा पर निहत्थे भारतीय चरवाहे बहादुरी का परिचय देते हुए चीन के सैनिकों से भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच इस दौरान जोरदार बहस हुई। लद्दाख ऑटोनोमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल के विपक्ष के नेता त्सेरिंग नामग्याल ने ये वीडियो साझा किया है। घटना दो जनवरी की बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि छह मिनट 50 सेकंड के वायरल वीडियो में दिख रहा है कि सैन्य वाहन से आए चीन के सैनिक ताकतुल चोरोक घाटी में भेड़ों, बकरियों और चरवाहों को डराने के लिए सायरना बजा रहे थे। चीन के सैनिकों से बहस के दौरान चरवाहे कह रहे हैं कि ये भारत का क्षेत्र हैं। तुम लोग यहां से जाओ। हम यहां से नहीं जाएंगे। चरवाहों ने चीन के सैनिकों पर पत्थर भी फेंके।

**बुजुर्ग चरवाहे ने भी दिखाई हिम्मत:** चीन के सैनिकों से बहस के दौरान एक बुजुर्ग चरवाहा बहस करते दिख रहा है। चश्मा लगाए हुए बुजुर्ग हटने को मना कर रहा है। गड़ेरियों ने भी वीडियो बनाया है। इसमें उन्होंने चीन के सैनिक जिस वाहन से आए वो भी दिख रहा है।



### मुंह छिपाते रहे सैनिक

भारतीय चरवाहे जब चीन के सैनिकों से भिड़े तो चीन के कुछ सैनिक अपना मुंह छिपाते नजर आए। वहीं कुछ सैनिक वापस जाते दिख रहे हैं। आधुनिक सैन्य वाहन से लैस चीन के सैनिकों से चरवाहे बिल्कुल भी भयभीत नहीं हैं। वो लगातार बहस करते दिख रहे हैं।

## तस्करी में भारतीय मूल के दंपति दोषी

**लंदन, एजेंसी।** भारतीय मूल के दंपति को ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी मामले में दोषी ठहराया गया। उन्होंने इसे ब्रिटेन से विमान के जरिये भेजा था।

आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा पर आरोप है कि उन्होंने मई 2021 में 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन को ऑस्ट्रेलिया भेजा था। जिसे सिडनी हवाई अड्डे पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने बरामद किया था। उन्होंने कंपनी के नाम पर धातु के टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर कोकीन विमान से भेजी थी।

धीर और रायजादा ने ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने और धन शोधन के आरोपों से इनकार किया है। सोमवार को सुनवाई के बाद न्यायाधीशों की जूरी ने उन्हें निर्यात के 12 मामलों और धन शोधन के 18 मामलों में दोषी ठहराया।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के इंडियाना में रविवार को लापता हुए पर्ड्यू विश्वविद्यालय के छात्र नील आचार्य का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। पुलिस और विश्वविद्यालय ने उसकी मौत की पुष्टि की। हालांकि मौत हत्या है या प्राकृतिक इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

उसका शव संदिग्ध अवस्था में पर्ड्यू के परिसर में मौरिस जे. जुक्रो प्रयोगशाला के पास मिला था। जिसके बाद टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के अंतरिम प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने विभाग को भेजे एक ईमेल में कहा, बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि हमारे एक छात्र नील आचार्य का निधन हो गया है। कंप्यूटर विज्ञान विभाग उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। मैं उनके जाने से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उनके दोस्तों, परिवार और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

दो दिन में दो भारतीय छात्रों की मौत के मामले आए सामने : यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब यह खबर सुर्खियों में है कि अमेरिका में जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक बेघर नशेड़ी ने 25 वर्षीय भारतीय छात्र के सिर पर हथौड़े से वारकर उसकी हत्या कर दी।

# नर्स-चिकित्सकों के वेश में आतंकियों पर किया हमला

गाजा की जंग

**जेनिन, एजेंसी।** वेस्ट बैंक के जेनिन में इब्न सिना अस्पताल पर इजरायली सेना ने एक अहम ऑपरेशन को अंजाम दिया। यहां छिपे आतंकियों को ढेर करने के लिए सैनिकों ने बुर्का पहना, नर्सों-चिकित्सकों का वेश बनाया और हमले की योजना बना रहे आतंकियों को ढेर कर दिया।

इजरायली सेना और पुलिस ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि सैन्य कार्रवाई में हमास का आतंकी मोहम्मद जालमना और उसके दो सहयोगी मारे गए हैं। इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इत्मार बेन गविर ने कहा कि हमास के आतंकी कहीं भी छिपे हो हम उन्हें ढूंढ लेंगे। हमास ने सेना की इस कार्रवाई की निंदा की है। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि गाजा से कोई सैन्य वापसी या जेल में बंद हजारों आतंकवादियों की रिहाई नहीं होगी।

## बीएलए का पाक के शहर पर हमला

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान के माच शहर पर सोमवार देर रात प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) समूह के माजिद ब्रिगेड ने हमला किया।

जेल व अन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने दावा किया कि तीन हमलों को विफल कर दिया गया है। अलगाववादियों ने सबसे पहले माच जेल को निशाना बनाया। इस पर 15 रॉकेट दागे गए। ये हमले आसपास के पहाड़ी इलाके में छिपे बलूच लड़ाकों ने किए।

# महाभियोग के डर से सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मुइज्जू

**माले, एजेंसी।** मालदीव के दो विपक्षी दलों द्वारा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी से सरकार डर गई है। मुइज्जू सरकार ने संसद की प्रक्रिया में बदलाव के लिए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

मालदीव मीडिया के अनुसार, अटॉर्नी जनरल अहमद उशम ने मंगलवार को पुष्टि की है कि सुप्रीम कोर्ट में एक संवैधानिक मामला दायर किया गया है, लेकिन अभी तक इसे दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने इससे जुड़ी और जानकारी नहीं दी। एमडीपी के एक सांसद पहले ही पुष्टि कर चुके हैं कि मुइज्जू के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए उन्होंने पर्याप्त सदस्यों के हस्ताक्षर ले लिए हैं, लेकिन इसे अभी जमा नहीं कराया गया है।

मालदीव की संसद में बहुमत रखने वाली मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेटिक पार्टी ये प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। सरकार महाभियोग के नियमों में बदलाव के लिए अदालत पहुंच गई है।

**विपक्ष के पास महाभियोग के लिए बहुमत:** मुइज्जू के प्रशासन में शीर्ष पद संभालने के लिए तीन मंत्रियों को अनुमति देने को लेकर यह पूरा विवाद नवंबर में सात सांसदों के संसद से इस्तीफा देने के बाद शुरू हुआ था। बता दें कि विपक्ष के पास महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए बहुमत है।

### भारत और पीएम मोदी से माफी मांगें राष्ट्रपति : कासिम

मालदीव जम्हूरी पार्टी (जेपी) के नेता कासिम इब्राहिम ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से अपील की कि वह भारत के लोगों और पीएम मोदी से माफी मांगे। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी देश के संबंध में खासकर पड़ोसी देशों के विषय में ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए, जो रिश्तों को प्रभावित करती है। कहा कि वह दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने पर जोर दें।



**SAMSUNG**

# Galaxy S24 Series

## Galaxy AI is here



## Own AI-powered Galaxy smartphones

| Galaxy S24 | Galaxy S24+ | Galaxy S24 Ultra |
|---|---|---|
| ₹ **3334**/month* | ₹ **4167**/month^ | ₹ **5417**/month~ |

**Zero down payment | 24 months no cost EMI#**

Samsung Upgrade | HDFC BANK | BAJAJ FINSERV | Samsung Finance+™

**samsung.com**

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 1800 5 7267864 for information on e-waste/plastic pick up.

Image simulated for representational purpose, actual may vary. S Pen embedded only in Galaxy S24 Ultra. Products sold separately. Samsung account login is required for certain AI features. T&C apply. *EMI computed on zero down payment, 24 months no cost EMI on the price of ₹ 79999 for 1 Unit of Galaxy S24 8GB | 256GB. ^EMI computed on zero down payment, 24 months no cost EMI on the price of ₹ 99999 for 1 Unit of Galaxy S24+ 12GB | 256GB. ~EMI computed on zero down payment, 24 months no cost EMI on the price of ₹ 129999 for 1 Unit of Galaxy S24 Ultra 12GB | 256GB. Final price at sole discretion of dealer. #Eligibility for EMI at the sole discretion of the financiers including those listed on Samsung Finance+ (Financier T&C applies). Samsung disclaims any liabilities with the same. Offers may be revised or withdrawn without prior notice. All third party logos/brands are trademarks/registered trademarks of the respective brand/company.

Scan and experience Galaxy AI

Or WhatsApp "Hi" to 9870 494949 to buy at Samsung Exclusive Store